राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

03 राजद ने हमेशा सत्ता को अवैध...

इजरायल की जीत का रास्ता राफा से ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 326 | पटना, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 30°C
न्यूनतम तापमान 21°C

**बाजार**

सोना 73,920

चांदी 82,600

सेंसेक्स 74,683

निफ्टी 22,642

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति आज करेंगी दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर बुधवार को नई दिल्ली के द्वारका में स्थित यशोभूमि कन्वेंशनल सेंटर में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का आयोजन आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त शीर्ष अनुसंधान संगठन, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन का विषय अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ानाः एक होम्योपैथिक संगोष्ठी होगा। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय के सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना और होम्योपैथी में पद्म पुरस्कार विजेता इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर द्वारा घोषित संपत्तियों की होगी जांच

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मंगलवार को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को केंद्रीय मंत्री और तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर द्वारा प्रस्तुत हलफनामे में घोषित संपत्तियों की जांच का निर्देश दिया। यह कार्रवाई कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद की गई। इसमें चंद्रशेखर द्वारा दायर हलफनामे में वास्तविक और घोषित संपत्ति में बेमेल होने का आरोप लगाया गया है। कानून के मुताबिक, नामांकन पत्र या हलफनामे में कोई भी जानकारी छुपाने पर छह महीने तक की कैद या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

### तमिलनाडु के तिरुपुर में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के तिरुपुर में मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। कुछ घायल भी हुए हैं। जिस कार में ये लोग सवार थे, उसकी बस से टक्कर हो गई। इसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे में घायल हुए लोगों को गंभीर अवस्था में तिरुपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों और घायलों को कार से बाहर निकालने के लिए पुलिस को क्षतिग्रस्त कार को तोड़ना पड़ा।

### मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड कैटेगरी की वीआईपी की सुरक्षा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने संभावित खतरों के मद्देनजर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार की गयी खतरा संबंधी धारणा रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गयी है। यह कदम सात चरणों में होने जा रहे आम चुनाव की तैयारियों के बीच उठाया गया है। आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा। सूत्रों ने बताया कि सशस्त्र कमांडो देश में यात्रा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ रहेंगे। कुमार 1984 बैच के सेवानिवृत आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 15 मई, 2022 को 25 वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला था। उन्हें एक सितंबर, 2020 को निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था।

**रोहतास जिले के कछवां थानाक्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव की घटना**

# रोहतास में अगलगी की घटना में सात लोग जिंदा जले, मचा कोहराम

- विद्युत ट्रांसफार्मर के चिंगारी से झोपड़ी में लगी आग
- मृतक में तीन बच्चे व तीन महिलाएं शामिल
- राहत बचाव कार्य में जुटी पुलिस प्रशासन की टीम

प्रात : किरण

पटना। रोहतास जिले में एक झोपड़ीनुमा घर में आग लगने से घर में मौजूद सात सदस्यों की झुलसकर मौत हो गई है। घटना मंगलवार दोपहर सासाराम के कछवा ओपी के इब्राहिमपुर की है जहां एक टीन वाले करकट के मकान में एक परिवार के लोग खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान बगल के ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकली तथा घर में आग फैल गई। जिससे छह लोगों की मौत मौके पर हो गई, जबकि एक बच्ची ने अस्पताल में दम तोड़ा। घायलों में देवराज चौधरी की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी व शामा चौधरी की 45 वर्षीय पत्नी राजू देवी शामिल हैं। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया है। मृतकों में भोजपुर जिला के जगदीशपुर थाना के बड़हरा टोला निवासी देवराज चौधरी की पत्नी 30 वर्षीय पुष्पा देवी, उनके छह वर्षीय पुत्र बजरंगी कुमार, पुत्री चार वर्षीय काजल कुमारी व एक साल की बच्ची गुड़िया, तरारी थाना क्षेत्र के भोजपुर के रामनगर निवासी श्यामा चौधरी की छह वर्षीय पुत्री कांति कुमारी, वीशावदर थाना, जूनागढ़ गुजरात के लेभद्रा निवासी दीपक चौधरी की 25 वर्षीय पत्नी माया देवी शामिल हैं। इस घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई है। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ियों के जरिए आग पर काबू पाया गया। पुलिस-प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य में जुट गई है। इस मामले में कच्छवां के थानेदार ने बताया कि घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक देव चौधरी तथा श्याम चौधरी जो आपस में रिश्तेदार है। दोनों घर के सभी लोग दोपहर के समय में अपने-अपने घरों में सो रहे थे। तभी झोपड़ीनुमा घर में ट्रांसफार्मर के चिंगारी से आग लग गई। पहले स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन आग की भयावहता काफी ज्यादा थी। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पाकर दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तबतक 6 लोग काल के गाल में समा चुके थे। घटना से गांव में चीख पुकार मची हुई है। एसडीएम व कछवा थाने के थानाध्यक्ष सहित सीओ भी मौके पर पहुंचे हुए हैं। राहत कार्य जारी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार की मौत

सीवान। बिहार में सीवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र में मंगलवार को आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मुरियारी टोला गांव निवासी त्रिभुवन राजभर की पत्नी सुनिति देवी और उसके भाई गोविंद राजभर की पत्नी नीतू देवी खेत में काम कर रही थी। इस दौरान सुनिति देवी के दो बच्चे दिलबहार और खुशी कुमारी खेलते हुये रेलवे ट्रैक पर आ गये। इस बीच बरौनी से अमृतसर जा रही आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रैक पर आ गयी। बच्चों को बचाने लिये सुनिति देवी और नीतू देवी रेलवे ट्रैक पर गयी। आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आने से सभी चार लोगों की मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया है।

**प्रधानमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित, कांग्रेस पर बोला हमला**

# राम मंदिर के निर्माण से इंडी गठबंधन को नफरत : मोदी

**कांग्रेस व सपा के राज में गन्ना किसानों को पैसे के लिए तरसाया जाता था**

प्रात : किरण

पीलीभीत/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पीलीभीत से भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद के समर्थन में राजकीय इंटर कालेज में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत के विरासत की परवाह नहीं है। राम मंदिर के निर्माण से इंडी गठबंधन को पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। भाजपा के स्व. कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए सत्ता त्यागी, जबकि इंडी गठबंधन ने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराकर अपमान किया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी याने गारंटी पूरा होने की गारंटी। इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। जिस शक्ति की आज देशभर में पूजा हो रही है उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। शक्ति को कोई उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम लोग विकसित भारत के संकल्प को लेकर काम कर रहे हैं। भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। जनता से सवालिया लहजे में मोदी ने पूछा दुनिया में भारत तेजी से बढ़ती आर्थिक ताकत बना तो आपको गर्व हुआ कि नहीं? हमारे चन्द्रयान ने जब चाँद पर तिरंगा फहराया, भारत में हुए भव्य जी–20 सम्मेलन की पूरी दुनिया में वाहवाही हुई आपको गर्व हुआ कि नहीं? नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोरोना संकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाईयां भेजी व वैक्सीन भेजी। दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया हो। हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित वापस लाये। देश जब मजबूत होता है तो दुनिया उसकी सुनती है। अब आप बताओ दुनिया में भारत का डंका बज रहा है कि नहीं। यह सब मोदी ने नहीं आपके एक वोट ने किया है। यह आपके वोट की ताकत है। आपके एक वोट से मजबूत निर्णायक व सशक्त सरकार बनी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब नियत सही होती है, हौंसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी सही मिलते हैं। चारों तरफ विकसित भारत का निर्माण होते हम देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांसुरी की सुरीली आवाज है तो दूसरी ओर टाइगर की दहाड़ भी है। यहां के नौजवानों के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बन रहे हैं। पीलीभीत का पूरा क्षेत्र खेती किसानी के लिए जाना जाता है। 10 वर्ष पहले तक किसानों की क्या स्थिति थी। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। किसानों को लाठियां खानी पड़ती थी। मोदी ने कहा पीलीभीत में आशीर्वाद देने आए परिवारजनों को आश्वस्त करता हूं कि आपके जीवन को आसान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। मेरे जीवन का हर पल, हर क्षण जनसेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है।

### ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर भारत : सीएम योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। भारत बदल रहा है। बदलते भारत में सुरक्षा व समृद्धि भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई सोचता था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन पायेगा। यह संभव हो पाया है प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण। विकसित भारत की संकल्पना को लेकर मोदी जी आपके बीच आये हैं। 2014 में 2019 में देश के मतदाताओं ने मोदी के नेतृत्व पर विश्वास किया और आज बदलते हुए भारत को सब देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पीलीभीत से भाजपा सांसद वरूण गांधी का टिकट काटकर उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है।

# 365 दिन भी आएंगे तो इनकी हार तय है : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को दावा किया कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घबराया हुआ है और यही कारण है कि राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सघन प्रचार करना पड़ रहा है। यादव ने यह टिप्पणी तब की, जब पत्रकारों ने कहा कि औरंगाबाद लोकसभा सीट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बुधवार को रैली होने वाली है तथा प्रधानमंत्री मोदी 16 अप्रैल को गया में एक चुनावी सभा को संबोधित करने वाले हैं। प्रधानमंत्री 15 दिनों के भीतर 16 अप्रैल को तीसरी बार बिहार पहुंच रहे हैं। वहीं अमित शाह 10 अप्रैल को औरंगाबाद आ रहे हैं। अमित शाह और प्रधानमंत्री के ताबड़तोड़ दौरों पर तेजस्वी ने कहा कि चुनाव में तो सभी लोग आते ही रहते हैं, आने दीजिए। इसमें कौन सी बड़ी बात है। जो हालात हैं, प्रधानमंत्री अगर साल के 365 दिन भी आएंगे तो इन लोगों की हार तय है। प्रधानमंत्री और बीजेपी के लोग सबसे अधिक अगर किसी चीज से डरे हुए हैं तो वह बिहार से डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग तो यहां अपनी पूरी ताकत लगाएंगे। ये लोग तो इतना डर गए हैं कि अपनी जांच एजेंसियों को भी यहीं रखे हुए हैं। यह सारी बातें हमलोगों को पता है। प्रधानमंत्री हों या गृहमंत्री हों, आएं लेकिन उनसे हाथ जोड़कर निवेदन है कि मुद्दे की बात करें। किसानों की बात करें, बिहार के विशेष राज्य के दर्जे की बात करें। बिहार के स्पेशल पैकेज के बारे में लोगों को बताएं। नौकरी के बारे में बात करें और बताएं कि बिहार से पलायन कैसे रोकेंगे, इसकी भी बात करें। तेजस्वी ने कहा कि चुनाव के समय ये लोग तो आते हैं और वादा करके चले जाते हैं। पिछले चुनावों में उन्होंने कितने कारखाने लगाने का वादा किया था लेकिन 10 साल में क्या एक भी कारखाना खुला?

### मनोज पांडा 16वें वित्त आयोग के सदस्य हुए नियुक्त

नई दिल्ली। सरकार ने अर्थशास्त्री मनोज पांडा को 16वें वित्त आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता वाले 16वें वित्त आयोग में चार सदस्य हैं। पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू आयोग के पूर्णकालिक सदस्य हैं, जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य हैं। अधिसूचना के अनुसार, सदस्य कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से रिपोर्ट जमा करने तक या 31 अक्टूबर 2025 तक (जो भी पहले हो) पद पर बने रहेंगे। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष द्वारा आयोग में शामिल होने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद पांडा की नियुक्ति की गई। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है, जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है।

# चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता : शाह

प्रात : किरण



लखीमपुर/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि जनता कभी नहीं भूल सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में चीन के हमले के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश को बाय-बाय कह दिया था। असम के लखीमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार ने बांग्लादेश से लगती सीमा को सुरक्षित किया और घुसपैठ पर रोक लगाई। शाह ने कहा, चीन द्वारा 1962 में किए गए हमले के दौरान नेहरू ने कहा था बाय-बाय असम और अरुणाचल प्रदेश। इन राज्यों की जनता कभी इसे भूल नहीं सकती। लेकिन अब, चीन हमारी जमीन पर एक इंच भी कब्जा नहीं कर सकता। यहां तक डोकलाम में भी हमने उन्हें पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा कि असम की बांग्लादेश से लगती सीमा घुसपैठ के लिए खुली थी। गृहमंत्री ने कहा, तब केंद्र में मोदी सरकार और यहां हिमंत विश्व शर्मा की सरकार आई। अब हम कह सकते हैं कि घुसपैठ रूक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने राज्य के साथ अन्याय किया और बड़ी संख्या में युवा अलग-अलग हिंसक आंदोलनों और उग्रवाद संबंधी घटनाओं में मारे गए। शाह ने कहा, मोदी सरकार के 10 साल के शासन में शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और 9000 युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने रेखांकित किया कि सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम राज्य के 80 प्रतिशत इलाकों से हटा लिया गया है। शाह ने कहा, उन्होंने (असम) संधि की लेकिन शर्तों को लागू नहीं किया। हमने बोडो संधि पर हस्ताक्षर किए और दो साल के भीतर सभी शर्तें पूरी कर दी गईं।

# पार्टी नेताओं के बयानों पर चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष को जारी किया नोटिस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके नेताओं के बयानों को लेकर नोटिस जारी किया है। आयोग का कहना है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की ओर से बार-बार महिला गरिमा और सम्मान के उल्लंघन के मामले सामने आ रहे हैं। चुनाव आयोग ने अपने नोटिस में इन नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। कांग्रेस अध्यक्ष से कहा गया है कि अनुपालन से जुड़ी जानकारी 12 अप्रैल तक आयोग से साझा की जाए। आयोग का कहना है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आयोग द्वारा आपके स्तर पर पार्टी के संज्ञान में लाने के बावजूद कांग्रेस के प्रचारक अभी भी ऐसी बातें कह रहे हैं जो महिलाओं के सम्मान और गरिमा के प्रतिकूल हैं। आयोग का नोटिस कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के हेमा मालिनी पर की गई हालिया टिप्पणी के संदर्भ में है। इसमें कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के भी मामले का जिक्र है। आयोग का कहना है कि सुरजेवाला से जवाब तलब किया जा रहा है। इसी बीच आयोग ने इस बात को भी गंभीरता से लिया है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बार-बार इस तरह का उल्लंघन कर रहे हैं।

# नैनीतालः खाई में गिरा वाहन, आठ की मौत

प्रात : किरण

नैनीताल/एजेंसी। नैनीताल के बेतालघाट के पास सोमवार देर रात एक वाहन 150 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन में 10 लोग सवार थे। बेतालघाट क्षेत्र के मल्लागांव से नेपाली मूल के मजदूरों को टनकपुर ले जा रही बोलेरो जीप गहरी खाई में गिर गई। हादसे में चालक सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार रात करीब 12 बजे तक सभी आठ शव बरामद कर लिया। देर रात ग्रामीणों ने जब गाड़ी गिरने की आवाज सुनी, तो वे मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना एसडीआरएफ के जवानों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सभी लोगों को खाई से बाहर निकाला। इनमें से आठ की मौत हो गई थी और दो गंभीर रूप से घायल थे। इनको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे नेपाल के करीब दस मजदूर बेतालघाट ब्लाक मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित ऊंचाकोट से बोलेरो जीप बुक कराकर टनकपुर के लिए रवाना हुए थे। मल्लागांव के पास पहुंचने पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वह गहरी खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही एंबुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटना के शिकार चालक के अतिरिक्त सभी लोग महेन्द्रनगर, नेपाल के निवासी थे। बेतालघाट एसओ अनीस अहमद ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ।

# चुनाव लड़ने वाले को हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की।शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा। पीठ ने कहा कि किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का पूर्ण अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो। गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ ने पिछले साल श्री क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पलट कर दिया।श्री क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार श्री क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि श्री क्रि ने अपने चुनाव नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में गलत घोषणाएँ की थीं।

**घोषणा** लोकसभा चुनाव : राजद ने सीवान छोड़कर 22 उम्मीदवारों के नामो का किया ऐलान

# वैशाली से मुन्ना शुक्ला तो शिवहर से रितु जायसवाल के नाम पर लगी मुहर

**पाटलिपुत्रा से मीसा भारती व सारण से रोहिणी आचार्या का नाम भी सूची में शामिल**

प्रात : किरण

पटना। राजद ने अपने कोटे के 23 में से 22 उम्मीदवारों की सूची बुधवार को जारी कर दिया है। पार्टी के केंद्रीय और राज्य संसदीय बोर्ड ने प्रत्याशियों का चयन किया। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने इन उम्मीदवारों के नाम पर अपनी स्वीकृति दी। एकमात्र सीवान सीट पर अभी राजद ने उम्मीदवार के नाम पर फैसला नहीं हुआ है। राजद ने पाटलिपुत्रा से मीसा भारती तो सारण से रोहिणी आचार्या को चुनावी मैदान में उतारा है। पहले चरण की सभी चार सीटों पर राजद के उम्मीदवार है। औरगांबाद से अभय कुशवाहा, गया सुरक्षित से कुमार सर्वजीत, नवादा से श्रवण कुशवाहा व जमुई से अर्चना रविदास राजद के उम्मीदवार हैं। इन सभी उम्मीदवारों का नाम सूची में है। पूर्णियां से बीमा भारती तो मुंगेर से अनिता देवी महतो लालटेन के सिंबल पर मैदान में हैं। सूची में उनका भी नाम शामिल है। बांका से जय प्रकाश यादव, दरभंगा से ललित यादव, बक्सर से सुधाकर सिंह, सुपौल से चंद्रहास चौपाल को राजद ने उम्मीदवार बनाया है। वैशाली से विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला ने बाजी मारी है। सूची में उनका भी नाम शामिल है। शिवहर से रितु जायसवाल तो बाल्मीकिनगर से दीपक यादव के नाम पर भी मुहर लग गई है। इन दोनों का नाम भी लिस्ट में शामिल है। सीतामढ़ी से अर्जून राय तो मधुबनी से अली अशरफ फातमी चुनावी मैदान में ताल ठाकेंगे। पार्टी द्वारा जारी सूची में इनका भी नाम शामिल है। हाजीपुर सुरक्षित सीट से शिवचंद्र राम को उम्मीदवार बनाया गया है। जहानाबाद से सुरेन्द्र यादव को पार्टी ने फिर मौका दिया है। वहीं, दरभंगा से ललित यादव तो उजियारपुर से आलोक कुमार मेहता चुनाव मैदान में उतरेंगे। अररिया से शाहनवाज आलम तो मधेपुरा से कुमार चंद्रदीप को राजद सुप्रीमो ने मैदान में उतारा है। सीवान सीट पर अभी पेंच फंसा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाने की पुलिस ने मंगलवार को गुलमहिया चक से 5 लीटर देशी शराब के साथ गुप्त सूचना कार्रवाई करते हुए तस्कर गणेश पासवान को जेल भेज दिया।

### दियारा के फुटानी बाजार के हरिजनटोली में आग लगने से पांच घर जलकर राख



दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार की सुबह गंगहरा पंचायत के फुटानी बाजार स्थित हरिजनटोली में सुबह सात बजे सीपाही राम के घर में खाना बनाने के दौरान आग लगने से अनिल राम, सुनील राम, मिठु राम, करिमन राम सहीत पांच लोगों की घर जलकर खाक हो गई वही स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास से आग बुझाने में लोग सफल रहे वहीं लोगों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी अगलगी पीड़ित के बीच आग बुझाने के बाद पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने गुस्सा एवं नाराजगी जताई और ग्रामीणों ने कहा कि समय पर दमकल की गाड़ी पहुंच जाती तो पीड़ित परिवार को भारी नुकसान से बचाया जा सकता था। सीपाही राम सहीत पांच लोगों का खाने पीने का समाग्री गेहूं, चावल, दाल, आलू, बर्तन और सभी परिवार के कपड़े जल गई। वही स्थानीय समाजसेवी शम्भू गोप ने प्रदेश भाजपा नेता भाई सनोज यादव को सूचना मिलने के उपरांत अकिलपुर थाना व अंचलाधिकारी से बात कर उचित मुआवजा राशि देने का आग्रह किया गया।

### सीएम के आदेश का नहीं हो रहा अनुपालन : तेजस्वी

पटना। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है। कहा है कि सरकार में बैठे शीर्ष कर्णधारों की प्रशासनिक निष्क्रियता, कार्य के प्रति अरुचि, सार्वजनिक संवाद की अनिच्छा, अज्ञात विचित्र वजह तथा अनजाने व अस्पष्ट कारणों से शीर्ष नौकरशाही द्वारा निरंतर सीएम के आदेशों की अवहेलना के कारण विगत 4 महीनों से स्कूल टाइमिंग व पर्व, त्यौहार की छुट्टियों में आंशिक बदलाव के एक छोटे से आदेश का भी अनुपालन नहीं हो पा रहा है। कितना शर्मनाक व दुःखद है कि उट द्वारा सदन में सर्वदलीय विधायकों को व्यक्तव्य तथा भरोसा देने के बावजूद भी स्कूल टाइमिंग को लेकर उनके अधिकारी उनकी ही सुन नहीं रहे है। सोचिए सीएम की ही अधिकारी नहीं सुन रहे तो आम आदमी और विधायकों की क्या सुनवाई होती होगी ? शिक्षा विभाग महीनों से इसी में उलझा है। आप कल्पना करिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षा सुधार इत्यादि आदेशों पर क्या कार्यान्वयन होता होगा ? ऐसी तमाम बड़ी-बड़ी बाधाओं, प्रशासनिक अड़चनों के बावजूद अपना आपा मार कर हमने प्रतिदिन सीएम दफ़्तर में बैठ-बैठकर, फॉलोअप ले-लेकर दो महीनों में शिक्षा विभाग में ही 2 लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्तियां करवाई क्योंकि वह मेरा वादा और कमिटमेंट था। होली के बाद अब ईद और रामनवमी की छुट्टियों को लेकर सरकार कुछ कह रही है, शिक्षा विभाग कुछ और कह रहा है।

### कामाख्या एवं आनंद विहार के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि

हाजीपुर। कामाख्या और आनंद विहार के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 02525/02526 कामाख्या-आनंद विहार-कामाख्या स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में 13 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के बाद गाड़ी सं. 02525 कामाख्या-आनंद विहार स्पेशल अब 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी । इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 02526 आनंद विहार-कामाख्या स्पेशल 30 जून तक प्रत्येक रविवार को परिचालित की जायेगी ।

### गुरु अमर दास जी के गुरता गद्दी दिवस पर विशेष दीवान

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिखों के तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास जी महाराज की गुरुता गद्दी दिवस पर दरबार साहिब में विशेष दीवान सजा। इसके पूर्व दो दिनों से चल रहे अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद विशेष दीवान सजा, जिसमें कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह और ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कथा कही। रागी जत्था में भाई कविंद्र सिंह और भाई जोगिंदर सिंह ने कीर्तन किया। चौकी बिलावल में शबद कीर्तन भाई नविंदर सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई विक्रम सिंह, भाई हरभजन सिंह एवं भाई अरविंद सिंह निर्गुण ने शबद कीर्तन पेश किया। दीवान की समाप्ति के बाद जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने विशेष अरदास किया। इस दौरान गुरु का लंगर विशेष रूप से चला।

# शव के साथ अशोक राजपथ को किया जाम, दुकान कराया बंद

## जेपी सेतु पर फोर व्हीलर ने बाइक में मारी थी टक्कर, दो की मौत





पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के जंगली प्रसाद लेन और बेगमपुर कन्या मंदिर के पास के रहने वाले एक युवक और युवती की मौत मरीन ड्राइव पुल पर हो रविवार की रात हो गई थी। दरअसल कार ने बाइक सवार इन दोनों युवक-युवतियों को धक्का मार दिया था, जिसमें दोनों की मौत हो गई। दाह-संस्कार के लिए सोमवार को अपराह्न शव को ले जाने के दौरान लोगों ने अशोक राजपथ को चौक के श्री सत्यनारायण जी मंदिर के पास शव को रोड पर रखकर जाम कर दिया। इस दौरान आक्रोशित परिजन, महिलाएं और पुरुष वहां मौजूद थे। उन सबों का आरोप था कि पास के ही होटल के मालिक के पुत्र की गाड़ी से धक्का मारा गया है। कार पर दो लोग सवार था। दोनों नशे में थे। दोनों गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मोटरसाइकिल के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है, जबकि कार की भी वही स्थिति बताई गई है। रात में घटना के बाद पीरबहोर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों वाहन को जब्त कर ली है। साथ ही दोनों को पीएमसीएच भेजा गया। यहां दोनों की मौत की पुष्टि डॉक्टर के द्वारा किए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसमें 24 साल का शिव मालाकार पिता जितेंद्र मालाकार है, जो चौकशिकारपुर नालापर के जंगली प्रसाद लेन का रहने वाला है। वह विभिन्न अवसरों पर फूल डेकोरेशन का काम किया करता था। वह भाई में इकलौता था, जबकि उसकी दो बहन है। चचेरा भाई कृष्णा कुमार एवं मां सीता देवी ने बताया कि पीएमसीएच में कोई भर्ती था। उसी को देखने के लिए बेगमपुरा के कन्या मंदिर के पास की रहने वाली प्रेरणा पंडित के साथ शिव गया था। वहां से लौटने के क्रम में रात करीब नौ से 9.30 के बीच कार सवार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना के बाद शिव मालाकार वाहन से फेंका गया, मगर इसके बाद दोबारा से उस पर गाड़ी चढ़ाते हुए उसकी जान ली गई। सभी लोग खासा आक्रोशित थे। इस दौरान भगवती लक्ष्मी मार्केट और उसके पीछे के मार्केट से लेकर आसपास की दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिर गए। लोगों ने दुकान बंद कराने का भी काम किया। मौके पर चौक थाना, खाजेकलां थाना, बाइपास थाना की पुलिस पहुंची। लोगों को खासा समझाया-बुझाया गया। इस दौरान रामजी योगेश और अंजू देवी ने भी पीड़ित परिवार को समझाया और उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन पुलिस प्रशासन की ओर से दिया। तब कहीं जाकर लोग माने। हालांकि लोगों का कहना था कि मृतका प्रेरणा पंडित का शव भी यहां पहुंच रहा है। हालांकि उसके शव को आने के पहले ही लोग शिव मालाकार के शव को संस्कार के लिए खाजेकलां घाट ले गए। वहीं अचानक से दुकानों के शटर गिर जाने से भी बाहर से समान खरीदारी करने के लिए पहुंचे व्यापारियों में भी अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। जिन लोगों ने सामान खरीद रखा था, उनका सामान साथ में जा नहीं पाया। ठेला और वैन वालों ने भी अपनी गाड़ी घटनास्थल पर से हटा लिया था। इस संबंध में पटना सिटी डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि कल रात मरीन ड्राइव पर पीएमसीएच से करीब एक किलोमीटर पूरब मरीन ड्राइव पर बाइक और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई थी। इस घटना में बाइक सवार एक युवक और दूसरे युवती की मौत हो गई है। दोनों चौक थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। इसी घटना के बाद शव को संस्कार के लिए ले जाने के दौरान लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। यह कहे जाने पर कि लोगों का आरोप है कि जाम स्थल के पास स्थित एक होटल के मालिक के पुत्र ने ही घटना को अंजाम दिया है, इस पर डीएसपी-2 का कहना था कि उन्होंने पीरबहोर थाना की पुलिस से बात की है। मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। जो भी बातें सामने आएंगी, उस अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**फंसे रहे स्कूली वाहनः** अशोक राजपथ पर जाम के कारण स्कूलों की छुट्टी हो चुकी थी। इस कारण से दोनों और स्कूली वाहनों भी जाम में फंसे रहे हालांकि वहां से उतर कर खलासी लोगों से आग्रह किया कि स्कूल की बस है और बच्चे सवार हैं, ऐसे में क्या उन सबों को आगे जाने देंगे। इस पर सड़क जाम किए लोगों ने स्पष्ट रूप से इनकार किया। हालांकि बस चालक और खलासी के द्वारा संबंधित स्कूल प्रशासन को सूचना दी गई, जिसके बाद छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को फोन कर बताया गया। अनेक अभिभावक अपने बच्चों को आकर ले गए। हालांकि बाद में पहुंची पुलिस ने उन फंसे स्कूली बसों को निकलवाने का काम किया।

### होटल में प्रवेश कर तोड़फोड़ पर थे उतारू, पुलिस ने रोका

पटना सिटी। चौक थाना क्षेत्र के जंगली प्रसाद लेन के रहने वाले शिव मालाकार के शव के साथ लोगों ने अशोक राजपथ को चौक पर जाम कर दिया था। इस दौरान आक्रोशित करीब 50 की संख्या में युवाओं ने भगवती लक्ष्मी मार्केट और जनता होटल के प्रवेश द्वार के बंद ग्रिल को तोड़कर अंदर घुसने की असफल प्रयास कर रहे थे।

यहां मौजूद पुलिस पदाधिकारी और बल उन सबों को समझाने में और वापस सड़क पर जाने की अपील करते देखा व सुना गया। मगर वह सब मानने को तैयार नहीं थे। उन सबों का कहना था कि अक्सर यह सब शराब के नशे में धुत होकर गाड़ी चलाता है और अनेक बार लोगों को धक्का मारने का काम किया है।

पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी आक्रोशित थीं और वह सभी हाथ में डंडा, लकड़ी का फट्टा लेकर उस ओर जा रही थीं। मगर पुलिस भी चट्टान की तरह खड़ी होकर लोगों को ग्रिल के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। इस तरीके से एक बड़ा हादसा होने से भी टल गया। मौके पर चौक थाना के थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा, खाजेकलां थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना, बाइपास थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा, अनेक पुलिस पदाधिकारी और बल इस दौरान मौजूद रहे। शव के संस्कार के लिए जाने के बाद भी पुलिस बल यहां तैनात दिखी।

# शिक्षा विभाग द्वारा जे.एन.एल. कॉलेज का किया गया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



दानापुर ,खगौल नगर के अंतर्गत मंगलवार को शिक्षा परिषद पटना के अधिकारी द्वारा जे.एन. एल. कॉलेज का निरीक्षण किया गया। उच्चतर शिक्षा परिषद, पटना के शैक्षणिक सलाहकार प्रणव कांति ने कॉलेज के निरीक्षण के क्रम में कॉलेज के पठन-पाठन, वर्ग-संचालन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, एन एस एस एवं एन सी सी कक्षों, हेल्थ केयर सेंटर, कार्यालयों, साफ सफाई, शैक्षणिक स्थिति, अद्यतन वित्तीय स्थिति आधारभूत संरचना आदि का सम्यक निरीक्षण करते हुए कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो.मधु प्रभा सिंह को कॉलेज के बेहतरी के लिए आवश्यक सुझाव दिया प्राचार्य ने कॉलेज में आवश्यकतानुरूप वर्ग कक्ष, प्रयोगशाला, सभागार आदि की कमी की बात बताई। कॉलेज के सभी शिक्षकों ने अपने -अपने विभाग का वार्षिक कार्यक्रम रिपोर्ट एवं कक्षा प्रतिवेदन निरीक्षक के दरम्यान दिखाया, जिससे प्रणव कांति अत्यंत संतुष्ट हुए और इसे एक अच्छी पहल बताई।

# एक महिला से 3 लाख रुपए की हुई लूट

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत खगौल में आपराधिक घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही है वहीं अपराधियों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार को खगौल डीआरएम कार्यालय स्थित कैनरा बैंक से पैसा निकालकर आ रही वृद्ध महिला के साथ दिन दहाड़े एक बाइक पर दो सवार अपराधियों ने महिला से मारपीट कर सरेआम बीच सड़क पर 3 लाख रुपये लूट लिया। इस संबंध में नगमा के रहनेवाले सादिकपुर पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय सहेश्वर प्रसाद की पत्नी संजू देवी ने खगौल थाना में लिखित आवेदन देते हुए कहा है कि 25 अप्रैल को उनकी पुत्री प्रज्ञा भारती की शादी है। विवाह की तैयारी के लिए सोमवार को वह खगौल के डीआरएम ऑफिस स्थित केनरा बैंक से दोपहर के 12 बजे 3 लाख रुपये निकालकर अपने भाई विनोद कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर नगमा की ओर जा रही थी, तभी दानापुर स्टेशन के नजदीक नेऊरा नौबतपुर टेंपो स्टैंड के पास पीछे से आ रहे हैं एक अपाचे मोटरसाइकिल पर दो सवार बदमाशों ने जबरन संजू देवी के हाथ से रुपया भरा बैग छीनना चाहा इसी क्रम में संजू देवी मोटरसाइकिल से नीचे गिर गई और उसका विरोध करने लगी। विनोद कुमार उन बदमाशों लड़ते हुए चिल्लाने लगा।

# स्कूल बस में लगी आग, धू-धू कर जली बस, आगे का हिस्सा जला

## सवार छात्रों को बचाया, अग्निशमन की गाड़ी ने बुझाया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अगमकुआं थाना क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल की बस छात्रों को लेकर स्कूल से घर पहुंचने जा रही थी। अचानक से जीरो माइल से धनुकी मोड़ की ओर जाने के दौरान बस में आग लग गई। इसके बाद अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। चालक ने तुरंत बस को रोका और खुद उतरा। इसके बाद चालक और खलासी ने मिलकर जल्दी-जल्दी बस पर सवार छात्रों को बस से उतरने का काम किया। इस काम में स्थानीय लोगों ने भी मदद की। बस पर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक छात्र सवार थे। उन सबों को सुरक्षित उतार लिया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जीरो माइल यातायात थाना के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि विद्यालय प्रशासन की ओर से बस में सवार स्कूली छात्रों को दूसरी बस मंगा कर उन्हें उनके घर के लिए भेजा गया है, ताकि छात्रों और अभिभावकों को कोई परेशानी न हो। बताया जाता है कि बस के बोनट के पास से धुआं निकलते देख कर चालक व खलासी ने बस को रोक दिया। इसके बाद छात्रों को सुरक्षित उतारने के साथ ही खुद भी उतर गए। पटना सिटी फायर स्टेशन के फायर ऑफिसर दयानंद सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद आग पर काबू पाने के लिए दो बड़ी बड़ी और एक छोटी मिक्सड टेक्नोलॉजी की यूनिट को भेज दिया गया था। आग पूरी तरह से बुझा दिया गया है। आग लगने के कारण बस के आगे का हिस्सा जल गया है।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

पटना सिटी। आलमगंज थाना की पुलिस को सूचना मिली कि लंगरू अखाड़ा चौराहा के पास हथियार के साथ एक व्यक्ति खड़ा है। इसके बाद पुलिस बल उक्त स्थान पर पहुंची। पुलिस को देखते ही वह व्यक्ति भागने लगा, मगर उसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। जब उसके शरीर की तलाशी ली गई, तो पकड़े गए व्यक्ति के पास से एक देसी कट्टा पाया गया। इस संबंध में आलमगंज थाना में कांड संख्या 302/24 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति आलमगंज थाना क्षेत्र के श्री कृष्ण प्राणामी मंदिर के पास माखनपुर ईदगाह रोड का रहने वाला सुनील राम पिता स्व सुरेश राम है। उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। इसी थाना क्षेत्र के तहत तुलसी मंडी बांसवाड़ी के पास से एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। इस संबंध में भी आलमगंज थाना में कांड 301/24 दर्ज किया गया है। पुलिस ने मीना बाजार डोमखाना के रहने वाले करण कुमार पिता महावीर प्रसाद सहनी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 600 एमएल देसी महुआ शराब बरामद किया गया है।

# कलश स्थापन व मां शैलपुत्री की पूजा के साथ चैत्र नवरात्र का अनुष्ठान शुरू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चैत्र नवरात्र को लेकर शक्तिपीठ स्थल, विभिन्न देवी मंदिरों और घरों में भी लोगों ने कलश स्थापना कर भगवती दुर्गा देवी और उनके विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना शुरू की। पहले दिन विधि विधान के साथ कलश का स्थापना किया गया। श्री गौरी गणेश की पूजा के बाद नवग्रह, षोडसोपचार, कलश स्थापना का अनुष्ठान किया गया। शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर में महंत विजय शंकर गिरी, विकास गिरी, श्री छोटी पटनदेवी मंदिर में आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, गड़हा पटनदेवी मंदिर में बबलू पांडेय, सर्वमंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर में जयप्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील पुजारी, छोटू पुजारी, पंकज पुजारी, मंगल तालाब दीरापर स्थित काली मंदिर में पंडित शशिकांत मिश्रा, खाजेकलां नीम घाट स्थित प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा की देखरेख में कलश स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई। आज ही के दिन भगवती दुर्गा देवी के प्रथम स्वरूप श्री शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा प्यारेलाल के बाद स्थित श्री शीतला माता मंदिर, शेरशाह रोड के गुड़ की मंडी स्थित पीतांबरा देवी मंदिर, बेगमपुर स्थित श्री जल्लावाले हनुमान मंदिर, श्री काले हनुमान मंदिर के अलावा विभिन्न भगवती और हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। अनेक हनुमान मंदिरों में आज से श्री रामचरित मानस का पाठ और बजरंग बाण का पाठ भी लोगों के द्वारा शुरू किया गया। वहीं दूसरी ओर विभिन्न पूजा समितियां के द्वारा जहां चैत्र नवरात्र में भगवती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है, ऐसी जगह पर भी गायघाट, हाजीगंज, अदरक घाट आदि जगहों पर भी कलश स्थापना का अनुष्ठान पूरा किया गया।

# 42 टीबी मरीजों के बीच हुआ फूड बास्केट का वितरण

पटना। आज मंगलवार को इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के पीआमआर विभाग में 322ए लायंस इंटरनेशनल द्वारा गोद लिए गए 42 टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया. इस अवसर पर डॉ. समरेंद्र सिंह, एचओडी, न्यूरोसर्जरी विभाग ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई. टीबी चैंपियंस द्वारा गोद लिए गए मरीजों के बीच फूड बास्केट वितरित किया गया. इस अवसर पर माइक्रोबिलॉजिक हेड डॉ राकेश कुमार, राज्य टीबी कोषांग से डॉ ऋषि कपूर, डॉ स्नेह निधि एवं बुशरा अजीम की उपस्थिति रही. ज्ञात हो कि पिछले वर्ष 22 दिसंबर को विजय चौधरी, तत्कालीन वित्त मंत्री, बिहार सरकार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लायंस इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322 ए द्वारा 210 टीबी मरीजों को गोद लिया गया था.इस अवसर पर डॉ. समरेंद्र सिंह ने कहा कि टीबी मरीजों को गोद लेकर लायंस इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322 ए ने समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है. उन्होंने कहा कि कोई भी सक्षम व्यक्ति अथवा संस्था उपचाराधीन टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी पोषण का ध्यान रख सकता है. सभी को इसमें नेक कार्य में अपनी सहभागिता करनी चाहिए.

टीबी मुक्त वाहिनी के राज्य सचिव, सुधेश्वर सिंह ने कहा कि पोषणयुक्त भोजन टीबी मरीजों को इलाज मे अहम भूमिका निभाता हैँ और हम लोगो बिहार के बड़े बड़े प्रतिष्ठानों, क्लबो और सम्पन लोगो से लगातार सम्पर्क मे हैँ ताकि ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीजों को निश्चय मित्र बन कर गोद ले और टीबी मुक्त समाज बनाने मे अपना समर्थन प्रदान करे।

# पर्वों पर होगी मजिस्ट्रेट, पुलिस पदा व बल की तैनाती, घाट पर भी नजर

## अनुमंडलीय पुलिस प्रशासन ने शांति समिति सदस्यों व जनता से विधि व्यवस्था में मांगा सहयोग

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता



अनुमंडल क्षेत्र के गुलजारबाग स्टेडियम के सभागार में विभिन्न पर्वों ईद, चैती छठ, नवरात्र और रामनवमी को लेकर शांति समिति एवं पूजा समिति की बैठक सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीओ गुजंन सिंह ने की। इस दौरान एएसपी शरथ आरएस एवं डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने भी अपनी बातों को रखा। पुलिस प्रशासन के अनुमंडलीय कप्तान ने कहा कि पर्वों के दौरान विभिन्न संवेदनशील स्थान, चौक-चौराहों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नगर निगम को साफ सफाई, चूना व ब्लीचिंग के छिड़काव करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही चैती छठ को लेकर भी पटना सिटी अनुमंडल के प्रमुख गंगा नदी के घाटों की साफ सफाई, बैरिकेडिंग, चाली का निर्माण कराने से लेकर पर्याप्त रोशनी और सफाई का निर्देश दिया गया है। निकलने वाले शोभायात्रा में किसी भी कीमत पर डीजे नहीं बजेगा। खानकाओं व मस्जिदों के पास सफाई कराए जाने और पीने के पानी के टैंकर भी लगाए जाने को कहा गया है। बिजली विभाग को अबाधित रूप से बिजली और जल पर्षद को पानी की आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया है। उपस्थित शांति समिति सदस्यों को कहा गया कि ईद के मौके पर विधि-व्यवस्थता को चस्त-दुरुस्त रखने में सहयोग करेंगे। सभी मस्जिद के चौक-चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहेगी। जहां नमाज अदा की जाएगी, वहां के आसपास सभी जगहों पर नगर निगम द्वारा सफाई एवं चूना छिड़काव का काम कराया जाएगा। ईद के एक दिन पूर्व चांद की रात देर रात्रि तक महिलाओं द्वारा खरीदारी के लिए आवागमन एवं अस्थाई दुकान में भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस एवं चोर उच्चकों की धर पकड़ के लिए महिला आरक्षी की विशेष व्यवस्था रहेगी। चैती छठ को लेकर सभी घाटों की बैरेकेडिंग, सफाई, लाइटिंग, चेंजिंग रूम, अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। इस बीच आने-जाने घाट के लिंक सड़क के गड्ढे को मरम्मत किया जाएगा। छठ को लेकर सभी घाटों पर महिला एवं पुरुष बल की तैनाती रहेगी। एसडीआरएफ एवं गोताखोर सभी घाटों पर मुस्तैद रहेंगे। रामनवमी पर्व में सभी मंदिरों में पूजा पाठ के दौरान पुलिस बल तैनात रहेगी तथा वहां पर डीजे बॉक्स बजाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। केवल धीमी गति से भक्ति गीत बजाने की छूट होगी। मूर्ति स्थापना एवं शोभायात्रा निकालने वाले आयोजकों को लाइसेंस लेना होगा। मूर्ति विसर्जन 18 और 19 अप्रैल तक हर हालत में कर देना होगा बैठक में शांति समिति के सदस्यों में पार्षद बैजू लाल दास, गणेश कुमार, बसी अख्तर, संजय मालाकार, चुन्नू चंद्रवंशी, रामजी योगेश, मनोज शर्मा, शाहिद अंसारी, अंजू सिंह, मुन्ना सरकार, मो नेयाज, राजेश गुप्ता, हेदायत अहमद, फिरोज हसन, मिथलेश शर्मा, अशोक केसरी, प्रभात बहादुर माथुर उपस्थित रहे।

# उच्च विद्यालय की मांग व नामांकन को ले छात्र-छात्राओं ने किया एनएच जाम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अगमकुआं थाना क्षेत्र के पटना-मसौढ़ी रोड मोड़ के पास राजकीय मध्य विद्यालय पहाड़ी के छात्र-छात्राओं ने एनएच-30 को जाम कर दिया। बाद में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का भी साथ उन सबों को मिला। छात्र-छात्राओं का कहना था कि इस वार्ड 56 में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है, जहां छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए नामांकन ले सकें। इसी बात को लेकर उन सबों ने सड़क जाम किया है। वह सब जब गुलजारबाग स्थित राजकीय उच्च विद्यालय, जो महावीर घाट मोड़ के पास स्थित है, वहां जाने पर एडमिशन लेने से इनकार कर दिया गया। इन सबों की मांग थी कि इस मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में बदला जाए। एनएच 30 जाम किए जाने की सूचना पाकर अगमकुआं, बाइपास और यातायात थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस पदाधिकारीगण छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके गार्जियन को भी समझाने का खासा प्रयास किया। मगर वह सब मानने को तैयार नहीं थे। वह सब इतने आक्रोशी थे कि सड़क पर टायर जलाकर आवागमन को पूरी तरह से बाधित कर दिया था। इस बीच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुमकुम पाठक, विद्यालय के प्रधानाध्यापक डीके पाठक, वार्ड 56 की पार्षद किस्मतिया देवी और उनके प्रतिनिधि बलराम मंडल भी वहां पहुंचे। इन सबों ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त किया कि सरकार के नियमानुसार वार्ड में उच्च विद्यालय नहीं रहने की स्थिति में निकटतम विद्यालय में नामांकन करने की दिशा में वे सब कार्य करेंगे। फिलहाल लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। ऐसे में कोई भी निर्णय या घोषणा किया जाना संभव नहीं है। चुनाव के बाद विभाग इस दिशा में काम करना शुरू करेगा। पदाधिकारी, पार्षद प्रतिनिधि व पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में मिले आश्वासन के बाद छात्रों ने सड़क जाम हटा दिया। इस सड़क जाम के कारण एनएच 30 के दोनों ओर, महात्मा गांधी सेतु और पटना -मसौढ़ी रोड पर वाहनों का लंबा जाम लग गया था।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

## दो बाइक, दो मास्टर की व मोबाइल किया गया बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मालसलामी थाना की पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान वाहन जांच के दौरान दो मोटरसाइकिल चालक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। इन दोनों के पास से दो मास्टर-की और मोबाइल भी जब्त किया गया है। पटना सिटी डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने भी इसकी पुष्टि की है। घटना के बारे में बताया गया कि रविवार की रात करमलीचक की तरफ से नखास पिंड भमारी के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल सवार को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया। इसमें एक वाहन पर रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 027के 6003 पर गोलू कुमार पिता कृष्णा प्रसाद, जो इसी थाना क्षेत्र के दाहुचक नगला का रहने वाला है। उसके पास से एक मास्टर चाबी और एंड्राइड मोबाइल भी बरामद किया गया। वहीं दूसरे बाइक पर सवार, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01डीआर 1320 था, उस पर दाहुचक नगला में अपने नाना ओमप्रकाश पासवान के घर में रहने वाले और बाढ़ थाना क्षेत्र के शेखोपुर का रहने वाला रामू कुमार उर्फ रवि पिता स्व गणेश पासवान को पकड़ा गया। उसके पास से भी एक मास्टर चाबी और एक एंड्राइड मोबाइल मिला है। इस संबंध में मालसलामी थाना में कांड संख्या 140/24 दर्ज किया गया है। गोलू पूर्व में भी मालसलामी थाना में कांड 203/23 में नामजद है और जेल जा चुका है। छापेमारी टीम में परीक्ष्यमान एसआई अखिलेश कुमार, सअनि संजय कुमार, अनिरुद्ध कुमार राय, निरंजन कुमार, सिपाही संतोष कुमार, संतोष कुमार यादव और संजीत कुमार शामिल थे।

# आज ही के दिन भगवान श्रीराम का हुआ था राज्याभिषेक : डॉ अजय

## नववर्ष पर किया गया पंचांग पूजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा प्रारंभ करती है। चन्द्रमा सोमरस वनस्पति को प्रदान करती है। वनस्पति में औषधीय गुण आते हैं। वसंत ऋतु के प्रारंभ के साथ ही फसल पकने लगते हैं। किसानो में प्रसन्नता का प्रादुर्भाव होता है। उक्त बातें अजेय रामदूत फाउंडेशन एवं सनातन धर्म सभा द्वारा नववर्ष के अवसर पर चौक स्थित सनातन सभा परिसर में आयोजित मिलन समारोह-सह-पंचांग पूजन के अवसर पर अजेय रामदूत फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीरामचन्द्र जी, महाराज युधिष्ठिर एवं महाराज विक्रमादित्य के सम्राज्य की स्थापना भी इसी दिन हुई है। यह विक्रम संवत की शुरूआत का दिन है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा ने किया। पंचांग पूजन के पश्चात सभी सनातन धर्मियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। भगवा ध्वज के साथ जय श्रीराम के नारे लगाए गए। क्षेत्र कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यक्रम में डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, विकास मौड़ीवाल, वीणा प्रकाश, कृष्णा अग्रवाल, भगवती प्रसाद मोदी, संजीव कुमार यादव, बाबा विवेक द्विवेदी, अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा आदि ने संबोधित किया। मौके पर गौरव अग्रवाल, आत्म बागला, प्रियंका राय, पूर्व वार्ड पार्षद स्मिता रानी, सुनीता गुप्ता, भगवती मोदी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# प्रतियोगिता से मेधा की होती है पहचान : प्राचार्य नसीरुद्दीन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




जीवन में प्रतिस्पर्धा का होना अति आवश्यक है। इससे सही ोधा की पहचान होती है। इसी संदर्भ में मंगलवार को नारायणी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य मो नसीरुद्दीन की अध्यक्षता में वाद-विवाद, मतदान पर चर्चा और प्रेरित..., संगीत, नृत्य, पेंटिंग, क्विज, अभिनय, रंगोली, मेहंदी सहित अनेक विधाओं में छात्राओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के पत्र के आलोक के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर हुई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में सफल छात्राओं को सम्मान पत्र और मोमेंटो दिया गया। सत्र 23-24 में नवम से 11वां में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को प्रगति पत्र अभिभावकों की मौजूदगी में वितरित किया गया। शिक्षक व अभिभावकों के बीच संगोष्ठी हुई। उन्हें उनके बेटियों की कमियों और निदान के प्रति आकृष्ट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी पटना सिटी के चेयरमैन व समाजसेवी गोविंद कानोडिया ने कहा कि सरकार के द्वारा पहली बार छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह कर उन्हें सम्मानित करना, प्रेरित करना सराहनीय कदम है। इससे छात्रों का शिक्षा के प्रति जिज्ञासा तो बढ़ेगी ही, उनका नैतिक विकास भी होगा। विद्यालय के वरीय शिक्षक व कवि काजिम रजा ने कहा कि आप सभी अच्छी तालीम ग्रहण कर विद्यालय का नाम रौशन करें। मंच संचालन मिलन रानी और धन्यवाद ज्ञापन रफत कैयूम ने किया।

# सीएम नीतीश के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है : जदयू

## जदयू की चुनाव अभियान समिति की बैठक में चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से हुई चर्चा

● विपक्ष के दुष्प्रचार को मजबूती से दिया जाएगा जवाब

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




जदयू प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव अभियान समिति की अतिमहत्वपूर्ण बैठक की गई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव संबंधित पार्टी की रणनीतियों एवं चुनाव प्रचार से जुड़े विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने को लेकर सभी नेताओं एवं पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री सह चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद यादव ने की। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी द्वारा पूर्व में मनोनीत लोकसभा प्रभारी उक्त लोकसभा में अभियान के प्रभारी होंगे तथा वे तत्काल अपने-अपने प्रभार वाले लोकसभा के प्रत्येक प्रखंड में पंचायत अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि चुनाव अभियान का मुख्य फोक्स ग्रामीण क्षेत्रों एवं गरीबों के बीच किया जाना है। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को विपक्ष द्वारा श्रेय का जो प्रयास हो रहा है उसका मजबूती से जवाब देना है। बैठक में विचार किया गया कि नीतीश कुमार के द्वारा प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ आम आवाम के लिए समाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक विकास के लिए किए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने जातीय एवं आर्थिक आधारित गणना कर आरक्षण का दायरा बढ़ाने के साथ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए आर्थिक मदद देने का निर्णय लिया है। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निरंतर मांग के बाद जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न से नवाजा गया। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में किए ऐतिहासिक कार्यों के साथ अतिपिछड़ों, अनुसूचित जातियों के लिए स्थानीय निकाय में आरक्षण, परिवहन योजना एवं छात्रवास योजना उन्हें आर्थिक, शैक्षणिक और राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने में मिल का पत्थर साबित हुआ है, अतएव पार्टी के नेता इन मुद्दों को जनता के बीच लेकर जाएं। बैठक में यह भी तय किया गया कि पार्टी द्वारा संचालित प्रचार वाहन तथा अन्य प्रचार समाग्री को जन-जन तक पहुँचाने के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य योजना बनाया जाए साथ ही डोर टू डोर प्रचार हेतु विधानसभा स्तर पर अविलंब टीम गठन कर दी जाए। इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री सह चुनाव अभियान समिति के संयोजक विजय कुमार चैधरी, चुनाव अभियान समिति के सह-संयोजक सह विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री रत्नेश सदा, मंत्री जमा खां, मंत्री जयंत राज, मंत्री महेश्वर हजारी, राज्यसभा सांसद, रामनाथ ठाकुर, राज्यसभा सांसद, अनिल हेगड़े, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, आईटी सेल के संयोजक सह मुख्यालय प्रभारी मनीष कुमार, पूर्व मंत्री राजकुमार सिंह, पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, विधायक शालिनी मिश्रा सहित चुनाव अभियान समिति के सभी सदस्यगण एवं प्रवक्तागण भी मौजूद रहें।

# हम लोग हर किसी का और हर धर्म का सम्मान करते हैं : तेजस्वी

● कहा-पूजा-पाठ करने के लिए हमारे घर में मंदिर है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानों की धार ज्यादा तेज होती जा रही है। चुनावी तपिश बढ़ने के साथ ही बिहार में बीजेपी और आरजेडी नेताओं के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। रोहिणी आचार्य की ओर से पिता लालू यादव को किडनी देने के सवाल पर बड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि जिनको मिला वह खुश हैं, वह स्वस्थ हैं। भाजपा को इसकी चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। सनातन से जुड़े सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि आपको बताने की जरूरत है क्या? हम लोगों को जस्टिफाई नहीं करना है। हम लोग हर किसी का और हर धर्म का सम्मान करते हैं। आप सब लोगों को पता है कि पूजा-पाठ करने के लिए हमारे घर में मंदिर है।मीडिया को आड़े हाथों लेते हुए तेजस्वी यादव ने उलटे ही उन्हीं पर सवालों की बौछार कर दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि आप लोगों ने जितने भी अभी तक सवाल पूछे हैं, उसमें आप ना बेरोजगारी, ना महंगाई, ना बिहार से हो रहे पलायन और ना ही बिहार से गरीबी मिटाने के बारे में बात कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार में रोजगार बड़ा मुद्दा है। आप लोग ना निवेश की बात कर रहे हैं, ना बिहार में कारखाने खोलने की बात कर रहे हैं। बिहार में किसानों की आय दोगुनी कैसे हो, इस पर बात होनी चाहिए। आप लोग केवल पीएम मोदी की बात कर रहे हैं, हम लोग तो चाहते हैं कि बिहार की जनता की खुशहाली कैसे हो, उसकी तरक्की कैसे हो, इसके लिए बात होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के बिहार दौरे को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि वह देश के पीएम हैं। कोई भी नेता हो या देश का कोई नागरिक हो, इस देश में कोई भी, कहीं भी, आ और जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और बिहार भाजपा के सभी बड़े नेता चुनावी नतीजों को लेकर डरे और सहमे हुए हैं, इसलिए वो लगातार बिहार का चुनावी दौरा कर रहे हैं।

### हम जनता के प्रेम से लड़ते हैं चुनाव : रोहिणी

पटना। लालू प्रसाद की बेटी और राजद से सारण प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को बिहार की एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों को पनाह देने का आरोप लगाया। रोहिणी आचार्य सारण में चुनाव प्रचार कर रही थीं। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, नीतीश कुमार के राज में भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों को पनाह दी जा रही है। मुजफ्फरपुर बालिका गृह पर क्यों नहीं बोलते वो लोग? बीजेपी अपनी ताकत दिखा कर चुनाव लड़ती है, हम जनता के प्रेम से चुनाव लड़ते हैं। ईडी, सीबीआई के साथ बीजेपी चुनावी मैदान में जाती है। तेजस्वी को पानी पिलाने वाले सम्राट चौधरी के बयान पर रोहिणी ने कहा कि सम्राट चौधरी क्या करते थे, यह फर्जी डिग्री वाले हैं। फ्रॉड हैं ये लोग। तेजस्वी ने ऐसा पानी पिलाया कि पीएम को भी लालू परिवार को घेरना पड़ रहा है। इसके साथ ही अश्विनी चौबे की नाराजगी पर रोहिणी आचार्य ने कहा कि वो हमें आशीर्वाद दें, वो बड़े हैं, हम चाहते हैं वो हमारा चुनाव प्रचार करें।

# राजद काल में विकास के हुए सिर्फ 5 काम बता दें तेजस्वी : राजीव रंजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा है कि जिस राजद ने अपने कुशासन से बिहार की धज्जियां उड़ा दी थी, आज उसी के युवराज का विकास पर ज्ञान देना हास्यास्पद है। यह दिखाता है कि नीतीश सरकार के कामों से भयभीत होकर अब जात-पात और भ्रष्टाचार की राजनीति करने वालों को भी विकास की बातें करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव, जिला, क्षेत्र और प्रदेश के विकास लिए तड़प रहे तेजस्वी जी का दुर्भाग्य है कि उन्हें सूबे का विकास नहीं दिखता। वास्तव में उन्हें विकास की अलग परिभाषा बतायी गयी है। उनके लिए विकास का मतलब लोगों को मिल रही सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाएं नहीं बल्कि घोटाला और भ्रष्टाचार है। हकीकत में यह फिर से बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं, लेकिन जनता इनका यह सपना कभी पूरा नहीं होने देगी। तेजस्वी को चुनौती देते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यदि नीतीश सरकार में बिहार के हुए कायाकल्प को विकास नहीं मानते तो उन्हें लालू-राबड़ी राज में हुए कामों से तुलना कर के इसे साबित करना चाहिए। हकीकत यही है कि वह राजद काल में हुए विकास के पांच काम भी नहीं गिना सकते। बिहार का बच्चा-बच्चा जानता है कि राजद काल में लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पाती थी। नौकरी न मिलने के कारण लोग पलायन करने पर मजबूर हो चुके थे। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। यहां तक कि यहां होने वाले अपराधों पर फिल्में तक बनने लगी थी। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि हकीकत में तेजस्वी जी यदि एक बार ईमानदारी से अपने 15 वर्षों के शासनकाल के बारे में जानकारी ले लें तो उन्हें पता चल जाएगा कि विकास और विनाश में क्या अंतर है। गांवों, जिलों और प्रदेश में आया बदलाव भी उन्हें पता चल जाएगा। वह समझ जायेंगे कि राजद के राज में जितने कुकर्म हुए हैं उसने राजद को विकास पर बोलने लायक तक नहीं छोड़ा है।

# मोदी सरकार में महिलाओं पर बढ़े अत्याचार : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि सबसे पहले भाकपा की सांसद कॉमरेड गीता मुखर्जी ने ही महिलाओं को संसद और विधानमंडलों में 33 फीसदी आरक्षण देने की मांग की थी। भाकपा 18 वीं लोकसभा चुनाव में भी 33 फीसदी महिला आरक्षण लागू करने की मांग की थी, लेकिन केंद्र की महिला विरोधी भाजपा सरकार ने लागू नहीं किया। 18 वीं लोकसभा चुनाव में भाकपा ने केरल की वायनाड सीट से एन. एफ. आई. डब्ल्यू के महासचिव का एनी राजा को मैदान में उतारा है। जहां तक बिहार की बात है तो बिहार में भी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विधानसभा और विधान परिषद के चुनाव में महिलाओं को टिकट देती रही है, जिसमें वरौनी (तेघड़ा) से शकुंतला सिंह, सूर्यगढ़ा से सुनैना शर्मा, मधुबन से राजपति देवी, रामगढ़ से सहिदुन्निशा ने विधान सभा में तथा बेगुसराय-खगड़िया से उषा सहनी ने विधान परिषद में जीत दर्ज की। इस बार महागठबंधन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एक ही सीट बेगूसराय से चुनाव लड़ रही है। बेगूसराय से भाकपा के उम्मीदवार अवधेश कुमार राय हैं। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्षों के शासन में महिलाओं के खिलाफ अपराध कई गुना बढ़ गए हैं और इनमें बलात्कार और जैसे जघन्य अपराध भी शामिल हैं। कई मौकों पर बीजेपी नेता ऐसे घृणित कृत्यों में शामिल रहे हैं, जिसमें बीजेपी सांसद द्वारा महिला पहलवानों का यौनशोषण भी शामिल है। महिला-समर्थक और बच्चों समर्थक नीतियां बनाने में प्राथमिकता होनी चाहिए थी, लेकिन इसके लिए सरकार का आवंटन अल्प और अपर्याप्त है। भारत कुपोषित बच्चों और एनीमिया से पीड़ित महिलाओं की सबसे बड़ी संख्या का घर है। पितृसत्तात्मक मोदी शासन के तहत लैंगिक बजट और लैंगिक वेतन के अंतर पर अंकुश लगाने पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। शिक्षा के अधिकार, बाल अधिकारों की रक्षा करने वाले कई कानूनों के बावजूद उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने की इच्छाशक्ति वर्तमान शासन में पूरी तरह से नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों को खनन और रसायन जैसे खतरनाक उद्योगों में नियोजित किया जा रहा है।

# भाजपा का शक्ति संपर्क यात्रा रवाना, नवरात्र में सभी विधानसभा में पहुंचेगी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन पर महिला मोर्चा के शक्ति संपर्क यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर शक्ति स्वरूप बेटियों की आरती उतारी गई और तिलक लगाकर उनका अभिनन्दन किया गया। इस शक्ति संपर्क यात्रा के जरिये महिला मोर्चा के कार्यकर्ता और महिला लाभार्थी प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगी और केंद्र सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं के विषय मे घर घर तक जानकारी देंगी। इस दौरान सनातन के विचारों से भी लोगों को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि ये सभी महिला कार्यकर्ता मेरे चुनाव क्षेत्र पटना साहिब के सभी 6 विधानसभा में मातृशक्ति से संपर्क कर विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला-केंद्रित योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति के उत्थान और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में उठाए गए कदम के बारे में जानकारी देंगी। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति के उत्थान और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनाएं बनाई और उसे सरजमी पर उतारा। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, सजल झा, रणवीर नंदन, शोभा, सीमा पांडेय, कंचन गार्गी, सोनी मिश्रा, इंदु शर्मा, कांति केसरी, अमित प्रकाश बबलु, पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित अन्य उपस्थित रहें।

### राजद का समाजवाद महज दिखावा है

पटना। पटना साहिब के सांसद और बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने लालू प्रसाद पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद की पार्टी में केवल और केवल परिवारवाद है। उन्होंने कहा, मैं खुल के बोल रहा हूं। उनकी पार्टी के एक साधारण गरीब यादव कार्यकर्ता या विधायक की कितनी पूछ है? हमारे यहां तो एक कार्यकर्ता मोहन यादव मुख्यमंत्री तक बन सकते हैं। बीजेपी नेता ने कहा, वहां तो बस लालू प्रसाद, उसके बाद राबड़ी देवी फिर तेजस्वी, तेज प्रताप, मीसा भारती। सामाजिक न्याय दिखावा है। मैं आपसे एक सवाल पूछ रहा हूं ईमानदारी से, तेजस्वी जी आपकी सरकार दिल्ली में बनेगी क्या? उन्होंने आगे कहा, ईमानदारी से बोलिएगा और आपका प्रधानमंत्री कौन है, जो सरकार बनने वाली है, प्रधानमंत्री के उम्मीदवार का पता ही नहीं। एक अन्य सवाल के जवाब में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह अच्छी बात है कि उनको सद्बुद्धि आई। प्रभु श्री राम के दरबार में वह जरूर जाएं। राम तो सबके हैं, लेकिन प्रभु राम यह भी समझते हैं कि श्री राम की ईमानदारी से भक्ति कौन करता है और चुनावी भक्ति कौन करता।

### चुनाव को लेकर भाजपा अध्यक्ष से हुई बातचीत : चिराग



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडा से मुलाकात के दौरान चुनाव को लेकर ही बातचीत हुई है। प्रथम चरण का चुनाव अब करीब है, 19 अप्रैल को मतदान होना है। उसको लेकर ही कई विषयों पर चर्चा हुई है। अंतोगत्वा जो लक्ष्य प्रधानमंत्री हम लोगों को दिये हैं जिसमें 400 सीटें देश भर एवं बिहार में 40 सीटें जितनी है, तो उसको हम लोग कैसे हासिल कर सकते हैं। इसी दिशा में ये तमाम बातचीत हुई है। इस आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

### तेजस्वी आज तीन लोस क्षेत्रों में करेंगे चुनावी सभा

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार चुनावी सभा कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष तीन लोस क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव बुधवार को तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। नेता प्रतिपक्ष औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के रफीगंज उच्च विद्यालय मैदान में अभय कुमार कुशवाहा के लिए, गया लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर के रामसहाय उच्च विद्यालय मैदान में कुमार सर्वजीत के लिए तथा जमुई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय मैदान सोनो मे कुमारी अर्चना रविदास के लिए इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशियों के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेतागण के साथ भीआईपी पार्टी के मुकेश साहनी भी उपस्थित रहेंगे।

# परिवार में न्याय नहीं देने वाले सामाजिक न्याय की करते है बात : सुहेली

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा की प्रवक्ता सुहेली मेहता ने आज सारण से राजद की प्रत्याशी और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य पर जमकर हमला बोला। उन्होंने रोहिणी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे चारा घोटाला में सजायाफ्ता लालू प्रसाद की बेटी हैं और दिखा ऐसे रही हैं जैसे वे कोई स्वतंत्रता सेनानी की बेटी हों। भाजपा मीडिया सेंटर में मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रवक्ता सुहेली मेहता ने रोहिणी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें क्रेज का घमंड हो गया है। मेहता ने आगे कहा कि रोहिणी आज जिस सारण में प्रत्याशी बनकर गयी हैं उसी क्षेत्र की बेटी को बहू बनाकर उनके घर में लाया गया और पूरे घर के सदस्यों ने उन्हें मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। आज लालू उसी सारण में अपनी बेटी को राजनीतिक तौर पर स्थापित करना चाहते हैं। भाजपा की प्रवक्ता ने आगे कहा कि यह सत्य है कि बेटियॉ अपने माता पिता की बेटों से ज्यादा सेवा करती हैं, लेकिन बेटियां इस सेवा को कहकर भंजाती नहीं हैं। पिछले साल रोहिणी आचार्य ने अपने पिता लालू प्रसाद को किडनी देकर जान बचाई। लेकिन , जिस तरह चुनाव में इसे मुद्दा बनाकर रोहिणी घर घर जाकर कह रही कह रही हैं कि मैंने पिता को किडनी दी है, मुझे वोट दीजिये, अब शक होता है। उन्होंने आशंका जताते हुए सवाल किया कि राजनीतिक लांच होने के लिए तो किडनी देने की कहानी नहीं गढ़ी गयी, यह जांच का विषय है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज सिंगापुर की एक महिला आकर सीधे चुनाव मैदान में उतरती है और कहती है कि महिलाओं की सुरक्षा करूंगी। उन्हें पता होना चाहिए कि पिछले 17 साल से एनडीए की सरकार में महिला सशक्तिकरण कितने काम हुए। मेहता ने उन्हें पहले अपने घर मे बहू को सुरक्षित रखने की नसीहत देते हुए कहा कि पहले अपने घर में बहुओं को सुरक्षित कर लें तब समाज की बात करें । उन्होंने कहा कि जिस तरह लालू प्रसाद को सामाजिक न्याय का नेता कहा जाता है वे अपने परिवार में ही न्याय नहीं कर पाए , बेटी , बहू में अंतर किया तो समाज की बात क्या करेंगे। घर से निकलते वक्त उनकी बहू भी कह रही थी मैं भी एक यादव की बेटी हूँ। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि सारण की बेटियां, बहू और माताएं जरूर ऐसे लोगों को जवाब देंगी। इस मौके पर प्रवक्ता कुंतल कृष्ण, मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, पीयूष उपस्थित रहे।

### चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता के दरबार में पहुंचे तेज प्रताप



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर बिहार में चुनाव प्रचार तेज हो चुका है। इस बीच, राजद नेता और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव मंगलवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता के दरबार में पहुंचे और पूजा अर्चना की। बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप मंगलवार को पटना के प्रसिद्ध शीतला मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मंगलवार को चैत्र नवरात्र के अवसर पर शीतला माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र की लोगों को शुभकामनाएं भी दी हैं। शीतला मंदिर में तेज प्रताप ने पूजा अर्चना और आरती कर माता से आशीर्वाद मांगा। उल्लेखनीय है तेज प्रताप की दो बहनें मीसा भारती पाटलिपुत्र से, जबकि रोहिणी आचार्य सारण से चुनावी मैदान में हैं।

# राजद ने हमेशा सत्ता को अवैध धनोपार्जन का जरिया समझा : उमेश

● कहा- नीतीश कुमार की बेदाग छवि ही उनकी पहचान है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि पूरे देशभर में लालू परिवार भ्रष्टाचार और घोटालों के लिए जाना जाता है। लालू परिवार ने हमेशा सत्ता को अवैध धनोपार्जन का जरिया समझा और जब भी उन्हें मौका मिला तो गरीबों के खून-पसीने की कमाई को लूटने-खसोटने का काम किया। इनके सत्ता में आने का एकमात्र मकसद लूट मचाकर अपना खजाना भरना होता है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव आज पूरे प्रदेश में घुमकर नीतीश कुमार के द्वारा किए गए कामों का झूठा श्रेय लेने की कोशिश कर रहें है मगर वें अपने माता-पिता के 15 सालों के शासनकाल की चर्चा नहीं करते हैं। उन्हें इस बात की समझ नहीं है कि राज्य का मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद का अध्यक्ष होता है और सरकार कोई भी निर्णय मंत्रीपरिषद के सहमति से ही करती है इसलिए तेजस्वी यादव जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश ना करें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनके पिता जब बिहार के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने चारा घोटाले को अंजाम दिया और जब यूपीए की केंद्र सरकार में रेलमंत्री बने तो जमीन घोटाला और रेलवे होटल टेंडर घोटाला किया। गरीबों के नाम पर सत्ता हासिल कर उन्होंने सिर्फ अपनी गरीबी दूर की और अपने बेटे-बेटियों के लिए गैरकानूनी ढंग से अकूत संपत्ति बनाई। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि रोजगार के नाम पर राजद जनता को भरमा रही है। रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी के बदले गरीबों का जमीन हथियाने वाले लोग कभी युवाओं के हिमायती नहीं हो सकते हैं। श्री तेजस्वी यादव यह बताएं कि उनके माता-पिता के शासनकाल में कितने युवाओं को रोजगार मिला था? प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद के 15 सालों में हुए अनेकों घोटाले के कारण बिहार आर्थिक रूप से पिछड़ चुका था लेकिन आज वही बिहार देश में सबसे सबसे अधिक विकास दर से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी केंद्र में रेलमंत्री और कृषि मंत्री थे और विगत 18 वर्षों से बतौर मुख्यमंत्री बिहार की सेवा कर रहे हैं, लेकिन उनके ऊपर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप विपक्ष ने नहीं लगाया। नीतीश कुमार की बेदाग और ईमानदार छवि ही उनकी पहचान है।

## भाजपा ने 1989 में 24 में 8 सीटों पर तो 2014 में 30 सीटों पर चुनाव लड़कर 22 सीटों पर जीत हासिल की

# बिहार में 1989 के लोकसभा चुनाव में पहली बार भाजपा का भगवा लहराया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

वर्ष 1989 में हुये लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 24 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसे 08 सीटों पर जीत हासिल हुयी। पहली बार बिहार की सियासी रणभूमि में भाजपा का भगवा लहराया। मोतिहारी से राधा मोहन सिंह, सीवान से जर्नादन तिवारी, गोड्डा से जर्नादन यादव, पटना से शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, कोडरमा से रीतलाल प्रसाद वर्मा, गिरीडीह से रामनाथ सिंह, हजारीबाग से यदुनाथ पांडे, खूंटी(सु) से करिया मुंडा ने जीत हासिल की। इस चुनाव में जनता दल ने सर्वाधिक 32 सीट जीती। 1991के हुये आम चुनाव का चुनाव भाजपा ने 51 सीटों पर चुनाव लड़ा लेकिन केवल पांच सीटों पर भाजपा का कमल खिला। धनबाद से रीता वर्मा, रांची से राम टहल चौधरी, खूंटी से करिया मुंडा, लोहरदगा से ललित उरांव और पलामू (सु) से रामदेव राम ने केसरिया लहराया। जनता दल ने सर्वाधिक 31 सीट जीती और उसके बाद झामुमो ने 06 सीट पर जीत हासिल की। कांग्रेस इस चुनाव में केवल एक सीट हासिल कर सकी थी। कांग्रेस की दिग्गज कृष्णा साही बेगूसराय सीट पर भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार ललिता सिंह को पराजित किया। एक निर्दलीय प्रत्याशी को भी सफलता मिली। पप्पू यादव ने वर्ष 1991 में पूर्णिया संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीत हासिल की।

1996 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने भाजपा से गठबंधन कर लिया।1996 का लोकसभा चुनाव भाजपा ने नीतीश कुमार पार्टी समता पार्टी के साथ मिलकर लड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने 32 सीट पर अपने उम्मीदवार खड़े किये जिसमें उसे 18 पर विजय मिली। वहीं समता पार्टी ने 20 सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे जिसमें उसे 06 सीट पर जीत हासिल हुयी। जनता दल को 22 और कांग्रेस को केवल दो सीट पर जीत मिली। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा के साथ नीतीश की पार्टी समता पार्टी थी। भाजपा ने 32 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे जिसमें उसे 20 सीट मिली। वहीं समता पार्टी ने 21 सीट पर अपने प्रत्याशी खड़े किये जिसमें उसे 10 सीटें मिली। राष्ट्रीय जनता दल को 17 और कांग्रेस को पांच सीट पर जीत हासिल हुयी। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड थी। भाजपा ने 29 सीट अपने प्रत्याशी खड़े किये जिसमें उसे 23 सीट पर जीत हासिल हुयी। जदयू के टिकट पर 23 उम्मीवार उतरे जिसमें उसे 18 पर जीत हासिल हुयी। इस चुनाव में भाजपा और जदयू के साथ आनंद मोहन की पार्टी बिहार पीपुल्स पार्टी भी शामिल थी। बिहार पीपुल्स पार्टी के बैनर तले दो सीट पर चुनाव लड़ा गया। शिवहर से आनंद मोहन और वैशाली से उनकी पत्नी लवली आनंद ने चुनाव लड़ा लेकिन दोनों को जीत हासिल नहीं हुयी। इस चुनाव में राजद को सात और कांग्रेस को चार सीट पर जीत मिली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) प्रत्याशी सुबोध राय ने भागलपुर से जीत हासिल की। इसके बाद अबतक बिहार में हुये लोकसभा चुनाव में वामदल का कोई भी उम्मीदवार जीत हासिल नहीं कर सका है। इस बार एक निर्दलीय प्रत्याशी के सर जीत का सेहरा सजा। पूर्णिया से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव ने जीत हासिल की। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बैनर तले भाजपा और जदयू ने चुनाव लड़ा। भाजपा ने 16 और जदयू ने 24 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे। जदयू को 06 जबकि भाजपा को पांच सीट पर जीत मिली। वहीं राजग के विरूद्ध राजद,कांग्रेस, लोक जनशक्ति पार्टी , राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी शामिल थी। राजद को 22, लोजपा को 04 और कांग्रेस को तीन सीट पर जीत मिली। राकांपा और माकपा के प्रत्याशी को किसी सीट पर जीत हासिल नहीं हुयी।

वर्ष 2009 में हुये लोकासभा चुनाव में में राजग गठबंधन में शामिल भाजपा-जदयू ने 32 सीट अपने नाम कर ली। चौथे मोर्चे में शामिल राजद को 04,लोजपा को शून्य, पर जीत हासिल की। कांग्रेस ने अपने दम पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस को दो सीट मिली। इस चुनाव में दो निर्दलीय उम्मीदवार के सिर जीत का सेहरा सजा। बांका से दिग्विजय सिंह और सीवान से ओमप्रकाश यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की।

### 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जदयू के बगैर भी अपाना वजूद दिखाया

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जदयू के बगैर भी अपाना वजूद दिखाया। जदयू ने राजग से अलग होकर अकेले लड़ा था। इस चुनाव में जदयू ने 40 में से 38 सीट पर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में जदयू के योद्धाओं का निशाना सियासी रणभूमि में चूक गया। जदयू के योद्धा केवल दो सीट पर अपनी तीर से निशाना लगाने में सफल रहे। इनमें एक सीट नीतीश कुमार के गढ़ नालंदा की थी और दूसरी पूर्णिया थी। वहीं, इस चुनाव में जदयू की सहयोगी रही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दो सीट बांका और बेगूसराय से चुनाव लड़ा और उसे भी हार मिली। वहीं, राजग के घटकों में भाजपा, लोजपा और रालोसपा शामिल थी। भाजपा ने 30 सीट पर चुनाव लड़ा, जिनमें से उसे 22 सीट पर शानदार जीत मिली। लोजपा ने 07 में से 06 सीट और रालोसपा ने तीनों सीट जीत कर शत-प्रतिशत सफलता पायी थी। राजग को इस चुनाव में 31 सीट मिली। विपक्षी पार्टी राजद ने कांग्रेस, राकांपा के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ा था। राजद ने 27,कांग्रेस ने 12,और राकांपा ने एक सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। राजद ने 04,कांग्रेस ने 02 सीट, राऔर राकांपा ने एक सीट पर सफलता हासिल की थी। वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव जदयू ने राजग गठबंधन के बैनर तले लड़ा। राजग गठबंधन में भाजपा,जदयू और लोजपा शामिल थी। भाजपा ने 17, जदयू ने 16 और लोजपा ने 06 सीट पर जीत हासिल की। वहीं महागठबंधन के घटक दल में राजद, कांग्रेस, रालोसपा वीआईपी और हम शामिल थी। कांग्रेस को एक मात्र सीट किशनगंज मिली। कांग्रेस के अलावा महागठबंधन का कोई भी घटक दल सीट नहीं जीत पाया।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जदयू एक बार फिर से राजग के साथ है। राजग की ओर से भाजपा 17, जदयू 16, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) 05, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा और जीतनराम मांझी की पार्टी हम एक-एक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। भाजपा पश्चिम चम्पारण,पूर्वी चम्पारण, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम (सु), औरंगाबाद और नवादा से चुनावी रणभूमि में उतरेगी। देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में भाजपा कितनी सीट पर पार्टी का कमल खिला पाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजनीतिक स्थिति पर विमर्श हेतु बैठक आयोजित

मुजफ्फरपुर। खुदीराम बोस पार्क में आज नगर के बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित हुई। बैठ में आज की राजनैतिक स्थिति पर विचार के क्र म में सुप्रीम कोर्ट द्वारा ऐलेकटोरल बौण्ड के सम्बन्ध में हुए खुलासे के संबंध मे भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों के रुख से असहमति जताते हुए उसे निन्दनीय बताया। इसके साथ ही बैठक में भाग लेने वाले लोगों ने कहा कि मुख्य मुद्दा विभिन्न दलों के सांसदो और विधायकों की संख्या के आधार पर इस माध्यम से लिए जाने वाले चंदा का अनुपात नहीं है जिसको आधार बनाकर भाजपा और उससे संबद्ध लोग एक बड़े घोटाले पर पर्दा डाल जनता का ध्यान भटकाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। आगे कहा कि मुख्य मुद्दा किस पार्टी ने कितना चंदा किस कारपोरेट घराने से लिया और बदले में क्या और कितना गलत ढंग से लाभ दिया। सभी चंदा प्राप्त कर्ता केन्द्र से लेकर किसी न किसी राज्य सरकार में हैं। इसके साथ साथ एडीआर से आग्रह किया कि सुप्रीम कोर्ट से उसकी निगरानी में एसआईटी गठित कर जांच कराने का आवेदन दें ताकि असलियत जनता के सामने प्रकट हो। बैठक में मो ईदरीश, शम्भूशरण ठाकुर, चंदेश्वर चौधरी, काशीनाथ सहनी, अरविंद वरुण, उदयशंकर शाही के अतिरिक्त अन्य लोगों ने अपनी राय रखी, गोष्ठी का संचालन मो ईदरीश ने किया।

### खजौली एसएफसी गोदाम के एजीएम पद पर पद स्थापित हुए संजय कुमार पासवान

मधुबनी खजौली प्रखंड एसएफसी गोदाम खजौली गोदाम पर। मंगलवार को नये एजीएम संजय कुमार पासवान ने अपना योगदान कर कार्यभार संम्भाला. पूर्व के एजीएम संजीव कुमार सिंह सहकारिता विभाग पटना से आये थे. उन्हें सहकारिता विभाग ने उनको अपने विभाग वापस बुला लिया गया. एसएफसी गोदाम के नये एजीएम संजय कुमार पासवान ने कार्यभार संम्भालने के बाद उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी कि एसएफसी गोदाम से सही समय पर डोर टू स्टेप के माध्यम से डीलरों की दुकान तक खाध सुरक्षा एव अन्त्योदय योजना की अनाज पहुचाने का काम करेगी.उन्होंने कहा कि किसी भी जनवितरण प्रणाली के अनाज गोदाम से मापतौल कर सरकार द्वारा निर्धारित माप दंड के अनुसार वजन दी जाएगी.उन्होंने कहा कि प्रखंड़ खजौली,कलुआही की सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेता को गोदाम अनाज रोस्टर के अनुसार आपूर्ति की जाएगी.इस मौके पर एसएफसी गोदाम के फोर जी राजू कुमार, डोर टू स्टेप संवेदक संपत्ति यादव, आदेशपाल ओमप्रकाश कामत मौजूद थे.

### दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के दो विभिन्न जगह से दो वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान सैदपुर गांव निवासी धनी चंद्र सहनी के पुत्र हरेंद्र सहनी के रूप में हुई है। वहीं दूसरा वारंटी बसुआरी गांव निवासी नरसिंह ठाकुर के पुत्र राकेश शर्मा के रूप में हुई है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि दोनों गिरफ्तार युवक कोर्ट का वारंटी था। जिसे रात्रि में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार दोनों वारंटी को जेल भेज दिया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 9 लीटर विदेशी शराब के साथ बाइक किया बरामद

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के वाहन चेकिंग पॉइंट स्थल के समीप से दरोगा संजीव कुमार सिंह के द्वारा एक अपाचे बाईक पर लदी एक कार्टून विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। एक कार्टून में कुल 9 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वहीं कारोबारी पुलिस को देखते ही भागने में सफल रहा। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि जब्त बाइक के स्वामी के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### देसी शराब व एक बाइक के साथ कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बलुआहा गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 11 लीटर देसी शराब एवं बाइक के साथ एक कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करोबारी की पहचान बलुआहा गांव निवासी राम स्वार्थ पासवान के पुत्र प्रमोद पासवान के रूप में हुई है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नेपाली मुद्रा के साथ सीमा पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत नेपाल सीमा चौकी हरने के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक और कामयाबी मिली है समवाय प्रभारी हरने के निदेर्शानुसार गश्ती दल द्वारा ड्यूटी के दौरान मुख्य आरक्षी पाटिल अतुल माधव व अन्य जवानों के साथ अचानक से की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 280/23 से लगभग 20 मीटर भारतीय क्षेत्र की दो संदिग्ध नेपाली व्यक्तियों अरविंद कुमार मंडल कुमार उम्र 32 वर्ष सुपुत्र राम भजन मंडल, गांव -तारी, डाकघर बहारारिया , पुलिस स्टेशन उधड़ी,जिला धनुषा नेपाल एवं मनीया देवी उम्र 47 वर्ष पत्नी राम भजन मंडल गांव तारी डाकघर-बहारारिया पुलिस स्टेशन उधड़ी जिला धनुषा नेपाल को नेपाली मुद्रा रुपए 3,20,000 के साथ जब्त कर गिरफ्तार किया है। उपरोक्त दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल पर नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे थे। सशस्त्र सीमा बल के जवानों को उक्त व्यक्तियों के ऊपर संदेह होने पर यह कार्रवाई की । पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति नेपाली मुद्रा के बारे में संतोष जनक जवाब नहीं देने पर दोनों को जवानों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।जब्त की गई नेपाली मुद्रा, मोटर मोटरसाइकिल और गिरफ्तार व्यक्तियों को अग्रिम कार्यवाही हेतू जयनगर थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है अगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो इस लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा चुनावों को लेकर सीमावर्ती इलाकों में काफी सघन रूप से जांच पड़ताल की जा रही ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके । आगामी चुनाव के मद्देनजर जो भी तत्व या सामग्री मतदाता को गलत तरीके से प्रभावित करने में मददगार होगी उन सभी पर कारवाई की जा रही है।साथ ही साथ देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह प्रत्येक प्रयास किया जा रहा है।

# प्रगति पत्र सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुसहरी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज नरौली के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सह संकुल संसाधन नरौली सेन में दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष माननीय श्रीमती अंगूरी कुमारी कुशवाहा एवं प्रधानध्यापक सुबोध कुमार ने किए श्रीमती अंगूरी कुमारी कुशवाहा ने कहीं बच्चों को पहले वर्ग से आठवां पास तक बच्चों नीव है यही बच्चे देश के भविष्य है और मैट्रिक के बाद तकनीकी शिक्षा में जाने के सलाह दी और बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीण गण से अपील की अएर के बचाव हेतु बच्चों एव वृद्धाजन धूप बचे और बच्चों को रात मे खाली पेट नहीं सोने दे कुछ खाना खिलाए मिटा चीज बच्चों सोने के समय खिलाकर सोने दे रात दो तीन वार जागते रहे विद्यालय से 2024 मैं पास आउट हर वर्ग के बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किए और भविष्य उज्जवल कि कामना किए और विद्यालय दीक्षा समारोह के शुभ अवसर पर ढहऊकी प्रखण्ड अध्यक्ष श्री मनोज कुमार कुशवाहा उपस्थित थे श्री मनोज कुमार कुशवाहा ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक महोदय से आग्रह किया की दिव्यांग बच्चों को शत प्रतिशत विद्यालय में नामांकन अनिवार्य है उपस्थित प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार सभी वर्ग शिक्षक सभी रसोईया विद्यालय शिक्षा समिति के सभी सदस्य गण एवं ग्रामीण अभिभावक उपस्थित थे अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद ज्ञापन के बाद सभा को समाप्ति किया गया

# बाल विकास विभाग के कर्मियों ने मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के रहिका बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व बीडीओ रहिका व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शोभा रानी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में भव्य रंगोली,सैल्फी प्वाइंट सहित मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए स्लोगन तैयार किये गए थे। रैली को हरी झंडी दिखाने से पुर्व बीडीओ निरंजन कुमार ने कहा कि विगत लोकसभा के चुनाव में जिले में महज 57 प्रतिशत ही वोटिंग हुई थी।इसलिए जिला पदाधिकारी का कहना है कि इस बार इसे 70 प्रतिशत तक करना है। आप सभी सेविका व सहायिका अपने क्षेत्र में जाकर वोटरों को बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए जागरूक करें। वही सीडीपीओ ने कहा कि लोगों के बीच घर घर पहुंच कर गीत व स्लोगन के माध्यम से मतदाता को जागरूक करें।वही परियोजना पदाधिकारी शोभा रानी ने अपने एल एस के साथ मतदाता को जागरूक करने को लेकर जागरूकता गीत गाया और प्रेस कांफ्रेंस कि जिस दौरान उन्होंने बताया हमारा जिले का वोटिंग प्रतिशत 70 प्रतिशत के पार हो सके। जिस के लिए पुरे जिले भर में स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले में विभिन्न तरहों के कार्यक्रम के माध्यम से प्रयास हो रही है।इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली में लिपिक सह टंकण नवोनारायण चौधरी, रमण कुमार,राजेश डाटा इंट्री ऑपरेटर, अनीता प्रसाद सिंह, महिला पर्यवेक्षिका रेखा कुमारी,, रेखा रानी,स्वाती कुमारी,शहनाज प्रवीण,राही कुमारी लक्ष्मी कुमारी, पिंकी कुमारी,अनीता कुमारी रागिनी कुमारी, प्रखण्ड समन्वयक अर्चना कुमारी व कार्यालय परिचारी गुलाब चन्द्र झा, आँगनवाडी सेविका नूतन देवी,ऊषा कुमारी मंजू देवी मीरा कुमारी सहित अन्य सेविका सहायिका शामिल थे।

# डीएम ने की समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक , दिए महत्वपूर्ण निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आगामी पर्व त्योहार रामनवमी , ईद उल फितर एवं चैती छठ के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारित रखने, भूमि विवाद का निस्तारण करने, खनन टास्क फोर्स,शराब विनष्टीकरण एवं अधिहरण, लोक सभा निर्वाचन 2024 की तैयारी हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। उन्होंने पर्व त्योहार के शांतिपूर्ण संपादन हेतु सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को संयुक्तादेश के अनुरूप निर्धारित स्थल पर सससमय उपस्थित होने तथा निर्धारित दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तीनों ही त्योहार प्रेम, भाईचारा , शांति सद्भावना का महान पर्व है इसलिए सभी लोग आपसी भाईचारा कायम रखते हुए हंसी -खुशी के साथ पर्व त्योहार का आयोजन करें।जिलाधिकारी ने जिलावासियों से रामनवमी , ईद उल फितर एवं लोक आस्था का महान पर्व चैती छठ के अवसर पर जिला में शांति सद्भाव बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था संधारित रखने में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही जिलाधिकारी ने शांति सद्भावना भंग करनेवाले, अफवाह फैलानेवाले, सामाजिक तनाव पैदा करनेवाले, सामाजिक विद्वेष पैदा करनेवाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर पुलिस को पैनी नजर रखने एवं उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया है। इस वर्ष चैती छठ पर्व 12 अप्रैल को नहाय खाय से प्रारंभ होकर 15 अप्रैल को प्रातः अंतिम अर्घ्य के साथ समापन होगा। जिलाधिकारी द्वारा चैती छठ पर्व के अवसर पर नदी घाटों ,तालाबों मुख्य पथों एवं बाजारों में असामाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वाले लोगों पर पुलिस को कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। चैती छठ पर्व के लिए नदी घाटों एवं तालाबों पर प्रवेश एवं निकास के लिए अलग-अलग रास्ता सुनिश्चित करने तथा घाटों पर बैरिकेडिंग ,वाच टावर, प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने तथा पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है ।

# शराब माफिया को पकड़ने के चक्कर मे एक्सीडेंट, पुलिस की गाड़ी पलटी, अफसर समेत 6 जवान जख्मी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शराब माफिया को पकड़ने के चक्कर में समस्तीपुर पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। मामला जिले के बंगरा थाना क्षेत्र का है। घटना में आधा दर्जन पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गये। हल्की-फुल्की चोटे आने पर समस्तीपुर सदर अस्पताल में सभी घायल पुलिसकर्मियों का इलाज किया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की अहले सुबह गुप्त सूचना मिलने पर बंगरा थाना क्षेत्र में शराब तस्करी की सूचना पर पेट्रोलिंग कर रही पुलिस कर्मी शराब लेकर भाग रही धंधेबाजों की गाड़ी का पीछा कर रही थी। इस दौरान शराब तस्करों ने पुलिस की जीप में अपनी गाड़ी से धक्का मार दिया। इस दौरान असंतुलित होकर बंगरा पुलिस की जीप सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी। जीप पर सवार थाना के एक पुलिस अधिकारी समेत आधा दर्जन पुलिस कर्मी चोटिल हो गए। चोटिल सभी पुलिस कर्मी खतरे से बाहर बताए गए हैं। हालांकि इसके बावजूद शराब वाली गाड़ी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल कर लिया लेकिन, चालक गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। बाद में किरान मंगवाकर पुलिस गाड़ी गड्ढे से बाहर निकाली गई।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलसंडी डीह में किया गया आईसीटी लैब का उद्घाटन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलसंडी डीह में आईसीटी लैब का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया गया। समारोह की अध्यक्षता बीएमपी रवि शंकर प्रसाद एवं संचालन विद्यालय के शिक्षक रविंद्र कुमार सिंह कर रहे थे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान, प्रभारी पंकज कुमार उपस्थित हुए। सर्वप्रथम आगत अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने आईसीटी लैब का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। बता दें कि मध्य विद्यालय बेलसंडी डीह को 10 कंप्यूटर दिया गया है जिसका इंस्ट्रेक्टर कार्तिक कुमार को बनाया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक वीर बालक साहनी, कंचन कुमारी, मौसमी कुमारी, गौरव कांत, मोहम्मद दिलशाद आलम, शुभम कुमार, काजल, लक्ष्मण कुमार, निरंजन कुमार, लेखपाल पंकज कुमार, संतोष कुमार एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पैसा कमाने के लिये चोरी करते थे तीन नाबालिग छात्र, लाइनर समेत चार गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के कोनैला चौक स्थित एक मोबाइल दुकान का शटर काटकर 14 मार्च की रात हुई चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 11 मोबाइल भी बरामद की गयी है। अनुमंडल पुलिस कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़े गये आरोपितों में तीन नाबालिग हैं। तीनो शहर के अलग-अलग दो निजी स्कूल के छात्र हैं। इनके अलावे लाइनर का काम करने वाले सुजीत कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुजीत उजियारपुर थाने के शेखपुरा, वार्ड 12 निवासी रामबली झा का पुत्र है। उन्होंने बताया कि चोरी के दौरान सुजीत आरोपितों के साथ मोबाइल पर लगातार सम्पर्क में था। उन्होंने बताया कि बरामद मोबाइल में से 5 मोबाइल उपयोग में था जबकि 6 मोबाइल सील स्थिति में बरामद किया गया। इसके अलावे एक बाइक भी जब्त की गयी। पकड़े गये छात्रों ने बताया कि पैसा कमाने के लिये मोबाइल दुकान में चोरी की थी। इन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष राकेश कुमार रंजन, तकनीकी कोषांग के एसआई चन्द्रकेतु, उजियारपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार आदि शामिल थे। मालूम हो कि चोरों ने मोबाइल दुकान से 50 मोबाइल, ब्लूटूथ हेड फोन, सीलिंग फैन, वाईफाई, सीसीटीवी सेटअप समेत अन्य सामान चोरी की थी। पैसा कमाने के लिये चोरी करते थे तीन नाबालिग स्कूली छात्र, लाइनर समेत चार गिरफ्तार।

# बिरौल गांव में भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के महुआ एकडारा पंचायत के बिरौल गांव स्थित मंगलवार को श्री श्री 108 वैश्विनवी चैती दुर्गा मंदीर स्थल से चैती नवयात्रा पूजा को लेकर पूजा कमिटी के संयोजक सेवा निवृत्त शिक्षक तेजीलाल यादव के नेतृत्व में 251 कन्याएं के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी. इस भव्य कलश शोभा यात्रा का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता व स्वर्ण व्यावसायिक अमरनाथ प्रसाद समाजसेवी डा. सतीश गोइत वर्तमान मुखिया छठु पासवान, पूर्व मुखिया सिंघेश्वर प्रसाद यादव द्वारा संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर कलश को रवाना किया गया. कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ सभी कन्याएं माथे पर कलश रखकर माँ दुर्गा जी की जय जयकार लगाते हुए बिरौल गांव, बिरौल मुसहरी ,सुक्की गांव की प्रक्रिमा करते हुए सुक्की कमला नदी घाट पर सभी कन्याएं जल बोझकर पुनः वापस चैती दुर्गा मंदिर बिरौल लाकर विद्वान पंडित नुनू झा द्वारा पुजारी संतोष यादव को वैदिक मंत्र उच्चारण करके सभी कलश को स्थापना कराया गया.इस दौरान भाजपा नेता व स्वर्ण व्यावसायिक अमरनाथ प्रसाद ने कहा कि चैती माता दुर्गा जी की पूजा अर्चना करने से गांव, टोला में माता दुर्गा जी की असीम कृपा बनी रहती है.उन्होंने कहा कि जो मनुष्य माँ दुर्गा जी की पूजा अर्चना करके सनातन धर्म की बरकरार करता है उस मनुष्य को किसी प्रकार की दुष्ट गोजर से छुटकारा पता है.वही चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सकलदेव यादव एव संयोजक सेवा निवृत्त शिक्षक तेजीलाल यादव ने कहा ने कहा कि यह चैती नवयात्रा पूजा 9 से 18 अप्रैल तक निरतंर चलेगी.इस पूजा के दौरान सप्तमी एव अष्टमी पूजा के दौरान कुवारी कन्याएं की भोजन एव खोइछा भरकर मातारानी की पूजा अर्चना की जाती है.इस चैती दुर्गा पूजा में पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. दुर्गा पूजा में भव्य मेला का आयोजन कर श्रद्धालु भक्तजनों को मनमोहक केंद्र बना है.इस कलश यात्रा मोके पर पूजा समिति के अध्यक्ष सकलदेव यादव, सचिव शंम्भू प्रसास यादव, सह सचिव संजय कुमार यादव, पंसस रघुबीर यादव,धनवीर यादव,उपेंद्र यादव,गुणानंद यादव, जीवछ यादव,सरपंच कारी पासवान सहित समस्त हथियाही एव बिरौल ग्रामवासी शामिल थे।

# कलश स्थापना के साथ चैती नवरात्र हुआ शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कलश स्थापना के साथ चैती नवरात्र मंगलवार से शुरू हो गया है। वहीं भारत माता डिहवार स्थान मूसेपुर कुंवारी कन्याओं ने बूढ़ी गंडक नदी के लगोटीया घाट से जल भरकर मंदिर में स्थापना किया। वहीं दूसरी खरसंड लक्ष्मी पुर गांव में 351 कन्याओं के दौरान बागमती नदी से जल भरकर कलश स्थापना किया। वहीं क्षेत्र परतापुर तीरा में कलश स्थापना किया गया। पूजा स्थल पर वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। मोके पर नगर निगम के उप मेयर राम बालक पासवान, राज कुमार राय, पूर्व मुखिया राम बली राय, भोला राय, रवि शंकर सिंह, नितिन विनेश, आशीष पटेल सहित सभी पूजा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# निर्वाचन साक्षरता क्लब का हुआ गठन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता हेतु विविध प्रयास किए जा रहे हैं। युवा एवं भावी मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालयों ,उच्च शैक्षणिक संस्थाओं, तकनीकी संस्थानों में निर्वाचन साक्षरता क्लब गठित किए गए हैं जिनके माध्यम से सक्रिय स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप कोषांग के द्वारा मुजफ्फरपुर जिले के महाविद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों में निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन कर उनके माध्यम से स्वीप गतिविधियां संचालित की गई है। इसी क्रम में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भी मतदाता जागरूकता गतिविधियों का सक्रिय क्रियान्वयन किया जाना है। इसके लिए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत *विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के माध्यम से संकल्प पत्र का वितरण सुनिश्चित किया जाना है जिससे युवा मतदाता, उनके माता-पिता एवं परिवार जनों को निर्वाचन प्रक्रिया में प्रतिभागिता हेतु प्रेरित किया जा सके।* इसके लिए स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी को जिला अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों में संकल्प पत्र का वितरण करने का निर्देश दिया गया है।

# एसपी शुशील कुमार ने विधिवत कार्यालय का उद्घाटन किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खजौली कार्यालय में मंगलवार को एएसपी मनोज राम ने पूजा अर्चना की. अनुमंडल पुलिस कार्यालय में पूजा अर्चना के बाद एसपी शुशील कुमार ने विधिवत कार्यालय का उद्घाटन किया गया.एसपी शुशील कुमार ने बताया कि सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधुबनी के अंदर आठ थाना पड़ता था. सभी थानों का कांड को लेकर अनुसंधान करने में दिक्कत आ रही थी.इस लेकर सरकार ने खजौली अनुमंडल पुलिस केंद्र स्थापित कर डीएसपी की पदस्थापित होने से चार थाना खजौली, कलुआही, बाबूबरही एव राजनगर का सभी कांड का निष्पादित खजौली डीएसपी द्वारा किया जाना है.उन्होंने कहा कि कार्यालय एक माह पूर्व से ही चल रहा था लेकिन विधिवत उद्घाटन नही होने से आम जनता में जानकारी नही थी.वही एएसपी मनोज राम ने कहा कि खजौली पुलिस अनुमंडल केंद्र स्थापित होने के बाद चार थाना का पर्यवेक्षण रिपोर्ट डीएसपी कार्यालय से ही निर्गत किया जाएगा. वही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में पूजा के दौरवन पुलिस निरीक्षक अभय कुमार, खजौली थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, राजनगर थानाध्यक्ष सचिन कुमार, बाबूबरही थानाध्यक्ष चंद्रमणि जी,कलुआही थानाध्यक्ष सपन कुमार , बीडीओ लवली कुमारी,बाबूबरही बीडीओ राधा कृष्ण मुरारी,एसआई मुनेश्वर गुप्ता,जितेश कुमार, व्यासदेव कुमार, रीडर देवेंद्र कुमार शर्मा सहित सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### कलश शोभा यात्रा के साथ ही हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह विष्णु महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत चकहवीब स्थित शाहपुर चौक पर मंगलवार को कलश शोभा यात्रा के साथ ही हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह विष्णु महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में 251 कुमारी कन्याओं ने भाग लिया। वहीं उद्घाटन कथा वाचिका पूजा द्विवेदी, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, पैक्स अध्यक्ष शशिकांत झा, पंचायत समिति सदस्या ममता कुमारी, पंडित लाल बाबू झा के द्वारा संयुक्त रूप फीता काटकर किया गया। प्रथम दिन पंचांग पूजा, मंडप प्रवेश विधिवत रूप से किया गया। यजमान के रूप में राजू मिश्र, अनीता देवी, अरविंद कुमार झा, रत्ना देवी, पांडव कुमार मिश्र, रीता देवी, मुकेश मिश्र, पुतुल देवी, व सत्यनारायण मिश्र, हीरा देवी व पंडित सीताराम झा, राकेश कुमार झा, अभिराम झा, वैदिक सूरज कुमार, चंदन पंडित उपस्थित थे।

# ईद, रामनवमी व चैती छठ को ले मुफ्फसिल थाना में की बैठक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

ईद, रामनवमी व चैती छठ को लेकर मुफ्फसिल थाना में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने की। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अन्य लोगों से सभी पर्व-त्यौहार शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि पर्व को लेकर पुलिस बल को चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इसको लेकर डीजे के विरुद्ध 107 की कार्रवाई की गई है। वहीं डीजे संचालकों के साथ बैठक भी की जाएगी। चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। साथ ही सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने एवं सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान उपद्रवियों पर विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। उपद्रव व अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उप प्रमुख राजेश कुमार सिंह, प्रभात कुमार राय, लखीचंद्र पासवान, रविरंजन तिवारी, सरपंच मुरारी ठाकुर, मो. सरफराज आलम व रिपुंजय कुमार आनंद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रगति पत्र वितरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड क्षेत्र के पकड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह वार्षिक प्रगति पत्रक वितरण समारोह आयोजन किया गया। इस आयोजन में वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद, रंगोली, नृत्य, पेंटिंग आदि प्रतियोगिता आयोजित किए गए। इसके साथ शिक्षक एवं अभिभावक संवाद भी किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक नीलेश कुमार ने बच्चों के अभिभावकों को बताया की बच्चों को केवल स्कूल की निर्भरता पर ही नहीं छोड़ें उसे स्कूल के द्वारा दी गई टास्क पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई लिखाई से संबंधित कई प्रकार की वार्तालाप संवाद किया गया। इस मौके पर शिक्षक अरुण तिवारी, राजेश तिवारी मुकेश कुमार लाल, मुकेश कुमार सुमन, प्रमोद कुमार सिंह, शबी आलम नमानी, मुख्तार अहमद काशिब, बेबी कुमारी, श्वेता सुमन, सानू संतोषी, आरती कुमारी, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राथमिक विद्यालय को उत्क्रमित करने की मांग

महनार। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक विद्यालय को उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय बनाने की मांग मुख्य पार्षद रमेश राय ने सरकार से किया है। विदित हो कि प्रखंड मुख्यालय परिसर में ही कस्तूरवा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय है और इसमे रहने वाली छात्राओं को दिन के समय बगल के मध्य विद्यालय में जाकर पढ़ाई करनी पड़ती है। प्रखंड मुख्यालय परिसर में मध्य विद्यालय नही है जिस कारण इन छात्राओं को अपने आवास से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित मध्य विद्यालय में जाना पड़ता है। इस दौरान रास्ते मे छेड़खानी व दुर्घटना का खतरा बना रहता है। प्रखंड मुख्यालय परिसर में ही प्राथमिक विद्यालय है जिसको उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय बनाने की मांग रमेश राय ने किया है। रमेश ने कहा है कि जब यह विद्यालय उत्क्रमित हो जाएगा तो छात्राएं इसी परिसर के अंदर रहेगी और इस कारण वह भयमुक्त बनी रहेगी।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट

## दोनो पक्षों से एक दर्जन लोग घायल, दो की स्थिति नाजुक, रेफर

● मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा भूमि विवाद को लेकर चंदेश्वरी यादव और उपेंद्र यादव के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनो पक्षों से एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं उपेंद्र यादव और उनके पुत्र की स्थिति काफी नाजुक है जिसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल से पटना रेफर कर दिया। मामला भरहीं थाना क्षेत्र के भदौल गांव स्थित वार्ड संख्या 3 का है। जहां विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। वहीं एक पक्ष के 7 लोग गंभीर रूप से जख्मी है तो दूसरे पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना 112 नंबर डायल पुलिस को दी गई जिसके बाद 112 नंबर पुलिस और भरहीं की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि चंदेश्वरी यादव और उपेंद्र यादव के बीच लंबे समय से 12 कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चली आ रही है उक्त जमीन उपेंद्र यादव के कब्जे में है जिस पर मुकदमा लंबित है इसी जमीन को लेकर दोनो पक्षों के बीच जमकर मारपीट की घटना घटित हुई है। फिलहाल इस घटना में उपेंद्र यादव के पक्ष से 7 लोग गंभीर रूप से घायल है और चंदेश्वरी यादव के पक्ष से 3 लोग घायल हुए है सभी घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है तो वहीं उपेंद्र और उनके पुत्र की स्थिति नाजुक देख मेडिकल कॉलेज अस्पताल पटना रेफर कर दिया है। हालांकि पुलिस के वरीय अधिकारी इस मामले को लेकर फिलहाल कैमरे पर कुछ भी कहने से परहेज कर रहें हैं तो वहीं घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस इंस्पेक्टर रामलाल पंडित ने बताया कि बहरहाल जांच की जा रही है जांचों उपरांत दोषी व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मेरा वोट मेरा भविष्य, पहले मतदान फिर जलपान

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जिलाधिकारी वैशाली एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मेरा वोट मेरा भविष्य, पहले मतदान फिर जलपान आदि स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संचालन बाल विकास पर्यवेक्षिका सुजाता कुमारी के नेतृत्व में बाल विकास परियोजना परिसर में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को बाल विकास कार्यलय लालगंज परिसर में लालगंज प्रखंड की सेविका एवं आईसीडीएस कार्यालय के पर्यवेक्षिका सुजाता कुमारी के नेतृत्व में स्लोगन,लिखकर एवं रैली निकालकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।
अपनी कला क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के रोचक स्लोगन का निर्माण कर अपने प्रतिभा और कला का प्रदर्शन किया। इस स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र की सभी मतदाताओं खासकर युवा और वृद्ध मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की गई। वही पर्यवेक्षिका सुजाता कुमारी के द्वारा बताया गया कि वोट देकर कर्तव्य निभाएं लोकतंत्र मजबूत बनाएं के नारे के साथ रैली निकाली गई। उन्होंने सेविकाओं को बताया को आमजनो एवं पोषक क्षेत्र के अभिभावकों को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए उनसे मतदान में स्वयं शामिल होने का अपील किया गया। सभी लोग अपने समाज के लोगों को भी मतदान को लेकर जागरूक करें। इस मौके पर पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, सेविका सुभद्रा कुमारी,नीतू सिंह,कविता कुमारी,पिंकी कुमारी संगीता कुमारी, समेत सैकड़ो सेविका उपस्थित थी।

# कक्षा प्रथम से नवम वर्ग के बच्चों के वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई / लक्ष्मीपुर :- बिहार सरकार शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिड्यूल के आलोक में प्राथमिक, मध्य एवम उच्च विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन 2024 के परीक्षाफल प्रकाशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विदित हो की 18 मार्च से शुरू होकर 29 मार्च को वार्षिक मूल्यांकन कार्य समाप्त हुआ। तत्पश्चात कक्षा प्रथम एवं चतुर्थ के वार्षिक मूल्यांकन से संबंधित प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका जांच की व्यवस्था के तहत बगल के विद्यालयों से टैग किया गया था। लक्ष्मीपुर प्रखंड के सभी प्राथमिक,मध्य,उच्च विद्यालयों में कक्षा प्रथम से चतुर्थ कक्षा तथा मध्य विद्यालय में कक्षा छठीं व सातवीं एवम उच्च विद्यालयों में आठवीं और नौवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्रों का रिजल्ट जारी किया गया।इस अवसर पर + 2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय हिरम्बा प्रखंड लक्ष्मीपुर जिला जमुई के प्रांगण में भव्य प्रवेशोत्सव सह दीक्षांत समारोह का आयोजन मंगलवार 09 अप्रैल को किया गया है।इस दीक्षांत समारोह में शिक्षक- अभिभावक बैठक,प्रगति पत्रक वितरण,नामांकन,मतदाता जागरूकता अभियान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में किया गया। शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार वार्षिक मूल्यांकन के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं को अभिभावकों के बीच शेयर किया गया।ताकि अपने बच्चों की उपलब्धि को वह भी जान सके। इसी क्रम में +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय हिरम्बा में प्रभारी प्रधानाध्यापक गंगा सागर मिश्रा की उपस्थिति में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन कर विद्यालय के सफल प्रथम, दुतीय और तृतीय विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक के वितरण किया गया और पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें प्रथम वर्ग से प्रथम श्रेणी में पास होने वाले छात्र का नाम आकर्ष कुमार पिता वीरेन्द्र यादव,दूसरा क्लास में अनिकेत कुमार पिता अखिलेश कुमार, तृतीय वर्ग में स्नेहा कुमारी पिता गिरीश यादव, चतुर्थ वर्ग में नीतू कुमारी पिता शरीफ यादव, पंचम वर्ग में अंश कुमार रमेश यादव और कुमार यशराज पिता रमेश झा,छठा क्लास में राजीव कुमार पिता संजय झा व अमन कुमार अनिल साह,क्लास सेवन में पिचु कुमारी पिता संजय साह,अष्टम वर्ग में अनुराधा कुमारी पिता वीरेन्द्र तांती और नवम वर्ग में शुभम कुमार पिता विश्वनाथ तांती ने उत्तीन हो कर परचम लहराया।इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गंगा सागर मिश्रा के साथ सहायक शिक्षक सोनी कुमारी,किशोर कुमार मंडल, धीरज कुमार मिश्र,अर्चना कुमारी, अंजनी कुमार,रोहित कुमार,नीतू कुमारी,पूजा कुमारी, अंजनी कुमारी और सोनी भारती मौजूद थे।उपस्थित सभी शिक्षकों ने अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को स्कूल भेजिए। हम सभी शिक्षक ईमानदारी पूर्वक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य करेंगे।कई अभिभावकों ने भी अपने - अपने विचारों को रखा। छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरण किया गया प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मीपुर तारकेश्वर प्रसाद मिश्र ने बताया कि लक्ष्मीपुर प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य एवम उच्च विद्यालय में समारोह पूर्वक अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन कर छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरण किया गया।उनके द्वारा जानकारी दी गई की प्राथमिक विद्यालय में 06 अप्रैल को मध्य विद्यालयों में 08 अप्रैल को और उच्च विद्यालयों में 09 अप्रैल को दीक्षांत समारोह आयोजित कर बच्चों को अभिभावकों के समक्ष प्रगति पत्रक के साथ पुरस्कृत किया गया।कक्षा जिसमें में अ,इ,उ ग्रेट प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रगति पत्रक हस्तगत कराया और उन्हें उच्च कक्षा में नामांकन हेतू विधालय स्थानांतरण पत्र भी दिया जाऐगा।

# संकल्प लिया पहले मतदान फिर कर जलपान

प्रात : किरण, संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) चुनाव आयोग द्वारा प्रत्येक मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र जाकर मतदान जरूर करने के लिए जागरूक करने को कई तरह के कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को पुरैनी प्रखंड अंतर्गत नरदह पंचायत के मध्य विद्यालय योगीराज में स्वीप कार्यक्रम के तहत रौनक जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में रौनक जीविका संघ के सैकड़ों जीविका दीदी ने हिस्सा लिया। वोट देने जाना है, अपना फर्ज निभाना है के साथ मतदाता जागरूकता संबंधित कई स्लोगन और नारा लगाते हुए प्रभात फेरी में महिलाएं शामिल हुई। योगीराज मध्य विद्यालय से शुरू होकर योगीराज चौक होते हुए मुस्लिम मोहल्ला होते हुए मेहता मोहल्ला होकर पुनः मध्य विद्यालय योगीराज समाप्त हुआ। मौके पर बीपीएम संजीत कुमार ने कहा कि 07 मई को होने वाले मतदान में सभी लोग अपने मतों का उपयोग करें और अपने आसपास के लोगों को भी तदान के लिए जागरूक करे। मौके पर अकाउंटेंट रवि राज, सीसी पंकज कुमार, विकास मित्र दुलारचंद कुमार, पंचायत न्याय सचिव विकास कुमार, जीविका वीओ लेखपाल अनवर आलम, सीएम फूल कुमारी, खुशबू कुमारी, शिंपी कुमारी, वीणा कुमारी, शर्मिला कुमारी, सोनी कुमारी, सहित अन्य मौजूद रहे।

# लोस चुनाव को लेकर मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा

## 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर किया जा रहा निरिक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते जा रही उस अनुसार शांतिपूर्ण,स्वच्छ एवं व्यवस्थाओं के बीच मतदान करने की तैयारियां जोरों पर है।मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार ने आधा दर्जन मतदान केन्द्रों पर घूमकर जायजा लिया।उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनझुलिया प्राथमिक विद्यालय बानाडीह, उर्दू विद्यालय मौरा, संस्कृत महाविद्यालय गिद्धौर, मध्य विद्यालय पूर्वी गुगुहडीह सहित कई अन्य मतदान केन्द्रों पर पहुंचे। शौचालय, बिजली, पानी, रैंप, उपस्कर केंद्र पर पहुंचने की सुविधा शोड आदि बुनियादी सुविधाओं, शेड आदि बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली।जिले के वरिये पदाधिकारी के दिशा निर्देश को ले।प्रखंड भर के सभी मतदान केंद्र को बार-बार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कहीं कोई कमी नहीं रह जाए।जमुई लोकसभा में 19 अप्रैल को मतदान कराया जाना है।

# मतदाता जागरुकता के तहत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। स्वीप गतिविधि अंतर्गत वैशाली जिले के स्वीप आईकॉन श्री अभय कुमार ने महिला महाविद्यालय हाजीपुर, सुभद्रा देवी नर्सिंग कॉलेज हाजीपुर, एवं देवचंद महाविद्यालय हाजीपुर में आयोजित मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत उपस्थित लोक सभा आम निर्वाचन में प्रथम बार मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं से मतदान करने एवं अपने अभिभावको को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। जंदाहा प्रखंड अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों के क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु आइसीडीएस के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, सेविकाओं एवं आमजनों ने भाग लिया। बैठक में घर-घर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करने की चर्चा की गई। इस अभियान में सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं ने हर घर में जाकर मतदाताओं से मतदान के दिन मतदान केन्द्र जाकर मतदान करने की अपील की। इसी क्रम में बिदुपुर, देसरी, गोरौल, जंदाहा, लालगंज प्रखंड में भी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र वैशाली के द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केन्द्र से जुड़े विद्यार्थियों एवं केन्द्र के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं उनके अभिभावको ने मतदान करने एवं अपने आस-पास के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। नेहरु युवा केन्द्र के स्वयंसेवको द्वारा पटेढ़ी बेलसर के मिश्रौलिया एवं राजापाकर के रामपुर रत्नाकर पंचायत में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी युवाओं एवं आमजनों ने मतदान करने एवं घर के सभी मतदाताओं को मतदान के दिन साथ मतदान केन्द्र ले जाने का संकल्प लिया। बुनियाद केन्द्र बिदुपुर,,महनार एवं पातेपुर, द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने हेतु बुनियाद केन्द्र के कर्मियों ने घर-घर जागरुकता अभियान चलाया। गृह भ्रमण के दौरान घर पर उपस्थित सभी मतदाताओं से लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आस- पास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। बिदुपुर, लालगंज एवं जंदाहा प्रखंड अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका दिदियो एवं आम जनों ने भाग लिया। उपस्थित सभी जीविका दिदियो से मतदान करने एवं अपने आसपास और परिवार के सभी मतदाताओं को मतदान है तो प्रेरित करने के अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया।

# एनएसयूआई का मनाया गया 54 वां स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा एनएसयूआई के 54 वें स्थापना दिवस पर एनएसयूआई कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष निशांत यादव के नेतृत्व में बीएनएमयू परिसर में पौधारोपण कर स्थापना दिवस को समारोह पूर्वक मनाया। एवं छात्र -छात्राओं के हक - अधिकार , सम्मान और उनके लोकतांत्रिक हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रति प्रण लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएनएमयू परीक्षा नियंत्रक प्रो. शशिभूषण, कुलानुशाशक डॉ बी एन विबेका, महाविद्यालय निरक्षक बी पी सिंह समेत बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की एनएसयूआई जैसे लोकतांत्रिक छात्र संगठन की स्थापना 9 अप्रैल 1971 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी द्वारा किया गया था। एनएसयूआई आज देश के करोड़ों छात्र - छात्राओं की आवाज बनी हुई है। उनके हक, अधिकार और सम्मान के लिय संघर्षरत है। एनएसयूआई केवल छात्रों के अधिकारों के लिय हो संघर्ष नहीं कर रही है बल्कि देश के बेहतर भविष्य निर्माण के लिय नेतृत्वकर्ता भी तैयार कर रही है। उन्होंने कहा की आज जिस प्रकार से देश में मोदी सरकार छात्र और युवाओं के हक अधिकार पर हमले कर रही है ऐसे समय में केवल एनएसयूआई ही छात्र और युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ सरकार से लड़ रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई छात्रनेता जयकिशन कुमार, डूलेन कुमार, सुभाष कुमार, प्रदीप कुमार, निरंजन कुमार, विभाष कुमार, मणिभूषण, लाल बहादुर, प्रभात रंजन समेत दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्कूल में बच्चों के बीच बांटा गया प्रगति पत्रक व पुरस्कार

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय झिटकिया एवं मध्य विद्यालय झिटकिया में वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशन को लेकर सोमवार को विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के बीच प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। वही बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ओर बच्चों के नामांकन अभियान का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वागत गान, संगीत, कविता वाचन समेत कई कार्यक्रम में भाग लेकर अपने प्रतिभा को निखारने का कार्य किया।इस अवसर पर झिटकिया माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों के बीच कई प्रकार के उपहार दिया गया जिसमें औजार बॉक्स, पेंसिल बॉक्स, स्क्रैच पेन, कलम, कॉपी इत्यादि सामग्री शामिल है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर राज नंदन यादव युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष चैलाढ़ एवं अभिभावक बेचन प्रसाद, सुशील कुमार, अनिल कुमार भारती एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ गणेश कुमार मंडल, शिक्षक अजीत कुमार, आनंदवत कुमार, साजन कुमार, हिमांशु कुमार, राजीव हसन वही शिक्षिका खुशबू कुमारी, प्रीति भगत, प्रियंका कुमारी गुप्ता, बेबी कुमारी समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद थे।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत

हाजीपुर। आज मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके समक्ष रख सकते हैं ।

# जिले में ईद उल फितर के अवसर पर धारा 144 लागू

प्रात : किरण संवाददाता

जिले में ईद उल फितर (ईद) -2024 के अवसर पर अनुमंडल दंडाधिकारी अभय कुमार तिवारी के द्वारा 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक जमुई अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी है ' निषेधाज्ञा लागू रहने की स्थिति में एक स्थान पर खड़ा होना, मटरगश्ती करना, मजमा लगाना, किसी प्रकार का अस्त्र शस्त्र (पुलिस बल को छोड़कर) से लैस होकर चलना, बाधा उत्पन्न करने की मंशा से मटरगश्ती करना सर्वथा वर्जित होगा। उपयुक्त निषेधाज्ञा के फलस्वरूप निम्न कार्य निषिद्ध रहेंगे । किसी भी व्यक्ति के द्वारा अस्त्र-शस्त्र, अग्नेयास्त्र एवं अन्य विस्फोटक पदार्थ से लैस होकर घूमना (पुलिस बल को छोड़कर) सर्वथा वर्जित होगा ' किसी भी स्थिति में अश्लील गाना बजाना या कार्यक्रम करना सर्वथा वर्जित रहेगा ' बीमार व्यक्तियों को अस्पताल, नर्सिंग होम ले जाते समय व्यवधान उत्पन्न करना सर्वथा वर्जित होगा ' सभी निजी, सार्वजनिक एवं धार्मिक समारोहों/ कार्यक्रमों/ स्थलों पर समान रूप से निषेधाज्ञा लागू रहेंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन के रचनात्मक अवदान पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग, विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राहुल सांकृत्यायन की जयंती के अवसर पर महापंडित राहुल सांकृत्यायन का रचनात्मक अवदान विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय हिन्दी परिषद् के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव ने राहुल की साहित्यिक यात्राओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने राहुल की रचनाओं में व्यक्त ऐतिहासिकता और राष्ट्रभाषा पर उनके विचारों को सामने लाया और उनकी सुप्रसिद्ध रचना वोल्गा से गंगा में व्यक्त मातृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था की भी चर्चा की। उन्होंने राहुल की साहित्यिक क्रियाशीलता के बारे में बताते हुए मातृभाषाओं के प्रश्न पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि राहुल जी सच्चे अर्थों में लोक भाषा-विज्ञानी थे। वे 36 भाषाओं के ज्ञाता थे। इसके बावजूद उन्होंने अपने लेखन का माध्यम हिंदी को चुना। उनका विपुल साहित्य राष्ट्र-निर्माण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।विशिष्ट अतिथि हिन्दी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पांडेय ने राहुल सांकृत्यायन के जीवन, उनकी साहित्यिक और सामाजिक प्रतिबद्धता को सबके समक्ष रखा उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने राहुल को कागद की लेखी नहीं, वरन आँखन देखी परंपरा का साहित्यकार बताया। उन्होंने राहुल के दार्शनिक विचारों और उनके जीवन संघर्षों और उनके यात्रा वृतांतों पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बताया कि राहुल की रचनाएं अनुभवजन्य ज्ञान का प्रामाणिक दस्तावेज और हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि है। इनकी रचनाओं पर व्यापक अनुसंधान की जरुरत है। उन्होंने कहा कि राहुल की रचनाओं में व्यक्त संदेशों को जीवन में उतारने की जरूरत है। कार्यक्रम के अध्यक्ष हिन्दी के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद मोहन जायसवाल ने राहुल जी की घुमक्कड़ी प्रवृति और मनुष्यता के प्रति उनके आग्रह पर विस्तार से बताया। उन्होंने उनके साहित्य को ज्ञान के विभिन्न अनुशासनों से जुड़ा हुआ बताते हुए उसके महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के सह-अध्यक्ष सह दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि राहुल ने भारतीय ज्ञान परंपरा को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वागत वक्तव्य देते हुए कार्यक्रम की संयोजक सह पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. उषा सिन्हा ने राहुल जी की ज्ञान परंपरा और बौद्ध पुस्तकों को भारत लाने के उनके प्रयासों से सीख लेने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने राहुल की विभिन्न रचनाओं और लोकभाषा के प्रति प्रेम पर भी प्रकाश डाला। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिद्धेश्वर कश्यप ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन मानव धर्मी चिंतक एवं लेखक हैं। अपनी कृतियों में वह मार्क्सवादी, गांधीवादी, समाजवादी मूल्यों को स्वर देते हैं। लेकिन मानवधर्मी मूल्य को रचनात्मक आयाम प्रदान करते हैं। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. नरेश कुमार ने कहा कि राहुल के विचारों में सकारात्मकता है। यह हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. विनय चौधरी ने राहुल के विलक्षण और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राहुल एक पति एवं पिता की भूमिका का सम्यक निर्वहन नहीं कर सके। कार्यक्रम में मनोज विद्यासागर एवं जेआरएफ विभीषण आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व संगोष्ठी के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने राहुल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। तदुपरांत दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों को अंगवस्त्रम् एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रफुल्ल ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम में मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार मल्लिक, वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राणा सुनील कुमार सिंह, इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. सी. पी. सिंह, गणित विभागाध्यक्ष नरेश कुमार, डॉ. पी. एन. सिंह, डॉ. मोनिका, डॉ. विवेक प्रताप, डॉ. विनय कुमार, डॉ. कुमार श्रषभ, डॉ. प्रफुल्ल कुमार, डॉ. रश्मि कुमारी, अजय कुमार, डॉ. सदय कुमार, डॉ. सुमेध आनंद, नरेश कुमार, तनु प्रिया, नन्ही कुमारी, कल्याणी कुमारी, नरेश कुमार, राहुल पासवान, राजहंस राज, सौरभ कुमार चौहान, सुमन कुमार, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डीएम ने मनाया समावेशी स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा एक अलग हीं अनोखे तरीके से मधेपुरा में मनाया जा रहा है समावेशी स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान। जिला मुख्यालय के बीएन मंडल स्टेडियम मैदान में जिला स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रिंस कुमार के नेतृत्व व डीएम विजय प्रकाश मीणा के अध्यक्षता में स्वस्थ रहे मतदान करें, कार्यक्रम के तहत योग कार्यक्रम भी आयोजित की गई, जिसमे डीएम के अलावे दर्जनों अधिकारी समेत स्थानीय लोगों ने भाग लिया और कई घंटो तक योग और आलोम विलोम किया। इस मौके डीएम विजय प्रकाश मीणा ने मौजूद सभी अधिकारी समेत लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समावेशी स्वीप कार्यक्रम के दौरान लोक तंत्र की मयार्दा को रखते हुए बिना किसी भेद भाव के निर्भिग होकर मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाया। इस मौके पर डीएम विजय प्रकाश मीणा ने मौजूद अधिकारी और स्थानीय जिले वासी से अपील करते हुए कहा कि पहले मतदान फिर करें जलपान।

सम्पादकीय

# शिक्षक की संवेदनहीनता

अहमदाबाद के एक नामचीन निजी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने नौवीं कक्षा के मिर्गी की बीमारी से पीड़ित एक्स छात्रा के समक्ष उसके पिता से कहा अगर मिर्गी की बीमारी की वजह से आपकी बेटी कक्षा में लगातार अनुपस्थित रह रही है तो आप किसी ओपेन स्कूल में उसका दाखिला करवा दीजिए, ताकि उसे रोज स्कूल जाने के बंधन से मुक्ति मिल जाए और सिर्फ परीक्षा देने के लिए ही स्कूल जाना पड़े। प्रत्युत्तर में एक्स छात्रा के अभिभावक ने कहा, मैडम, इस बीमारी में बच्चे का कम से कम 9 से 10 घंटे सोना जरूरी होता है, अन्यथा मिर्गी का ट्रिगर आ सकता है। इसलिए नींद नहीं पूरा होने पर एक्स स्कूल नहीं जा पाती है, इस वजह से पूर्व के स्कूलों में भी एक्स का 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरा नहीं हुआ था, पर कभी भी किसी शिक्षक या प्रिंसिपल ने इस तरह की आपत्तिजनक सलाह नहीं दी, एक शिक्षक होकर आप ऐसी बेतुकी बातें कैसे कर सकती हैं, क्या आपको नहीं मालूम है कि ऐसा करने से बच्चे पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ सकता है, उसके व्यक्तित्व का विकास भी बाधित हो सकता है आदि। वाइस प्रिंसिपल से इस तरह के संवेदनहीन और अनैतिक सलाह की कतई अपेक्षा नहीं की जा सकती है, वह भी पीड़ित छात्रा के सामने, लेकिन शिक्षा के संक्रमण के दौर में शिक्षा और शिक्षकों का इस कदर बाजारीकरण हो चुका है कि शिक्षकों के संवेदनशील होने की कल्पना करना बेमानी है। अब टीचर और बुचर के बीच के फर्क की परत बहुत तेजी से छीज रही है। शायद इसी वजह से कोटा और देशभर में बड़ी संख्या में बच्चे हर साल आत्महत्या कर रहे हैं। निजी स्कूलों में सुविधाओं की बात करें तो मुश्किल से 5 प्रतिशत स्कूलों में ही खेल का मैदान है। ऐसे में, इंडोर गेम खेलकर बच्चे शारीरिक रूप से कितने फिट रहेंगे? अमूमन, निजी स्कूलों में न ही लाइब्रेरी होती है और न ही फर्स्ट एड की व्यवस्था। आजकल निजी स्कूलों में बच्चों को विभिन्न मुद्दों पर परामर्श देने के लिए काउंसलर भी रखा जा रहा है, लेकिन इनकी उपयोगिता भी सवालों के घेरे में हैं। कुछ स्कूलों में तो आज ड्रग्स और पॉर्न का बाजार भी फल-फूल रहा है। नर्सरी कक्षा से ही निजी स्कूलों में अभिभावकों से 1 से 1.5 लाख रुपए सालाना फीस वसूली जा रही है। बस का चार्ज अलग से लिया जा रहा है। आर्ट व क्राफ्ट एवं अन्य गतिविधियों के नाम पर अभिभावकों को पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। बावजूद इसके, स्कूलों में अभिभावकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता है। निजी स्कूलों में मोटी फीस जरूर वसूल की जा रही है, लेकिन ऐसे अधिकांश स्कूलों में शिक्षा का स्तर दोयम दर्जे का है। कई निजी स्कूलों की हालत सरकारी स्कूलों से भी बदतर है। निजी स्कूलों में शिक्षकों का वेतन कम होने के कारण ज्ञानहीन शिक्षक अध्यापन का काम कर रहे हैं, जो बच्चों को पढ़ाने की कला से अनभिज्ञ होते हैं, क्योंकि वे प्रशिक्षित नहीं होते हैं। दरअसल, बेरोजगारी की वजह से युवा कम वेतन में भी स्कूल में पढ़ाने के लिए तैयार हो जाते हैं, लेकिन आमतौर पर उनके घर की जरूरतें वेतन से पूरी नहीं हो पाती है, जिसके कारण उन्हें ट्यूशन पढ़ाना पड़ता है। ट्यूशन के लिए स्कूल के बच्चों के अभिभावकों को राजी करना सबसे आसान होता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बच्चों को स्कूल में इस तरह से पढ़ाया जाता है कि विषय की सामग्री उन्हें समझ में नहीं आए। साथ ही, वार्षिक परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाओं, परियोजनाओं, अतिरिक्त गतिविधियों में 20 में से 20 नंबर उन्हीं बच्चों को दिया जाता है, जो ट्यूशन पढ़ते हैं। यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होती है और शिक्षकों द्वारा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है। अकूत पैसा कमाने की चाहत की वजह से एक कक्षा में 40 से 50 बच्चों को पढ़ाया जाता है। शिक्षक कक्षा में सिर्फ तेज बच्चों के तरफ ध्यान देते हैं, जिसके कारण अधिकांश बच्चों की संकल्पनाएं विषय के बारे में स्पष्ट नहीं हो पाती है। हालांकि, यह सच है कि अगर स्कूल में शिक्षक समुचित तरीके से पढ़ाएंगे तो बच्चों को ट्यूशन पढे की जरूरत कभी नहीं पड़ेगी। मौजूदा समय में पेन, पेंसिल, कॉपी, स्कूल बैग, जूते, मोजे, ड्रेस, किताब हर चीज की खरीदगी में स्कूल कमीशन ले रहा है। निजी स्कूलों में किताबों को एमआरपी पर बेचने का ढोंग किया जाता है, क्योंकि उनकी एमआरपी उनकी वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक होती है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फोर्मेशन सिस्टम फॉर एडुकेशन (यूडीआईएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2022 में भारत में कुल स्कूलों की संख्या 14, 08, 115 थी, जबकि निजी स्कूलों की संख्या लगभग 3.40 लाख थी। भले ही सरकारी स्कूलों की संख्या ज्यादा है, लेकिन आर्थिक रूप से सबल अभिभावक; बच्चे को अंग्रेजी में बेहतर शिक्षा मिले, वे संचार कौशल में प्रवीणता हासिल करें आदि के लिए उन्हें निजी स्कूलों में दाखिला करवाते हैं।

# किसके हाथ, किसका खून

चुनाव में हिमाचली चरित्र फिर फंसा- फिर धंसा नजर आ रहा है, तो इसकी वजह छोटे राज्य की तासीर में पार्टियों के नेतृत्व में आ रहा खोट है। इस बार चरित्र का नया जाल बुनकर राजनीति कुछ गुनाह कर चुकी है और कई चुनावों की ओट में चल रहे हैं। यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच भी संगठन की चारित्रिक पृष्ठभूमि का अंतर स्पष्ट है। बेशक भाजपा के हाथ कांग्रेस के खून से रंगे देखे जा सकते हैं, लेकिन जब घाव ही खुद किए हों तो लहू का रिसना कत्ल नहीं। सत्ता का चरित्र हिमाचल के आचरण से कहीं भिन्न होता जा रहा है, यह हम पिछली कुछ सरकारों के दौर से निरंतर देख रहे हैं, लेकिन इस बार बेडिां पहनाकर कत्ल हुए जिसकी जागीर में, वही कह रहा कि कानून को लूट लिया लुटेरों ने। सरकार के कठघरे में पहली बार कांग्रेस के ही बीज नजर आए, जो अब उगे तो खड़पतवार बन गए। सवाल छह विधायकों की जमीर का हमेशा रहेगा, इसलिए खरीद-फरोख्त की तोहमतें उछल रही हैं। हिमाचल सरकार के दावे को मानें तो आरोप यह है कि पूर्व कांग्रेसी विधायकों को भाजपा ने छीना नहीं, खरीदा है। खरीद की दरों पर सियासत का चरित्र भले ही आकर्षित करे, मगर आम हिमाचली की निगाह में यह चुनाव को पसोपेश में डाल सकता है। मुख्यमंत्री ने बाकायदा विधायकों की बिक्री का हिसाब बताना शुरू किया है, तो ये आंकड़े, भ्रष्टाचार में आकंठ डूबने के संकेत हैं। इन विधायकों का सरगना सुधीर शर्मा बताया जा रहा है, तो मुख्यमंत्री को कानूनी नोटिस के जरिए बांधने की कोशिश भी शुरू हुई है। अब कांग्रेस से छिटक कर जो पूर्व विधायक भाजपा की शरण में आए हैं वह आरोपों का छिडकाव कर रहे हैं। यानी यह घर के भेदी भी हैं और लंका दहन की सामग्री भी। ये लांछन जितना आगे बढ़ेंगे, कांग्रेस पर दोनों तरफ से प्रश्नचिन्ह लगेंगे। दूसरी ओर पंद्रह करोड़ की राशि से अगर कोई विधायक बिक सकता है, तो यह वक्तव्य आगे चलकर घमासान मचा सकता है। इसे साबित करने की नौबत दिखाई देती है। क्या इन्हीं मुद्दों पर हिमाचल अब आगे बढ़ेगा या यह मान लिया जाए कि सियासत में यही चलेगा। कम से कम प्रचार के पहले चरण में ही कांग्रेस की धमाकेदार एंट्री के बावजूद कहीं जख्म रिस रहे हैं। दर्द छह विधायक खोने का न भी हो, उपचुनावों में ताली बजाने का भी हो सकता है। आश्चर्य यह कि पक्ष का पहला विरोधी पक्ष कभी पार्टी के जिगर में तो रहा ही है। कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीते छह विधायकों को कोस कर पार्टी कम से कम भाजपा को तो नहीं कोस रही। प्रहार का सारा मैदान अगर छह बागियों के चक्कर में खत्म हो गया, तो भाजपा ह्यतेरी खैर नहींह्ल कब कहा जाएगा। जो भी हो जनता में राजनीतिक घटनाक्रम से खिन्नता जरूर बढ़ रही है। अगर सरकार साबित कर दे कि 15 करोड़ में कोई बंदा बिका है, तो जनता की सजा तय है, लेकिन दूसरी ओर अदालती पचड़ों में बात आगे बढ़ती है, तो भी राज्य को झेलना पड़ेगा। दोनों ही परिस्थितियों में राज्य का चरित्र चौराहे पर है और आम नागरिक अपने ही मत पर अविश्वास प्रकट कर सकता है। जनता ने इसलिए कांग्रेस को जनादेश नहीं दिया था कि चरित्रहनन की तोहमतें उसे परेशान करें, बल्कि बदलाव, नए प्रयोग, सुशासन, चारित्रिक आश्वासन और सुखद भविष्य के लिए सत्ता पार्टी को सौंपी थी। जनादेश की प्रतिबद्धता यह छूट नहीं देती कि सत्ता से कुछ लोगों को खारिज करके शाबाशी ली जाए या एक दूसरे के ऊपर अंगुली उठाकर मनोरंजन किया जाए। हिमाचल आहत है कि कांग्रेस का बेपर्दा आचरण भ्रम पैदा कर रहा है। राजनीति में देवता तो आएंगे नहीं, लेकिन दायित्व भी अगर सूली पर टंगा नजर आए, तो किसके भरोसे राज्य की तस्वीर बदलेगी। हमें नहीं मालूम कौन बिका, कितने का बिका और किसलिए बिका, लेकिन कांग्रेस के भीतर आरपार की लड़ाई का हर तर्क परेशान करता है। हिमाचली संघर्ष हमेशा केंद्र की परिपाटी में अपना पसीना देखता है, लेकिन यहां तो खुद ही खरी खोटी सुनाने पर आमदा सियासत यह बता रही है कि हम सियासत के कुएं को बेहद गंदा कर चुके हैं। निर्लज्जता से भरा घटनाक्रम और कितना नीचे गिरेगा, अब यही सवाल प्रत्येक हिमाचली के दर्पण पर खड़ा है। गिरने की कोई सीमा नहीं और यह धीरे-धीरे साबित होने लगा है।

# क्या केजरीवाल नैतिक आधार खो चुके हैं?

**जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 दुकानों का प्रावधान रखा गया। इसका मतलब यह था कि प्रत्येक वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता होंगे। नई आबकारी व्यवस्था में शहर के 32 क्षेत्रों में समान रूप से वितरित 849 विशाल और वातानुकूलित शराब की दुकानों की परिकल्पना की गई थी। केजरीवाल की शराब नीति को लाने के पीछे एक महत्वपूर्ण तर्क यह था कि इससे उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़े होने के संघर्ष के बिना, वातानुकूलित दुकानों में आसानी से ह्यशराब खरीदने का सुखद अनुभवह्ल मिलेगा। शराब नीति को 32 जोनों के लाइसेंस की नीलामी से लगभग 10000 करोड़ रुपए की कुल आय की उम्मीद थी।**

डॉ. अश्विनी महाजन
कालेज प्रोफेसर

दिल्ली के मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आर्थिक अपराधों के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार की शराब नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसके बाद केजरीवाल को उच्च न्यायालय सहित किसी भी न्यायिक कार्यालय से राहत नहीं मिली, और केजरीवाल ने सर्वोच्च न्यायालय से अपना आवेदन वापस लेने का फैसला किया, जिसके कारण वे ही जानते हैं। हालांकि, कांग्रेस पहले से केजरीवाल के कथित भ्रष्टाचार की आलोचना करती रही है, लेकिन अब उसने केजरीवाल का समर्थन करते हुए केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र पर हमला बताया है। चूंकि चुनाव नजदीक हैं और केजरीवाल एक महत्वपूर्ण नेता हैं, और उनकी पार्टी दो महत्वपूर्ण राज्यों में सत्ता में है, इसलिए उनकी गिरफ्तारी का राजनीतिक महत्व बहुत बढ़ गया है। कुछ लोग उनकी गिरफ्तारी को अनुचित मान सकते हैं और कुछ लोग यह भी कह सकते हैं कि इसका उल्टा असर मौजूदा केंद्र सरकार पर पड़ सकता है, क्योंकि केजरीवाल लोगों की सहानुभूति भी बटोर सकते हैं। लेकिन पहला सवाल यह है कि क्या केजरीवाल की गिरफ्तारी सही है? दूसरा सवाल यह है कि आखिर यह शराब नीति क्या है? क्यों इसके कारण पहले केजरीवाल के सिपहसालार मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल पहुंचे और अब खुद केजरीवाल। तीसरा सवाल यह है कि शराब नीति और इसके संचालन में भ्रष्टाचार के आरोप क्या सही हैं? चौथा सवाल यह है कि केजरीवाल अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के भारी प्रयास के बावजूद आम जनता से सहानुभूति क्यों नहीं पा रहे हैं। इस लेख में केजरीवाल शराब नीति और इसके प्रभाव को समझने की कोशिश की जा रही है। सबसे पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि उक्त शराब नीति को उसके अस्तित्व में आने के एक साल के भीतर ही न्यायपालिका या किसी केंद्रीय एजेंसी ने नहीं, बल्कि खुद केजरीवाल सरकार ने वापस ले लिया। तब से ही उक्त नीति की ईमानदारी पर संदेह हैं।

यह शराब नीति क्या है : केजरीवाल शराब नीति लागू होने से पहले, सरकारी और निजी दुकानों पर खुदरा शराब बेची जाती थी। बेची जाने वाली शराब पर उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर (वैट) वसूला जाता था। उल्लेखनीय है कि चूंकि राज्य सरकारों के आग्रह पर पेट्रोलियम उत्पादों, शराब और प्रसाधन सामग्री को जीएसटी से बाहर रखा गया था, इसलिए शराब पर उत्पाद शुल्क राज्य सरकार, इस मामले में केजरीवाल सरकार का विषय है। केजरीवाल शराब नीति में, दिल्ली के क्षेत्रों को 32 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया था, जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 दुकानों का प्रावधान रखा गया। इसका मतलब यह था कि प्रत्येक वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता होंगे। नई आबकारी व्यवस्था में शहर के 32 क्षेत्रों में समान रूप से वितरित 849 विशाल और वातानुकूलित शराब की दुकानों की परिकल्पना की गई थी। केजरीवाल की शराब नीति को लाने के पीछे एक महत्वपूर्ण तर्क यह था कि इससे उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़े होने के संघर्ष के बिना, वातानुकूलित दुकानों में आसानी से ह्यशराब खरीदने का सुखद अनुभवह्ल मिलेगा। शराब नीति को 32 जोनों के लाइसेंस की नीलामी से लगभग 10000 करोड़ रुपए की कुल आय की उम्मीद थी। यह पिछले 3 वर्षों के औसत राजस्व 5500 करोड़ रुपए से लगभग दोगुना माना जा रहा था। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल शराब नीति से पहले दिल्ली में 12 से 13 लाख बोतल शराब बिकती थी, जिस पर आबकारी शुल्क और वैट लगाया जाता था। जब केजरीवाल सरकार की शराब नीति पेश की गई तो आबकारी शुल्क और वैट घटाकर एक-एक प्रतिशत कर दिया गया और इसकी जगह लाइसेंस की नीलामी की गई और जिन विक्रेताओं को लाइसेंस दिए गए थे, वे शराब की कितनी भी बोतलें बेचने के लिए स्वतंत्र थे। इससे शराब की बिक्री में तेजी आने लगी और उपभोक्ताओं को सुखद अनुभव देने के लिए मॉल्स में अधिक दुकानें भी खोली जाने लगीं। थोक विक्रेताओं का विवादास्पद लाइसेंस और कमीशन : केजरीवाल शराब नीति के साथ-साथ एक और नीति भी शुरू की गई, जो स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण और भ्रष्टाचार से ग्रस्त थी, जिसमें पूर्व में सिर्फ 5 प्रतिशत की तुलना में थोक विक्रेताओं को 12 प्रतिशत कमीशन की अनुमति दी गई। इससे खुदरा विक्रेताओं का मुनाफा कम हो गया, उन्हें अपने लाइसेंस सरेंडर करने और व्यवसाय से बाहर होने के लिए मजबूर होना पड़ा, और सरकार के खिलाफ कानूनी मामले भी शुरू हो गए। शायद, थोक विक्रेताओं की इस कमीशन नीति के कारण ही नए केजरीवाल शराब नीति विफल हुई और अंततः मनीष सिसोदिया और केजरीवाल को जेल जाना पड़ा। आलोचकों का आरोप है कि नीति का मसौदा शराब बाजार में एकाधिकार बनाने की सुविधा के एकमात्र इरादे से तैयार किया गया था। यह केवल कुछ चुनिंदा थोक विक्रेताओं के लिए तैयार किया गया था, क्योंकि थोक विक्रेता के लाइसेंस के लिए बोली लगाने की पात्रता शर्तों में से एक, पिछले 3 वर्षों के दौरान 150 करोड़ रुपए की न्यूनतम वार्षिक बिक्री थी। छोटे खिलाडिों को, जिनके पास पहले लाइसेंस था, को बोली प्रक्रिया से बाहर कर दिया। नई नीति ने ह्यपेरनोड रिकार्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेडह्ल और ह्यडियाजियो इंडियाह्ल के ब्रांडों की पेशकश करने वाले मुी भर थोक विक्रेताओं को खुदरा विक्रेताओं को आपूर्ति और छूट की मात्रा पर महत्वपूर्ण नियंत्रण दिया था। उच्च निश्चित लाभ ने थोक विक्रेताओं के हितों की रक्षा की, लेकिन खुदरा विक्रेताओं को निचोड़ा। थोक विक्रेताओं का यह अतार्किक और आश्चर्यजनक मार्जिन केजरीवाल शराब नीति का प्रमुख बिंदु बन गया और इसने खुदरा विक्रेताओं को भारी नुकसान पहुंचाया, जिससे उन्हें अपने लाइसेंस भी सरेंडर करने पड़े। इससे केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को भी बड़ा राजनीतिक झटका लगा। चूंकि थोक विक्रेताओं को 12 प्रतिशत कमीशन मिल रहा था, जो सामान्य 3 से 5 प्रतिशत से बहुत अधिक था, इससे खुदरा विक्रेताओं के मार्जिन काफी कम हो गए और उनमें से कई ने अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए और दुकानों को बंद कर दिया। सरकार को इससे राजस्व की भारी हानि हुई और इससे अंततः केजरीवाल शराब नीति वापस लेने हेतु आवाजें उठने लगी। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा इसकी जांच के आदेश दिए जाने के बाद, यह खुलासा हुआ कि सरकार से जुड़े लोगों ने थोक विक्रेताओं से उनके लाभ का एक बड़ा हिस्सा वापस लिया और उसके प्रमाण भी मिल गए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर धन के निशान पाए हैं, जो लगभग 100 करोड़ रुपए है। इतनी या इससे अधिक राशि को आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों को हस्तांतरित कर दिया गया।

नैतिक प्रश्न : भ्रष्टाचार के कानूनी प्रश्नों पर तो जांच एजेंसियां पहले से ही काम कर रही हैं, लेकिन नैतिकता के प्रश्न ऐसे हैं, जिनसे शायद केजरीवाल खुद को कभी मुक्त न कर पाएं। उनके गुरु गांधीवादी अन्ना हजारे पहले ही केजरीवाल शराब नीति के लिए उनकी आलोचना कर चुके हैं और उनकी गिरफ्तारी को उचित ठहरा चुके हैं। अरविंद केजरीवाल के लिए उनकी शिकायत यह है कि उनके शिष्य के रूप में उन्होंने शराब के खिलाफ आवाज उठाई और अब वही केजरीवाल शराब नीति के लिए गिरफ्तार हुए हैं और यह सही भी है। हमारे संविधान में शराबबंदी राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों में से एक है।

# हरीश रावत का बेटा नही कांग्रेस कार्यकर्ता है मैदान में!

**30 प्रतिशत संख्या बल के साथ, मुस्लिम हरिद्वार क्षेत्र के मतदाताओं के बीच सबसे बड़ा समूह हैं, लेकिन जमील अहमद के बाहरी होने के कारण वे बसपा कार्यकर्ताओ पर अपनी पकड़ नही बना पा रहे है, वही कही भाजपा पुनः सत्ता में आने पर डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान न बदल दे इस डर से क्षेत्र का 20 प्रतिशत दलित का झुकाव कांग्रेस की तरफ हो रहा है। जिससे स्पष्ट है, उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। उत्तराखंड के पूर्व सीएम और भाजपा उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत का मुकाबला कांग्रेस के वीरेंद्र रावत से ही है। त्रिवेन्द्र रावत 1979 से 2002 तक आरएसएस के सदस्य थे। वह 2000 में राज्य के गठन के बाद 2002 में पहली विधान सभा में डोईवाला से विधायक चुने गए।**



डॉ श्रीगोपाल नारसन
लेखक

क्या चिकित्सक के बेटे को चिकित्सक, इंजीनियर के बेटे को इंजीनियर, वकील के बेटे को वकील, व्यापारी के बेटे को व्यापारी और किसान के बेटे को किसान बनने का हक नही है, यदि है तो फिर राजनेता का बेटा राजनेता क्यो नही बन सकता?परिवारवाद के इस मिथक को तोड़कर स्वयं भाजपा ने कम से कम 24 टिकट भाजपा नेताओं के परिजनों को दिए है, साथ ही 15 टिकट भाजपा नेताओं के निकट रिश्तेदारों को मिले है, ऐसे में सिर्फ कांग्रेस पर ही परिवार वाद का आरोप लगाना गलत होगा। वही हरिद्वार में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के जिस बेटे वीरेंद्र रावत को कांग्रेस से लोकसभा क्षेत्र हरिद्वार का टिकट मिला है, वह पिछले 25 वर्षों से कांग्रेस की सक्रिय राजनीति में है और पिछले विधानसभा चुनाव में उसको खानपुर से टिकट नही मिल पाया था। वीरेंद्र रावत छात्र संघ अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों पर रहते हुए प्रदेश कांग्रेस के मौजूदा उपाध्यक्ष भी है। इसलिए उन्हें टिकट मिलना एक कार्यकर्ता को टिकट मिलना है, न कि पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र को टिकट मिलना माना जाएगा, जैसे भाजपा में उत्तर प्रदेश के समय मंत्री रहे डॉ पृथ्वी सिंह विकसित की बेटी डॉ कल्पना सैनी ने राजनीति में पदार्पण कर भाजपा जिलाध्यक्ष से लेकर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के दायित्व को निभाते हुए राज्य सभा का टिकट प्राप्त कर सांसद बनने तक का सफर तय किया, माना वे डॉ विकसित की बेटी है, लेकिन राजनीतिक मुकाम उन्होंने खुद के दम पर हासिल किया इसलिए यह भी परिवारवाद नही है। वीरेंद्र रावत भी परिवार वाद की परिभाषा में इसी कारण नही आते है क्योंकि वह पहले से ही सक्रीय राजनीति में है। इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार वीरेंद्र रावत का मुकाबला भाजपा के पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत के साथ हो रहा हैं। वीरेंद्र रावत को जिताने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते हुए, हरीश रावत दोपहिया वाहनों के काफिले में बाइक पर बैठकर रोड शो, डोर-टू-डोर अभियान और नुक्कड़ सभाओं का नेतृत्व कर रहे हैं। वीरेंद्र रावत अपने पिता पूर्व सीएम हरीश रावत के साथ लगातार सार्वजनिक बैठक, जनसम्पर्क कर रहे हैं। हरीश रावत ने 2022 के विधानसभा चुनावों में राज्य भर में प्रचार किया था, लेकिन कांग्रेस चुनाव जीतने में कामयाब नहीं हो सकी। पूर्व सीएम के रूप में हरीश रावत राज्य का बड़ा चेहरा हैं। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने कहते है, हरीश जी हरिद्वार में डेरा डाले हुए हैं क्योंकि यह चुनाव कठिन है, क्योंकि यह लड़ाई नरेंद्र मोदी के खिलाफ है हालांकि उनसे अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में भी प्रचार करने की मांग है। वह वहां भी जाएंगे, साथ ही उत्तर प्रदेश भी चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। ह्वहरीश रावत, जो 76 वर्ष के हैं, ने पहले स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए खुद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। इस हरिद्वार सीट से उनका पुराना नाता है, वे 2009 में इस सीट से सांसद फिर मंत्री बने थे। उनकी पत्नी रेणुका रावत सन 2014 में हरिद्वार से अपना लोकसभा चुनाव हार गईं थी। सन 2022 के विधानसभा चुनावों में, हरीश रावत की बेटी अनुपमा रावत ने हरिद्वार ग्रामीण से सफलतापूर्वक चुनाव लड़ा, और तत्कालीन भाजपा विधायक स्वामी यतीश्वरानंद को हराकर विधायक बनी, हालांकि हरीश रावत खुद लालकुआं से भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट से हार गए थे। हरीश रावत अब हरिद्वार के मतदाताओं से अपने बेटे वीरेंद्र रावत पर अपनी तरह ही भरोसा करने के लिए अपील कर रहे हैं, साथ ही यह भी स्पष्ट कर रहे हैं कि वीरेंद्र को केवल इसलिए टिकट मिला क्योंकि वह दशकों से पार्टी कार्यकर्ता रहे हैं। रावत ने कहा कि वीरेंद्र 25 वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं, उन्होंने पहले एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, सेवा दल और फिर राज्य कांग्रेस में बतौर उपाध्यक्ष काम किया है। उन्होंने माना, ह्लपार्टी मुझसे चुनाव लड़ने के लिए कह रही थी। मैंने उनसे कहा कि मेरी तबीयत ठीक नहीं है और मैं इतना पैदल नहीं चल सकता। वीरेंद्र रावत का मुकाबला भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से है, बसपा उम्मीदवार से कांग्रेस के मुस्लिम और दलित वोटों में और कटौती की उम्मीद इसलिए की जा रही है, क्योंकि हाल ही में बसपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व राज्य सभा सांसद इसम सिंह, शिव सेना के उदयराज कांग्रेस में शामिल हो चुके है। हरीश रावत ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, वीरेंद्र रावत अगर मुझसे इक्कीस नहीं होंगे, तो मुझसे उन्नीस भी नहीं होंगे। आप उनको एक बार अवसर दीजिए। सेवा, समर्पण, विकास में वो आपके बीच में रहेंगे, आपके बीच में काम करेंगे। बसपा ने इस सीट से जमील अहमद को उम्मीदवार बनाया है।

# पारदर्शिता चुनाव के लिए ईवीएम है सही

संजय गोस्वामी

ईवीएम से चुनाव होता है पारदर्शिता चुनाव लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है और इसके बिना तो लोकतंत्र की परिकल्पना करना भी मुश्किल है। चुनाव के द्वारा जनता (लोग) अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। भारत में निर्वाचन आयोग लोक सभा, राज्य सभा, राज्य विधान सभाओं, देश के राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचनों का संचालन करता है। ऐसे संस्थान या परिषद जो रजिस्टर होता है को चलाने हेतु भी चुनाव का सहारा लेना पड़ता है जो सदस्यों द्वारा आम सभा बुलाकर किया जाता है चुनाव को लोग हमेशा जितने की दृष्टिकोण से ही देखते है जिससे ईमानदार व कभी सच्चे लोग नहीं मिलते हैं तब संस्था लूट का शिकार हो जाती है इसका मुख्य कारण है !

लोभ लोभ एक ऐसी मनोविकार है जो उसे गड्ढे में धकेल देता है एक साधारण से चुनाव का उदाहरण लेते है मान लें कोई चैटी कमीशनर से मान्य संस्था है जो किसी संस्था द्वारा फंड मिला है या जो सदस्य होते हैं वो एक अच्छी खासी रकम सदस्यों से मिलता है जब 400सौ होता है तो मनमानी ढंग से ए जी एम बुलाकर 1000रुपए कर देते हैं और जब चुनाव आता है तो सब कुछ नियम की धज्जिया उड़ाते हुए अपना साइड का इलेक्शन ऑफसर बनाते हैं और जब कोई उम्मीदवार अस्पताल में भर्ती भी हो जाए तो भी नियम का हवाला देकर बैलेट को बाहर लेकर खुद ही ट्रिक कर बहुत ही चालाकी से ऑनलाइन रिजल्ट शो कर जबरदस्ती जीत दर्ज करते हैं ऐसे में कोई विरोध करे तो उसपर मनगढंत आरोप लगाना चालू करते है !

ऐसे चुनाव अलोकतान्त्रिक और कानून की धज्जियाँ उड़ा देते है और कहते हैं हम तो आप ही के लिए खड़ा थे और फिर अगले चुनाव में भी नजर आते हैं और मनमानी करते हैं कोई कुछ बोलता नहीं और खूंटा गाड़ देते हैं !

इससे परिषद का नाम खराब होता है और अच्छे लोग उससे बाहर निकलते हैं और एक छत्र राज करते हैं ऐ मत भूलो कल क्या होगा ऐ हमेशा याद रखो की आपने चुनाव कराने के लिए ना तो आम सभा बुलाया और कौन से अधिकार से चुनाव अधिकारी रिजल्ट मनमानी ढंग से कर सकता है यही है बैलेट पेपर का चुनाव, धांधली और बूथ कैप्चर जो लोकतान्त्रिक नहीं है इवीएम मशीन कभी गलत नहीं होता ना ही कोई इसे लूट सकता है और ना ही बैलेट पेपर या मत पत्र बदल सकता है क्योंकि उसमें जीपीएस से लैस होता है और मॉक पोल में इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में 50मौक पोल किए जाते हैं जो वीवीपैट से जो पर्ची आती है !

उसका मिलान किया जाता है तभी ईवीएम मशीन को सील किया जाता है और उस समय जो फॉर्म सी एजेंट व पोलिंग अफसर को दिया जाता है वही काउंटिंग के समय दिखा दिया जाता है और मतों की गणना की जाती है जो बिलकुल पारदर्शी होता है क्योकि जो आप वोट देते है उस उम्मीदवार की पर्ची वी वीपैड से गिरते हुए दिखता है अतः ईवीएम से चुनाव बिलकुल पारदर्शिता होता है !

उसपर यदि कोई सबाल करे तो जहाँ जीत मिलती वहाँ चुप हो जाते हैं और जहाँ से जनता हार का जनादेश देती है उसी में क्यों खोट निकाल देते हैं आखिर वैलेट पेपर पर धांधली हो और ऐसा ही चुनाव चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में देखा गया और सुप्रीम कोर्ट ने नतीजा पलट दिया ऐ मेयर का चुनाव है !

इसलिए मायने रखता है लेकिन किसी सोसाइटी या परिषद के चुनाव में धांधली होती है तो लोग इस मुद्दे को डर से ठन्डे बसते में डाल देते हैं और जनादेश का अपमान होता है !

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में दावते-ए- इफ्तार का हुआ आयोजन

इसुआपुर । प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित डॉक्टर फारूक अंसारी के आवास पर रोजेदारों के लिए सोमवार की शाम दावते-ए- इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों ने भाग लिया ।वहीं हिंदू संप्रदाय के भी दर्जनों लोग भी सामूहिक रूप से आपसी सौहार्द का परिचय देते हुए इफ्तार में शामिल हुए। जिला पार्षद छविनाथ सिंह, सैनिक कैंटीन के प्रबंधक एमडी वारिस, जाहिद हुसैन, एडवोकेट मजहर, मुखिया प्रतिनिधि अजमल रहमानी, राजकिशोर सिंह, मुखिया अजय राय, एएसआईफिरोज आलम, शिक्षक हसनैन, शिक्षक चांद, ईबरार आलम, अख्तूतर हुसैन, श्याम प्रसाद, श्याम नारायण सिंह समेत सैकड़ों लोग इफ्तार में शामिल हुए।

### खनन पदाधिकारी ने बालू के दो ओवरलोडेड ट्रक को किया जब्त

इसुआपुर । एस एच 90 स्थित इसुआपुर थाना क्षेत्र के पिपरहियां बाजार के पास से सोमवार को दो बालू के ओवरलोडेड ट्रक को खनन पदाधिकारी के द्वारा पकड़ कर इसुआपुर थाना के हवाले कर दिया गया ।वहीं दोनों वाहन चालकों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद मंगलवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार ट्रक ड्राइवरों में गोपालगंज जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के दानापुर गांव के हुकुम राम के पुत्र रामायण राम तथा सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही मदन पट्टी गांव के रामबाबू राय के पुत्र मुकेश राय शामिल हैं।

### 40 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

परसा । गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पोखरपुर में छापेमारी करते हुए 40 लीटर देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार. उक्त गिरफ्तार शराब उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिया. उक्त गिरफ्तार शराब तस्कर सारण जिला के सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर निवासी ज्वाला राय का पुत्र रौशन कुमार बताया जाता है. इस संबंध में थाना सुनील कुमार ने बताया किया लोगो द्वारा सूचना मिली मिलते ही पोखरपुर में छापेमारी किया गई तो 40 लीटर देशी शराब साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया.

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने दी बधाई

छपरा कार्यालय। विधि मंडल छपरा के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को भाजपा विधि प्रकोष्ठ के नेताओं ने बधाई दी है ।नवनिर्वाचित पदाधिकारी में मुख्य रूप से अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ भाजपा नेता गंगोत्री प्रसाद को एवं महामंत्री पद पर अमरेंद्र कुमार सिंह सहित उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने बधाई दी है तथा कहा है कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी नए उत्साह एवं उमंग के साथ विधि मंडल का चतुर्थीक विकास करेंगे और सबका साथ सबका विकास करेंगे। जीत पर हर्ष व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रकाश रंजन निक्कू जिला सहसंयोजक पवन कुमार श्रीवास्तव डॉ पंकज कुमार पंकज कुमार सिंह संजीत कुमार बबलू निर्भय कुमार शर्मा अभिषेक रंजन अविनाश शंकर मुकेश प्रसाद रंजन प्रसाद भक्त सुनीता कुमारी मीना सिंह सर्वजीत ओझा आदि ने बधाई दी है।

### पचपतरा मंदिर में चैत्र नवरात्रि प्रारंभ

गड़खा। गड़खा प्रखंड के पचपतरा स्थित पचपतरा वनदेवी माता के मंदिर में मंगलवार से संत श्रीधर दास जी महाराज के शिष्य मुरारी स्वामी द्वारा नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र प्रारंभ हुई ।जिसमें विश्व कल्याणार्थ के उद्देश्य से माता नौ स्वरूपों की पूजन कलश स्थापना के साथ प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजन की गई। इस दौरान आसपास के सभी गांव से महिलाएं पुरुष सैकड़ो श्रद्धालु मंदिर में पूजन हेतु पहुंचकर अपने घर परिवार के खुशहाली की मंगलकामना की। गणेश प्रसाद का पूजन में विशेष सहयोग रहा महंत दुगरन दास, विजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।बता दे माता के दरबार में सोमवार शुक्रवार नवरात्रि में दूर दूर से लोग पहुंचते है।

# चुनाव कर्मियों की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता : डी एम

• जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सोनपुर और मढ़ौरा डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। लोक सभा आम चुनाव के निमित्त मतदान कर्मियों के पार्टी मिलान और इवीएम डिस्पैच की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए । इस बात का खास ख्याल रखें कि कर्मियों को किसी किस्म की कोई परेशानी नहीं हो। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी श्री अमन समीर ने मंगलवार को डिस्पैच केंद्रों पर तैयारी का मुआयना करते हुए कहीं। उन्होंने इस क्रम में सोनपुर के रेल ग्राम का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अनकमीशंड इवीएम के भंडारण, कमिशनिंग की जगह, डिस्पैच काउंटर का स्थान, वाहन लगाने की जगह, ट्रैफिक व्यवस्था, लॉ एंड ऑर्डर नियंत्रण, सुरक्षा बल के ठहराव आदि का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सोनपुर रेल डिविजन के डीसीएम अमृतेश कुमार, डीइएन मुख्यालय रवीन्द्र कुमार राज, एडीएमई आशीष कुमार, एईएन लैंड हरगोविंद राय से वार्ता की। डीएम श्री समीर ने कहा कि कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या होनी चाहिए। पार्टी मिलान, इवीएम प्राप्ति और वाहन की उपलब्धता की अचूक व्यवस्था रहनी चाहिए। साथ में उपस्थित एसपी डॉ० गौरव मंगला ने सुरक्षा और ट्रैफिक के दृष्टिकोण से संबंधित अधिकारियों को विस्तार से निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मढ़ौरा आईटीआई अवस्थित डिस्पैच सेंटर की तैयारी का जायजा भी लिया गया। इस अवसर पर डीडीसी प्रियंका रानी, नगर आयुक्त सुमित कुमार, सोनपुर एसडीएम कुमार निशांत विवेक, मढ़ौरा एसडीएम डॉ० प्रेरणा सिंह, निदेशक डीआरडीए कैयूम अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, कोषागार पदाधिकारी कुमार विजय प्रताप सिंह, एसडीओ भवन निर्माण श्रीराम पासवान, एसडीपीओ सोनपुर नवल किशोर, एसडीपीओ मढ़ौरा नरेश पासवान, डीसीएलआर सोनपुर रश्मि कुमारी, डीसीएलआर मढ़ौरा मनोहर साहु, बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष आदि शामिल थे।

## हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीमदभागवत कथा सह योग विज्ञान शिविर का समापन

परसा:-भेल्दी के तकया गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा व योग विज्ञान शिविर मंगलवार को संपन्न हो गई।श्रीमद्भागवत कथा के समापन के हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।श्रीमद्भागवत कथा व योग शिविर का आयोजन अध्यक्ष पूर्व मुखिया रमेश राय,सचिव भरत सिंह समाजसेवी मुंद्रिका प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। श्रीमद्भागवत कथा व योग विज्ञान शिविर का संत गोविंद जी महाराज द्वारा चल रहे नौ दिवस तक चली श्रीमद्भागवत में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई।उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा।संत गोविंद जी महाराज ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है।व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं।यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं।उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं।इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं।विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है।

# शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



परसा:-प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनकेरवा भाव परसा के सेमिनार हॉल में वार्षिक मूल्यांकन 2024 शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक किया गया।बीआरपी अवधेश कुमार सिंह की उपस्थिति में प्राचार्य कमलतोष कुमार,राकेश रंजन,श्यामसुंदर सिंह, बलराम सिंह,निशी कुमारी,साक्षी कुमारी ने संयुक्त रूप से उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण किया।इस दौरान प्राचार्य कमलतोष कुमार ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा जागृत करने में शिक्षकों के साथ उनके माता- पिता की भूमिका भी अहम है।उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता व शिक्षा विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।इसके पहले वार्षिक परीक्षा 2024 में अव्वल आए बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।वही प्रगति पत्र पाकर विद्यालय के छात्र उत्साहित दिखे ।

# रामनवमी व ईद को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा नगर।आगामी पर्व ईद उल फितर,रामनवमी तथा चैती छठ पूजा को लेकर दिघवारा थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ अजित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्र के कई प्रबुद्ध लोगो ने हिस्सा लिया।बैठक में श्री कुमार ने आगामी सभी पर्व को सौहार्दपूर्ण तथा आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि रामनवमी पर डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।वही उन्होंने कहा कि किसी भी रामनवमी जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।मौके पर अंचलाधिकारी मिठू प्रसाद,कार्यपालक पदाधिकारी आर बी दास, मनरेगा पीओ विनोद कुमार सिंह,एसआई रविरंजन कुमार,अशोक सिंह, जनार्दन सिंह चौहान,उपेंद्र राय, मंसूर आलम,अनिल सिंह,गोपाल जी सिंह,संतोष राय,महाराज शरण,ब्रजेश सिंह,तनुज सौरभ,युगल किशोर,दीपक गुप्ता,अमरेंद्र चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# विश्व कल्याण को लेकर सुंदर कांड का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



परसा:-विश्व शांति व जन कल्याण के उद्देश्य से नगर पंचायत परसा बाजार अंतर्गत वार्ड न. छ के वार्ड पार्षद सुधांशु कुमार उर्फ खद्दू के आवास पर हनुमान आराधना सह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।आचार्य पंडित प्रभुनाथ उपाध्याय ने जजमान वार्ड पार्षद सुधांशु कुमार व समाजसेविका कुसुम देवी से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा पाठ संपन्न कराई । इस दौरान सुंदर काण्ड पाठ वाचन व भगवान हनुमान के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय सा हो गया ।इस अवसर पर आचार्य प्रभुनाथ उपाध्याय ने कहा कि सुंदरकाण्ड पाठ का श्रवण करने से मनुष्य का गलत कार्यों से भटकने और भक्ति कार्य में रुचि लेने की शक्ति मिलती है । वही वार्ड पार्षद सुधांशु कुमार खद्दू ने हनुमान आराधना व सुंदरकाण्ड पाठ के माध्यम से समाज में अमन चैन व शांति की दुआ मांगी।इस अवसर पर दर्जनों जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित थे।

# सीएम प्रोत्साहन राशि से लगभग 400 छात्र- छात्राएं हुई वंचित

• विभाग ने 13 मार्च 24 को ही राशि कराया था उपलब्ध, वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही राशि लौटा दी गई

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मदरसा बोर्ड से प्रथम श्रेणी से फोकानिया पास मात्र 256 छात्र-छात्राओं को ही मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि का लाभ मिल पाया है। जबकि मौलवी इंटर पास केवल 15 छात्राओं में ही प्रोत्साहन राशि वितरण किया जा चुका है। शेष राशि विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में विभाग को लौटा दिया गया है। बता दें कि वर्ष 2023 में प्रथम श्रेणी से सारण में मदरसा बोर्ड से फोकानिया मैट्रिक 594 छात्र- छात्राओं ने पास किया था। जबकि मौलवी इंटर के रूप में मात्र 67 छात्राओं ने पास किया था। फोकानिया एवं मौलवी पास छात्र-छात्राओं का प्रोत्साहन राशि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा 13 मार्च 2024 को राशि उपलब्ध कराया गया था। मार्च क्लोजिंग महीना होने एवं अत्यधिक छुट्टी होने के कारण मात्र 10 दिन ही कार्य दिवस रहा है। ऐसी स्थिति में मात्र 10 दिनों में 661 छात्रों का प्रोत्साहन राशि वितरण करना संभव नहीं लगता। मार्च महीना होने के कारण सीएफएमएस सिस्टम भी दिन में काम नहीं कर पा रहा था। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी एवं कर्मियों के तत्परता से लेट रात्रि तक मेहनत कर फोकानिया प्रथम श्रेणी से 594 छात्राओं के विरुद्ध 256 छात्र-छात्राओं को सीएफएम के माध्यम से वितरण किया जा चुका है। इंटर मौलवी में प्रथम श्रेणी से 67 छात्राओं का आवंटन के विरुद्ध मात्र 15 छात्राओं को ही राशि भेजी जा चुकी है। शेष राशि मार्च होने के कारण आवंटन को लौटा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अभी भी छात्र-छात्राए राशि से वंचित है, मार्च महीना समाप्त हो चुका है। इसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ही मुख्य रूप से जिम्मेवार है। यदि जिला को और पहले राशि उपलब्ध करा दिया जाता तो निश्चित रूप से सत प्रतिशत राशि छात्र-छात्राओं में वितरण हो जाता। अभी भी 390 छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि से वंचित को लेकर अल्पसंख्यक विभाग को पुनः राशि भेजने की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई आवश्यक है। फिलहाल राशि लौट जाने के बाद वंचित छात्र -छात्राएं अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश हैं। हालांकि कर्मियों द्वारा उन्हें आश्वासन दिया जा रहा है कि सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराते ही मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि योजना से वंचित छात्राओं को शीघ्र सूचित कर सीएम प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## बिजली का करंट लगने से हुई मौत

परसा।थाना क्षेत्र के बहलोलपुर दियरा गांव के एक बालक की मौत बिजली के करेंट लगने से घटना स्थल पर हो गई।मृतक बालक बहलोलपुर दियरा निवासी बबन पासवान का 14 बर्षीय पुत्र शनि कुमार बताया जाता है।घटना के सबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह घर से खाना खाकर परसादी एक ब्यक्ति के घर राज मिस्त्री के साथ मजदूरी करने गया था।जहां धारा प्रवाहित विधुत तार की चपेट में आ गया।जिससे युवक की मौत हो गई।घटना के उरान्त स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उपचार के लिए समुदायिक स्वस्थ्यन केन्द्र परसा में भर्ती कराया।जहाँ चिकित्सक ने बालक की शरीर का परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर मिलते ही पिता बबन पासवान भाई सनोज कुमार,बहन पूजा कुमारी,गुंजन कुमार,निशा कुमारी,दादा बीजा हजरा,दादी सिया देवी का रो रो कर बुरा हाल था।घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि राजेश राय स्वास्थ्य केंद्र पहुँच परिजनों से घटना की जानकारी लिया।और सांत्वना दिया।मृतक बालक तीन बहन दो भाई था।बालक भाई में बड़ा था।

# मनोज संकल्प को लायंस जिला 322 का कैबिनेट कोषाध्यक्ष बनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। मुजफ्फरपुर में आयोजित लायंस इंटरनेशनल के 43वें वार्षिक अधिवेशन में लायंस क्लब छपरा सारण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा 'संकल्प' को जिला 322 (बिहार एवं झारखंड के कुछ हिस्से) का सत्र 2024-25 के लिए कैबिनेट कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनयन किया गया । विदित हो कि इसके पूर्व डॉ. मनोज संकल्प लायंस जिला 322ए कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर चुके हैं जिसमें लियो चैयरपर्सन, जोन चैयरपर्सन, रीजन चैयरपर्सन, जी एम टी कोऑर्डिनेटर, जी ई टी कोऑर्डिनेटर प्रमुख हैं । सेवा कार्यों के लिए लायंस इंटरनेशनल ने कई बार मनोज संकल्प को पुरस्कृत एवं सम्मानित भी कर चुका है जिसमें प्रेसीडेंशियल अवॉर्ड एवं लीडरशिप अवार्ड शामिल हैं । डॉ मनोज संकल्प लायंस इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन में भी कई बार शामिल हो चुके हैं जिसमें बैंकॉक, फुकओका (जापान) एवं लास वेगास (अमेरिका) के अधिवेशन शामिल है । डॉ मनोज संकल्प की इस उपलब्धि पर पूर्व जिलापाल डॉ एस के पांडेय, क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ उदय कुमार पाठक, डॉ नवीन कुमार द्विवेदी, डॉ. अमरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजेश नाथ प्रसाद, आशुतोष शर्मा, वीरेंद्र नाथ गुप्ता, विक्की आनंद, प्रमोद कुमार मिश्रा, प्रहलाद कुमार सोनी, अजय कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, संजय आर्य, आनंद अग्रहरि, सीमा पांडेय, ममता पुतुल, साकेत श्रीवास्तव सहित कई लायन एवं लियो सदस्यों ने बधाई दी है । यह जानकारी क्लब के अध्यक्ष रणधीर जायसवाल एवं सचिव मनीष कुमार सिन्हा ने दी ।

## चमकी बुखार से बचाव,रोक थाम के लिए प्रखंड स्तरीय बैठक

बनियापुर । प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरियल सभा कक्ष मे चमकी बुखार के बढ़ते प्रकोप से बचाव,रोक थाम के लिए बीडीओ कपूरी ठाकुर की अध्यक्षता मे एक बैठक आयोजित किया गया ,जहा प्रखंड के सभी आशा कर्मी,एंएन्ए एम सहित सभी स्वास्थ कर्मी की उेस्थिति मे गर्मी के मौसम मे बच्चो ने तेजी से प्रकोप फैलाने वाला बुखार चमकी बुखार पर जागरूकता,रोक थाम के लिए के लिए समिति का गठन कर आँगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित किया है ।जहा चिकित्सा पदाधिकारी डा एम एम जाफरी ने बताया कि चमकी बुखार से बचाव के लिए तीन धमकिया हमेशा याद रखना है खिलाओ - यानी बच्चो को रात मे खाना जरूर खिलाए साथ मे कुछ मिठा,जगाओ- यानी सुबह जगने ,समय से सोने से स्वास्थ रहते है,अस्पताल ले जाओ- यानी इस तरह के मौसम मे बुखार तेज सिरदर्द ,बदन मे ऐठन,चमक/ बेहोसी आदि लक्षण पर तुरंत नजदीकी अस्पताल मे 102 पर फोन कर एम्बुलेंस बुलाए,उन्होंने बताया कि जेई/एईएस के रोक थाम के लिए रेफरल अस्पताल प्रशासन पुरी तरह एलर्ट मॉड मे है सारी सुविधाए मौजूद है ।बेड सहित सभी तरह की तैयारियां पुरी है।

## धुमधाम से मनाईं गई महापुरुष पंडित राहुल सांकृत्यायन कि जयंती

एकमा। स्थानीय ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल के प्रांगण में स्थित महापुरुष पंडित राहुल सांकृत्यायन कि तैलीय चित्र पर विधालय के निर्देशक डॉ एस कुमार ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर छात्र छात्राओं के बिच उनके नेतृत्व एवं ब्यकतुत पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल 1893, 14 अप्रैल 1963 में जिन्हें महा पंडित की उपाधि दी गई । हिंदी के एक प्रमुख साहित्यकार थे । वे एक प्रतिष्ठित बहुभाषी विद् थे । और बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में उन्होंने यात्रा वृतांत यात्रा साहित्य तथा विश्व दर्शन के क्षेत्र में साहित्यिक योगदान किया । इस मौके पर आलोक रंजन त्रिपाठी एसएन सिंह केके मिश्रा धुप देव पांडेय अनुराग सिंह पंकज सिंह रूपेश कुमार उर्मिला सिंह सोनी कुमारी मधु कुमारी साहित्य ऑन शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

# दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर। उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय, महामदा में दीक्षांत सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। श्रीमती सोनी कुमारी, प्राचार्य, उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा स्वागत अभिभाषण दिया गया। उन्होंने अपने उदबोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विधालय में प्रतिदिन उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान करके किया गया। इस दीक्षांत समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही पुरस्कृत छात्र छात्राओं के अभिभावकों को भी अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर उदय शंकर ओझा, अंग्रेजी विभाग, जयप्रकाश विश्वविद्यालय उपस्थित थे। उन्होंने अपने अभिभाषण में छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन सुश्री रिचा कुमारी शिक्षिका गणित द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन श्री मनोज कुमार, प्राचार्य,मध्य विद्यालय द्वारा किया गया।

## श्री राम जन्मोत्सव सत्संग समारोह का 29 वां वार्षिकोत्सव शुरू

जलालपुरे प्रखंड के जलालपुर बाजार से उत्तर शुभम किराना के पास श्री राम जन्मोत्सव सत्संग समारोह का 29 वां वार्षिकोत्सव. मंगलवार की संध्या दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुओ17 मार्च तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में देश के कोने-कोने से कई प्रवचन कर्ता प्रवचन के लिए पहुंचे रहे हैं जिसमे भोपाल से सुश्री प्रेमलता मिश्रा. पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय,संत दामोदर दास जी महाराज, देवरिया उत्तर प्रदेश से अखिलेश मणि शांडिल्य वाराणसी उत्तर प्रदेश से अनिल शास्त्री,सारण की प्रिया प्रियदर्शनी शामिल हैइस संबंध में जानकारी देते हुए आयोज समिति के प्रशांत कुमार तिवारी व प्रभुनाथ कुमार सिंह ने बताया कि विशनपुरा के शिव प्रसाद हरदेव चंद्रदेव स्मृति सेवा न्यास द्वारा मौके पर फ्री मेगा हेल्थ जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है।

# खैरा थाना में ईद- रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा। खैरा थाना परिसर में मंगलवार को ईद व रामनवमी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक की गई.जिसकी अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार व खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने संयुक्त रूप से की.बैठक में क्षेत्र के सभी समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए तथा त्योहार हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया.वहीं सभी सामाजिक कार्यकताओं व मौजूद सदस्यों ने आचार संहिता के सरकार द्वारा जारी नियमों के तहत मनाने का निर्णय लिया गया.वहीं थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने कहा कि ईद व रामनवमी,चैती छठ सहित अन्य त्योहार के दौरान शांति बनाए रखना है.सभी त्योहार आपसी भाई चारे के साथ मिलजुलकर मानना है. वहीं उन्होंने कहा की उपद्रवियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. सोशल मीडिया में अफवाह नहीं फैलाएं अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी ,शोशल मिडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर है.वहीं इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह, मश्कुर खान ,मो. कमरूजमा ,जमाल हैदर खान, सुरेश राय, मुकेश राय ,योगेंद्र सिंह, अर्जुन मांझी ,सद्दाम हुसैन, भीष्म राय ,चंदन साह, रमेश कुमार राय , अमरेंद्र प्रसाद ,गणेश साह ,दयानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति सहित थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

# संत जोसेफ एकेडमी नेवाजी टोला में शुरू हुआ छः दिवसीय प्रथम सोपान स्काउट शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के निर्देश पर प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संत जोसेफ एकेडमी नेवाजी टोला में किया गया है ।जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के द्वारा शिविर प्रधान के रूप में इस्लामिया उच्च विद्यालय के शिक्षक एवम स्काउट मास्टर अरुण परासर एवं गाइड में उच्च माध्यमिक विद्यालय बकवा पानापुर की शिक्षिका एवम गाइड कैप्टन डॉ० सुषमा सिंह को नियुक्त किया गया है ।शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा,गांठ विद्या,ध्वज शिष्टाचार,ड्रिल,सफाई, व्यायाम,सीटी संकेत,खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उद्घाटन समारोह में विद्यालय प्राचार्या रौशनी राय ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों में स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है,स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वालंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता हैं।

# इफ्तार पार्टी में शामिल हुए सैकड़ों रोजेदार मांगी अमन की दुआ

प्रात : किरण संवाददाता



तरैया। प्रखंड के पचभिंडा पंचायत के निःवर्तमान उपप्रमुख प्रमिला देवी के आवासीय परिसर में सोमवार को संध्या में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया ।उपप्रमुख प्रतिनिधि ठाकुर विनोद राय व पिंटू कुमार यादव ने आगत रोजेदारों का स्वागत किया ।इफ्तार पार्टी में शहनावाजपुर, मुरलीपुर सहित अन्य गांव के रोजेदार शामिल हुए ।मौके पर पूर्व जिला परिषद डॉक्टर अब्दुल्लाह खान,मो. अमन,अमजद खान, नकीबूदिन खान,असलम खान, शाह मोहमद, मौलाना जाहिद आलम, नजीबू रहमान अंसारी, अब्दुल मन्नान खान,राजद जिला सचिव मो हाफिज,नारायणपुर बिडिसी प्रतिनिधि प्रियरंजन युवराज,तरैया बिडिसी प्रतिनिधि आनंद मोहन सिंह,पूर्व मुखिया तारकेश्वर राय,पूर्व मुखिया संजीव कुमार सिंह,बिडिसी प्रतिनिधि अशोक जी व्यास,रंजीत प्रसाद, विश्वकर्मा शर्मा,वीरेंद्र राम,सुनील राय,निराला सिंह,बिरचंद सिंह सहित अन्य शामिल हुए ।इफ्तार पार्टी में रोजेदारों के साथ क्षेत्र के अन्य गण्यमान्य लोग शामिल हुए ।इस दौरान देश में सुख शांति और आपसी भाईचारे की दुआएं मांगी गई ।मो.शमीउला कादिरी ने कहा की रमजान नेक व पवित्र महीना होता है।

# बहुभाषाविद के साथ इंसानियत के पुरोधा थे राहुल सांकृत्यायन

• जेपीविवि में समारोह पूर्वक मनाई गई जयंती

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर मंगलवार को जय प्रकाश विश्वविद्यालय में महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया । राहुल सांकृत्यायन के छपरा में प्रवास के साथ उनके सारण से जुड़ाव को भी वक्ताओं ने स्पष्ट किया। इससे पहले समारोह का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार, विश्वविद्यालय राजनीति शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ लालबाबू यादव, हिंदी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुधा बाला तथा विश्वविद्यालय हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया। विषय प्रवर्तन प्रो. अजय कुमार ने किया, जबकि आगत अतिथियों का स्वागत डॉ अनीता ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. लालबाबू यादव ने राहुल सांकृत्यायन द्वारा लिखित पुस्तकों को उद्धृत करते हुए उनके विचारों से सरल शब्दों में रू-ब-रू कराया। उन्होंने कहा कि राहुल सांकृत्यायन छपरा के नगरपालिका चौक के पास रहा करते थे। वे राजेंद्र कॉलेज के शासी निकाय के सदस्य भी रहे। उन्हीं के कार्यकाल में राजेंद्र कॉलेज में लब्धप्रतिष्ठ विद्वान मनोरंजन प्रसाद सिन्हा को राजेन्द्र कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त किया गया था। उन्होंने उनकी विचारधारा को स्पष्ट करते हुए कहा कि राहुल सांकृत्यायन पहले सनातनी ब्राह्मण थे, फिर उनका झुकाव वामपंथ की ओर हुआ, उसके बाद उन्हें साम्यवाद पसंद आने लगा। सारण जिले के परसागढ़ में उन्होंने मठ में भी काम किया जो उनकी कर्मभूमि रही है। समारोह को संबोधित करते हुए कुलसचिव प्रो रणजीत कुमार ने राहुल सांकृत्यायन के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए कहा कि वे एक भविष्यद्रष्टा भी थे। उन्हें कई भाषाओं का ज्ञान था तथा समाज की भरपूर समझ थी जिस कारण उन्होंने समाज की विसंगतियों पर भी कई कालजयी रचनाएं लिखीं। डॉ. सुधा बाला ने राहुल सांकृत्यायन के विभिन्न उल्लेखनीय कार्यो को साहित्यिक दृष्टि से रेखांकित करते हुए उनके लिखित कई पुस्तको की विस्तृत चर्चा की। समारोह का संचालन डॉ. सिद्धार्थ शंकर ने करते हुए राहुल सांकृत्यायन के कई पक्षो को रखा। इस अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार सहित आगंतुक अतिथियों ने पुरस्कृत किया।इनमें पेट 2022 की शोधार्थी लता प्रासर,सिंधु कुमारी शशि शेखर शामिल थे इनके अतिरिक्त विभिन्न विषयों के पीजी के विद्यार्थी सम्मिलित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

चांद । पुलिस ने शराब की तस्करी में लिप्त युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में थाना प्रभारी मो इरफान रजा ने कहा पुलिस सूचना के आधार पर बड़ी कारवाई की। उन्होंने ने कहा पुलिस को सूचना मिली थाना के कुछ दूरी पर चांद गांव निवासी नन्दलाल चौरसिया शराब का धंधा रहा है। पुलिस ने मंगलवार को सुबह छापेमारी कर शराब धंधेबाज नन्दलाल चौरसिया को गिरफ्तार किया। पुलिस ने धंधेबाज के यहां से 41 पीस अंग्रेजी शराब यानी 7 लीटर बरामद किया। पुलिस ने युवक की मेडिकल चेकअप के बाद जेल भेज दिया।

### बाल विवाह व मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया

बिक्रमगंज/रोहतास। मंगलवार को स्थानीय प्रखंड अंतर्गत अल्प वोटर बूथ संख्या 45 और 46 उच्च विद्यालय शिवपुर उत्तरी दक्षिणी में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिक्रमगंज शशि कुमारी एवं महिला पर्यवेक्षिका कुसुम कुमारी के नेतृत्व में सेविका ज्योति सिंह, कुंती देवी एवं उर्मिला देवी के द्वारा संयुक्त रूप से वैसे वोटर जो कामकाज हेतु एवं नौकरी पेशा करने वाले व्यक्ति के अभिभावकों एवं वोटरों को आगामी 1 जून 2024 को होने वाले लोक सभा चुनाव में निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। वैसे सभी मतदाताओं से मतदान के दिन अपने गांव आने और अपने वोट का अपने स्वेच्छा से प्रयोग कर देश का जिमवर नागरिक बनने और लोकतंत्र का महापर्व मनाने साथ ही साथ बाल विवाह संबंधी जागरूकता अभियान भी चलाया गया । जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह एक कानून अपराध है, बाल विवाह एक अभिशाप है के सम्बंध में जानकारी दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक्ट के तहत बाल विवाह करने एवं बाल विवाह में सहयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई एवं जेल भी हो सकती है।

### अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे जा रहे बालक को रौंदा, मौत

आरा। भोजपुर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के करीसाथ गांव में मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे जा रहे हैं एक बालक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बालक रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के बभनी गांव निवासी विकास मुसहर का 8 वर्षीय पुत्र विवेक मुसहर है एवं वह चौथी कक्षा का छात्र था। इधर मृत बालक की नानी दशहरी देवी ने बताया कि वह एक सप्ताह पूर्व अपनी बेटी सरिता के ससुराल रोहतास के बभनी गांव गई थी। वहां से वह अपने नाती विवेक कुमार एवं नतनी बिंदा को अपने साथ अपने घर ले आई थी। मंगलवार की दोपहर वह अपने नाती विवेक कुमार एवं नतनी बिंदा के साथ कारीसाथ गांव अपने भतीजे उपेंद्र के घर न्योता देने जा रही थी। इस दौरान करीसाथ गांव स्थित दुर्गा मंदिर के समीप पीछे से आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने उनके नाती विवेक कुमार को रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे इलाज के आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया।

### भोजपुर सड़क हादसे में जख्मी अधेड़ व्यक्ति की मौत

आरा। भोजपुर जिले में हुए सड़क हादसे में जख्मी एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में मंगलवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी स्व.बृंदा सिंह के 57 वर्षीय पुत्र दयानंद सिंह है एवं वह पेशे से किसान थे। बता दे की बीते गुरुवार की रात चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी राम लाल सिंह की पत्नी गुंजा देवी की हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई थी। जिसको लेकर सभी लोग सवारी गाड़ी रिजर्व कर उनके पार्थिव शरीर का दाह-संस्कार करने के लिए बक्सर जा रहे थे। जाने के क्रम में बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर धनगाई थाना क्षेत्र के औरैया टोला गांव के समीप उनकी सवारी गाड़ियां अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। जिसमें चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी स्व. मुसाफिर सिंह के 65 वर्षीय पुत्र व मृतका गुंजा देवी के पति राम लाल सिंह, बिंदेश्वरी सिंह के 40 वर्षीय पुत्र कमलेश सिंह एवं स्व. बबन सिंह के 40 वर्षीय पुत्र कृष्ण सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जबकि दयानंद सिंह व पुत्र पवन कुमार समेत छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

# बिजली ट्रांसफार्मर के चपेट में आने से सात लोगों की मौत

## एक ही परिवार के सभी लोग जिंदा जले, घटना के बाद लोगों में मची आगरा-तफरी

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट प्रखंड क्षेत्र के इब्राहिमपुर में मंगलवार को दिन के एक से दो बजे के बीच एक दुखद घटना घटी, जहां एक घर में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई । मरने वालों में पांच बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं । जिसमें एक महिला सात माह का प्रेग्नेंट बताई जाती है । परिजनों की माने तो आग की शुरूआत पास के ट्रांसफॉर्मर से निकली चिंगारी से हुई, जिसने झोपड़ी नुमा घर को जल्दी ही अपनी चपेट में ले लिया । घटना के बारे में यह भी बताया जाता है कि लकड़ी और पतेल पुआल के सहारे चारो ओर से करकट से झोपड़ी को बनाया गया था । जिसकी आगे से दरवाजे बनाया गया था । वही ट्रांसफॉर्मर के कारण आग लगी तो करकट से घिरा झोपड़ी में भी करेंट आ गई । परिवार के सभी लोग करेंट के चपेट में आ गए जिस कारण परिवार के लोग भागने में असमर्थ रहे । आग में झुलसने से छह की मौके मौत हुई वही एक की मौत सदर अस्पताल सासाराम में जाकर हो गयी । परिवार के छह जिनकी मौत हो गई इस प्रकार पुष्पा देवी उर्फ पूषा देवी उम्र 30 वर्ष पति देवराज चौधरी, बजरंगी कुमार उम्र 6 वर्ष, काजल कुमारी उम्र 4 वर्ष गुडिया कुमारी उम्र 1 वर्ष, तीनो बच्चों के पिता देवराज चौधरी ये सभी ग्राम बड़हर टोला थाना जगदीशपुर जिला भोजपुर आरा कांति कुमारी उम्र 6 वर्ष पिता शामा चौधरी ग्राम रामनगर थाना तरारी जिला भोजपुर , माया देवी उम्र 25 वर्ष जो सात माह से गर्ववती थी पति दीपक चौधरी ग्राम लेमद्रा थाना विशावदर जिला जुनागढ़ (गुजरात), शिवानी कुमारी उम्र 3 वर्ष पिता देवराज चौधरी ग्राम बडहरोला थाना जगदीशपुर जिला भोजपुर आरा, राजू देवी उम्र 45 वर्ष पति शामा चौधरी ग्राम रामनगर थाना तरारी जिला भोजपुर पैतृक निवास था जो करीब एक वर्ष से झोपड़ी बनाकर हर रहे थे । वही घटनास्थल पर पहुंचे काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह , एसडीएम अनिल बसाक , कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार , काराकाट बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सीओ डॉ रितेश कुमार सिंह , अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे । घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए एसडीएम श्री बसाक ने कहा कि घटना में जितनी भी मौत हुई है , उन सभी को उचित मुआवजा दी जाएगी । उन सबको जल्द से जल्द भूमि उपलब्ध कराई जाएगी । साथ ही साथ उन्होंने घटना की जांच कराने का आश्वासन मृतक के परिजनों को दी । तो वही काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह ने मामले की गहनता से जांचकर मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने के लिए सरकार और जिला के वरीय पदाधिकारी से मांग की । वही थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने घटना के बारे में बताया कि यह घटना खाना बनाने के बाद का है जिस वक्त आग का अवशेष भाग बचा था जो आगे चलकर विकराल रूप ले लिया । जिससे यह घटना घटित हुई ।

## दारोगा बनकर कर रहा था ट्रक चालक से उगाही, पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को देर रात बड़हरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी। मिली जानकारी के अनुसार बड़हरा थाना की पुलिस रात्रि गस्ती कर रही थी इसी दौरान पुलिस की नजर एक वर्दी पहने व्यक्ति पर पड़ी जो ट्रक चालकों से पैसे की वसूली कर रहा था।जिसके बाद दरोगा की वर्दी पहने व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ के क्रम में पता चला कि ये फर्जी दरोगा है।

गिरफ्तार व्यक्ति सारण जिले के एकमा थाना निवासी अनिल कुमार का 46 वर्षीय पुत्र अभिनय कुमार बताया जाता है। पुलिस की माने तो ये फर्जी दरोगा विगत कई महीनों से बालू लदे ट्रक से अवैध वसूली करता था। पुलिस ने बीती रात इसे ट्रक से अवैध वसूली करते हुए पकड़ा है।

पुलिस ने गिरफ्तार फर्जी दरोगा के पास से 1700 रुपये, आधार कार्ड,पुलिस का लोगो लगा हुआ टाटा नेक्सन कार,दो एंड्राइड मोबाइल, दरोगा की वर्दी,पुलिस बेल्ट, बिहार पुलिस का बैच लगा हुआ ब्लू रंग का टोपी,वर्दी में नेम प्लेट, दो सोल्डर बैच जिसपर दो दो स्टार,पुलिस बेल्ट,पुलिस का जूता बरमाद किया हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में इनके गिरोह में संलिप्त व्यक्तियों का पता किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा इनके विरुद्ध कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## हथियारबंद अपराधियों ने ट्रक चालक को मारी गोली

### जख्मी चालक इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी से पटना रेफर

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-छपरा फोरलेन पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के हरीपुरा पैसठवा बालू घाट स्थित पेट्रोल पंप के समीप हथियारबंद अपराधियों ने झारखंड निवासी एक ट्रक चालक को गोली मार दी। जख्मी चालक को गोली दाहिने पैर में जांघ पर लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसके साथ रहे खलासी द्वारा इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी चालक से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिसमामले की छानबीन में जुट गई हैं। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक झारखंड के देवघर निवासी जयराम यादव का 28 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार है एवं वह पेशे से ट्रक चालक है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम वह हरीपुर गांव स्थित पैसठवा बालू घाट पर ट्रक पर बालू लोड कर छपरा जा रहा था। जाने के क्रम में वह हरिपुर पैसठवा बालू घाट स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक रोक कर खेत में लघुशंका करने के लिए गया। जहां पर पहले से दो हथियारबंद अपराधी बैठे हुए थे। तभी उक्त अपराधियों से उसके बीच विवाद हो गया। जिसको लेकर उक्त अपराधियों ने उसे गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। वहीं इस मामले में कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि जख्मी चालक ट्रक पर बालू लोड कर छपरा जा रहा था। जाने क्रम में वह हरीपुरा पैसठवा बालू घाट स्थित पेट्रोल पंप के समीप ट्रक रोक कर खेत में लघुशंका करने गया था। जहां बैठे बदमाशों से उसका विवाद हो गया। उसी दौरान हथियारबंद बदमाशों द्वारा उसे गोली मार दी गई। हालांकि पुलिस अपराधियों की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है।

## कोपवा मां काली मंदिर पूजन में उमड़ा जन सैलाब

प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) मां काली मंदिर कोपवा में अमावस्या तिथि को लेकर महा सप्तशती पाठ का हुए आयोजन में सोमवार की रात भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा जहां रोहतास भोजपुर बक्सर के हजारों श्रद्धालुओं का जन सैलाब मंदिर में पूरी रात उमड़ा रहा इस दौरान पाठ से पहले मंदिर के माता को व मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए हवन पूजन भव्य आरती का आयोजन किया गया ज्ञात हो कि मां काली मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए 108 अमावस्या को माता के मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए महा सप्तशती का पाठ हवन पूजन आरती करने का निर्णय कमिटी द्वारा लिया गया है।

जिसमे बनारस से आए आचार्य सुशील शास्त्री के टीम के द्वारा 25वीं अमावस्या की पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया और पाठ की समाप्ति के बाद अहले सुबह हवन किया गया हवन की समाप्ति के बाद हजारों लोगो को खीर का प्रसाद वितरण किया गया।वही माता की इस दिव्य साधना पूरी रात चली जहां अंत में हजारों लोगों को प्रसाद के रूप में पूड़ी,खीर सब्जी ग्रहण कराया गया।इस मौके पर अमिताभ कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ,अवधेश कुमार सिंह, गीता सिंह,नीतू सिंह, डॉ नेहा सिंह,अरुण सिंह पहलवान,विनोद कुमार सिंह ,दिव्यांश कुमार, रामेश्वर सिंह,शुभम सिंह, करिया सिंह, मुटुर सिंह,मिथिलेश सिंह,शांति देवी, प्रिंस सिंह,रामजी सिंह, पप्पू सिंह, प्रदीप सिंह,अरुण जी,राहुल सिंह,पिंटू सिंह,राजेंद्र सिंह,राजू सिंह, प्रमोद सिंह,अमरेंद्र सिंह, लुलु सिंह, ललू सिंह,धीरेंद्र सिंह,समेत कई लोग सहित भोजपुर, रोहतास,कैमूर,सहित आस पास के दर्जनों गांवों के लोग कार्यक्रम में शिरकत किए।

## दीक्षांत समारोह सह चित्रकला प्रतियोगिता किया गया आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी भोजपुर में, दीक्षांत समारोह सह चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। चित्र सृजन में छात्राओं ने जल जीवन हरियाली विषय पर चित्र सृजन कर स्तब्ध कर दिया। ललित कला विषय की शिक्षा इस स्कूल में दिया जा रहा है। इसलिए कलाकृतियां अपने मुल भावना के साथ सृजित की गई थीं। चित्रकला प्रतियोगिता का मूल्यांकन, शिक्षिका पिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी, अर्पिता यादव ने किया।

जजमेंट क्रम में शिक्षिकाएं बोली बहुत मुश्किल होता है मूल्यांकन करना। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा इस तरह का सृजनात्मक गतिविधि होते रहना चाहिए। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है, अंजली कुमारी द्वितीय स्थान, ज्योती कुमारी, तृतीय स्थान अंशु कुमारी। इस अवसर पर सांइस में प्रथम स्थान अंशु कुमारी, द्वितीय,खुशी कुमारी, तृतीय स्थान चुनीं कुमारी। आर्ट्स में प्रथम स्थान हासिल किया है, कोमल कुमारी, द्वितीय स्थान, अंजली कुमारी, तृतीय स्थान नेहा कुमारी। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सृजित चित्र को प्रदर्शित किया गया जितने गार्जियन आए थे काफी प्रभावित हुए। इस अवसर पर सांस्कृतिक आयोजन भी किया गया ग्रुप गायन में, और देशभक्ति गीत पर तनू कुमारी का काफी सराहनीय कलात्मक डांस किया। इस आयोजन का संचालन करते हुए चित्रकार रौशन राय ने कहा विद्यालय में कलात्मक और सृजनात्मक आयोजन होते रहना चाहिए। इस अवसर पर ढेरों शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने संबोधन में उपस्थित ग्रामीण जनता अभिभावक को संतुष्ट किया। वरिय शिक्षिका अर्चना कुमारी, प्रतिमा कुमारी, संगीता कुमारी इन्दु यादव रिंकी कुमारी ,सुनित त्रिपाठी, मोहम्मद परवेज आलम,मनोज कुमार, प्रिती कुमारी,चर्चिल टैगोर ,सुधांशु शर्मा जयगोपाल सिंह के साथ ढेरों वक्ताओं ने विचार रखे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक अजय राय ने किया।

## वर्ष प्रतिपदा पर स्वयंसेवकों का हुआ पथ संचलन

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास): प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई के तत्वाधान में मंगलवार को वर्ष प्रतिपदा पर स्वयंसेवकों का पथ संचलन हुआ। निर्धारित समय अपराहन 4:15 से प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल आरा रोड से प्रारंभ हुआ और तेंदूनी चौक होते हुए डेहरी रोड अस्कामिनी मंदिर से वापस सासाराम रोड अंजबित सिंह कॉलेज गेट से वापस डुमरांव रोड हिंदुस्तान पैट्रोलियम से वापस आरा रोड सिलौटा मोड़ से वापस प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल में संध्या 5:30 में पथ संचलन का कार्य गुरु भागवत ध्वज को प्रणाम निवेदन के बाद संपन्न हुआ। इसके पूर्व सामूहिक गीत जिला प्रचारक विभाष, अमृत वचन सत्यम भारद्वाज एवं एकल गीत जिला व्यवस्था प्रमुख धीरेंद्र सिंह ने प्रस्तुत किया।

बौद्धिककर्ता के रूप में पहुंचे दक्षिण बिहार प्रांत के सह प्रांत सेवा प्रमुख देवेंद्र द्वारा वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संघ स्थापना की पृष्ठभूमि को उन्होंने रखा। हिंदू नव वर्ष अर्थात वर्ष प्रतिपदा के संदर्भ में विभिन्न कड़ी का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिन से प्रकृति द्वारा कई तरह के परिवर्तन देखने को मिलते हैं। जिससे नव वर्ष का आगमन परिलक्षित होता है। भगवान झूलेलाल सहित कई देवता था ऋषि मुनियों का अवतरण दिवस बताते हुए वर्ष प्रतिपदा के महत्व को बताया। मौके पर नगर संचालक अखिलेश पांडे, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, नगर कार्यवाह ओम नारायण, खंड कार्यवाह विजय पांडे,खंड शारीरिक प्रमुख राजू पांडे एवं अशोक सिंह सहित कई स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## पत्रकार के निधन पर किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

डेहरी(रोहतास) वृद्ध पत्रकार गया प्रसाद के निधन पर मंगलवार को डालमियानगर के ड्रीम हाउस में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए पत्रकार कमलेश कुमार ने उनके पत्रकारिता कार्यो की चर्चा की। उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय गया प्रसाद 60 वर्षो तक अनवरत तूफान नामक मासिक समाचार पत्र का प्रकाशन व संपादन स्वयं करते रहें। बुढ़ापे में भी उनके पत्रकारिता के जुनून का सभी कायल थे। विशेष कर उनके होली विशेषांक का इंतजार जिले हीं नहीं राज्य स्तर पर उनके प्रशंसक करते थे। स्थानीय स्तर पर पत्रकार जगत में उन्हें लोग गार्जियन कह कर बुलाते थे। वे लगातर पत्रकारों को एक सूत्र में बांधकर कार्य करने तथा सामाजिक सरोकार जैसे मुद्दों को लेकर समाचार संकलन करने की बात करते थे। पत्रकारों ने कहा कि उनकी कमी पत्रकारिता जगत में हमेशा खलती रहेगी। उपस्थित पत्रकारों व सामाजिक कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तथा दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा को अन्य लोगों के अलावा सुरेंद्र तिवारी, रवि कुमार, रोहित सिंह, अरुण सिंह, बलबीर सिंह, सच्चिदानंद दीपू, गौतम कुमार, अशोक सिंह, गोलू सिंह, रुपेश कुमार, राकेश कुमार राही, सत्यानंद, सोनू कुमार, अभिनव कला संगम निदेशक कौशलेंद्र कुशवाहा, महासचिव प्रोफेसर रणधीर सिन्हा, उप सचिव सीमल सिंह, मीडिया प्रभारी इंद्र कुमार बाघा, समेत अन्य ने संबोधित किया।

## एनडीए कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

डिहरी (रोहतास) राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रधान कार्यालय डालमिया नगर, डिहरी ऑन सोन में एनडीए कार्यकताओं की एक बैठक की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला रोहतास जिला के सभी सेक्टर प्रभारी के अलावा अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह काराकाट लोकसभा के एनडीए के भावी प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल थे ।बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने किया। बैठक में चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। उपेन्द्र कुशवाहा ने बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव की तैयारी के संबंध में बताया तथा सभी कार्यकताओं ने चुनाव में लग जाने की अपील की। बैठक में चुनाव अभियान समिति अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय लोक मोर्चा अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोक मोर्चा अमित शेखर तिवारी, जिला महासचिव राकेश मिश्रा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी सहित कई उपस्थित थे।

## ईद और रामनवमी का पर्व शांति व भाईचारगी के साथ मनाएंः बीडीओ

प्रात : किरण संवाददाता

संझौली(रोहतास)। संझौली थाना परिसर में मंगलवार की रामनवमी, ईद-उल फितर और चैती छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ मोहम्मद सैयद सरफराजुद्दीन अहमद और संचालन सीओ किशोर पासवान ने किया। जनप्रतिनिधियों समेत अन्य अपने क्षेत्र में पर्व को लेकर विचारों को रखा। लोगों से ईद और रामनवमी पर्व की भांति शांति और भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की गई। बीडीओ ने बैठक में मौजूद लोगों से रामनवमी के उपलक्ष में जुलूस निकालने को लेकर जानकारी ली। जहां उपस्थित लोगों ने आगामी दोनों पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न करने का आश्वासन दिया। सीओ ने कहा कि रामनवमी पूजा व ईद शांति से पर्व को मनाए। साथी ही आदर्श आचार संहिता का भी ध्यान रखें। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने लोगों से रामनवमी और ईद त्योहार शांति व सौहार्द ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि रामनवमी एवं ईद पर्व में डीजे पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई भी सामाजिक तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो, उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जेई प्रमदूत पटेल, संझौली पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मझौली पूर्व पैक्स अध्यक्ष अनिल सिंह, मुखिया मिथलेश सिंह, सरपंच सुनील कुमार व श्रीभगवान सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित थे।

## ईद और रामनवमी व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

संझौली(रोहतास)। ईद और रामनवमी का त्योहार व लोकसभा चुनाव भय मुक्त, निष्पक्ष व शांति पूर्ण तरीके से मतदान को सम्पन्न कराने के लिए विधि व्यवस्था को लेकर मंगलवार को सीओ किशोर पासवान व थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। अधिकारियों के साथ केंद्रीय सीआरपीएफ बल व थाना की पुलिस ने थाना परिसर से संझौली मुख्य बाजार रोड़ होते हुए चांदी इंग्लिश, औराई, तेनुआ, सियरूआ व कैथी समेत दर्जनों गांव का भ्रमण किया। वही पुलिस प्रशासन ने चांदी इंग्लिश अंर्तगत घिंहुब्रम में लगने वाले नौ दिवसीय मेला का भी जायजा लिया।

थानाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष,भयमुक्त व शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन हर स्तर पर मुशतैद है। ईद व रामनवमी के दौरान असामाजिक तत्व व्यवधान उत्पन्न नहीं कर सके इसका खास ख्याल रखा जा रहा है। सीओ ने कहा कि फ्लैग मार्च निकालने का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को भय मुक्त रखना है। उनके मन में किसी प्रकार का भय न रहे।

त्योहारों में भी शांति बनी रहे। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों ने रामनवमी व ईद का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की लोगों से अपील की। फ्लैग मार्च में एसआई शिवम कुमार,भूपेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, गणेश तिवारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं का की गई स्वाथ्य की जांच

प्रात : किरण संवाददाता

रामपुर। कैमूर:प्रखड मुख्यालय ईस्थित पीएचसी में मंगलवार के दिन क्षेत्र के सभी गांवों से आयी सैकड़ो गर्भवती महिलाओं को पीएचसी प्रभारी डॉ रमेश कुमार और डॉ चंदन कुमार सिंह,सीएचओ सीएच अर्चना कुमारी द्वारा जांच किया गया.मिली जानकारी अनुसार पीएचसी में प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत हर माह के नव तारीख को ये जांच शिविर का आयोजन किया जाता है .पीएचसी स्थित पर्चा काउंटर पर कतार में खड़ी सैकड़ों महिलाओं ने पर्ची कटा जच्चा और बच्चा की जांच कराई. वही चिकित्सकों द्वारा लगभग 150 से अधिक गर्भवती महिलाओं को जांच के लिये लिखा गया .जहाँ बीपी, वजन की जांच एएनएएम अनिता कुमारी ,रंजन कुमार द्वारा किया गया. साथ ही फैमली प्लालिंग काउंसलर सविता कुमारी द्वारा गर्भवती महिलाओं को फैमली प्लालिंग के लिए सुझाव व विचार के साथ हम दो हमारे दो के तर्ज पर समझाया बुझाया जा रहा था.लैब टेक्नीशियन डॉ द्वारा पर्चा पर लिखे महिलाओं का खून,पेशाब, सुगर, एचआईवी, हिमोग्लोविन की जांच किया गया. गर्भवती महिलाओं को जाँचो प्रान्त पुनः डॉ द्वारा रिपोर्ट देख जो कमी पाई जाती थी उसका दवा के साथ आयरन व कैल्शियम की गोली दिया गया वही परामर्श दिया गया कि पौस्टिक, आहार हरा साग सब्जी सिजनली फल के साथ एक ग्लास दूध लेने को कहा गया हमेशा खुस रहे तनाव से दूर रहे साथ ही साथ इच्छा नुसार अधिक से अधिक पानी पीने का सलाह दिया गया ताकि जच्चा व बच्चा को किसी प्रकार की परेशानी न हो गर्भवती महिलाओ को यह भी बताया गया कि आवश्कयता से अधिक वजन न उठाये परेशनी हो सकती है,किसी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल पीएचसी के चिकित्सक से परामर्श ले गर्भवती महिलायों को सुबिधा के लिए प्रभारी डॉ रमेश कुमार के द्वारा नाश्ता के नाश्ता के व्यवस्था की है।

## अचानक लगी आग एक एकड़ गेहूं का बोझा जलकर खाक

दुर्गावती। स्थानीय प्रखंड के खखोर्ली गांव में मंगलवार को अचानक आग लग गई। जिससे एक एकड़ गेहूं का बोझा जल कर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन दल के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती थाना क्षेत्र के खखोर्ली ग्राम निवासी राधेश्याम बिंद पिता स्व विक्रमा बिंद अपने 1 एकड़ खेत का गेहूं काटकर थ्रेसरिंग करने के लिए रखे हुए थे लेकिन मंगलवार को अचानक गेहूं में आग लग गई जिसमें समुचा गेहूं का बोझा जल कर खाक हो गया । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन दल के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया गया। वहीं इस संबंध में पीड़ित के द्वारा प्रशासन से मुआवजे की मांग की गई है।

## भोजपुर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आराः सरस्वती शिशु मंदिर उदवंत नगर भोजपुर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया' विद्यालय से भैया बहने गांव की गलियों से होते हुए भारत माता की नारो एवं नव वर्ष मंगलमय हो' के साथ पूरे गांव होते हुए बीच में विद्यालय के सचिव श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव जी के द्वारा बच्चों को अल्पाहार दिया गया दिया गया एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दिए सभी भैया बहने विद्यालय परिसर में आए और यहां भारत माता का पूजन एवं दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम श्री अनूप गिरी एवं रीता देवी बच्चन जी दुबे, मुरारी कुमार, विशाल कुमार के द्वारा संपन्न हुआ' श्री अनूप गिरी जी ने नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा के बारे में विस्तार से भैया बहनों को बताया की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और राम का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी 'अंत में प्रधानाचार्य जी भैया बहनों को नव वर्ष की मंगल कामना दिए' शांति मंत्र एवं प्रसाद वितरण होने के बाद सभी भैया बहने अपने-अपने घर लौट गए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पुरस्कार सफलता की ऊंचाई को छूने की करता है प्रेरित:किरण कुमारी



करपी,अरवल। प्रखंड क्षेत्र के +2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधराचक सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंधराचक में दीक्षांत सह मतदाता जागरूकता समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्रधान अध्यापक राजू कुमार ने किया एवं संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋतुराज गौतम ने की। स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।+2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधराचक में इस मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया।प्रतिभागी बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।उपस्थित छात्र-छात्राओं के संबोधित करते हुए शिक्षिका किरण कुमारी ने कहा कि पढ़ाई में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पुरस्कृत करने से इन बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा जागेगी। इन्होंने कहा कि छोटे बच्चे देश के भविष्य हैं। इस मौके पर शिक्षिका प्रभा कुमारी शिक्षाका गीता कुमारी समेत पत्रकारों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग एवं अभिभावक उपस्थित हुए।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, पटना रेफर

अरवल। सोमवार की रात्रि राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति बुरी तरह जख्मी हो गया। देर रात आसपास के लोगों ने एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। युवक की स्थिति को देखते हुए निजी क्लीनिक के संचालक एक के भारतीय ने परिजनों का आने का इंतजार नहीं किया और अपने निजी वाहन से पटना पीएमसीएच लेकर चले गए और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर के द्वारा परिजनों को सूचना दी गई जिसके बाद परिजन पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और जख्मी युवक का हाल-चाल जाना। घायल युवा के सदर थाना क्षेत्र के परमपुरा गांव निवासी गणेश कुमार गुप्ता पिता सतेंद्र साव पालीगंज से अपने पैतृक गांव लौट रहा था इसी दौरान घटना हुई। डॉ एके भारती ने बताया कि फिलहाल युवक की स्थिति सामान्य है और पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### पांच साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिज सह स्पेशल उत्पाद कोर्ट 02 नितिश कुमार ने रिसियप थाना कांड संख्या -113/21 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त दिवाकर कुमार कोइरी बिगहा कुटुम्बा को सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि अभियुक्त को निर्णय पर 04 अप्रैल 2024 को दोषी ठहराया गया था। सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम की धारा 30 (क) में पांच साल सश्रम कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है। उत्पाद विभाग के विधि परामर्शी शेखर कुमार ने बताया कि वाद सूचक उपेंद्र प्रसाद राय आई ओ ने 21 नवम्बर 2021 को गुप्त सूचना के आधार पर एन एच 139 थाना मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया तो अभियुक्त को अन्य साथी के साथ दो पल्सर बाइक पर 423 बोतल टनाका के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

### बोलेरो हुई थी चोरी मिला बीमा राशि

औरंगाबाद। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद संख्या 86/12 के वादी अनीता कुमारी सेवा, तरारी भोजपुर को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के आठ लाख तिरसठ हजार चार सौ छियालीस का चेक प्रदान किया। अधिवक्ता स्नेही ने बताया कि आवेदिका का गाड़ी फरवरी 2012 को उसके घर के आगे से चोरी हो गई थी। आवेदिका को बीमा कंपनी क्लेम देने से इंकार कर दिया दिया था। राज्य आयोग के आदेश पर यह चेक प्रदान किया गया है।

### 15 अप्रैल से होगी कोर्ट मॉर्निंग

औरंगाबाद। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज अशोक राज के आदेश से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में 15 अप्रैल 2024 से कोर्ट मॉर्निंग शुरू होगी, जो 29 जून 2024 तक जारी रहेगा। समयावधि 07 बजे सुबह से 1 बजे दोपहर तक होगी। अधिवक्ता स्नेही ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और महासचिव जगनारायण सिंह ने कोर्ट मॉर्निंग करने का आवेदन जिला जज को दिया था जिसे जिला जज द्वारा व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लिए स्वीकार किया गया है।

# सेक्टर वार मास्टर ट्रेनरों की टैगिंग अगले 48 घंटे के अंदर करना सुनिश्चित : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



गया।लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम ने जिला स्कूल पहुच कर अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिया कि 19 अप्रैल के मतदान के दिन किसी भी प्रजाईडिंग ऑफिसर को ईवीएम को आपस मे बी यू, सी यू, विविपैट इत्यादि से जोड़ने तथा अन्य मॉकपोल एव मतदान समाप्ति के पश्चात क्या क्या करना होता है। संबंधित पूरी जानकारी हर हाल में सभी मास्टर ट्रेनर के माध्यम से बता दे, ताकि कोई भी दिक्कत मतदान के तिथि में नहीं हो सके।

डीएम ने कहा कि जिला कंट्रोल रूम में 12 अप्रैल से डाउट क्लीयरिंग सेन्टर बनाये। इसमें 9 विधानसभा के लिये 1-1 मास्टर ट्रेनर को पालिवार लगा कर बूथ वार सभी प्रजाईडिंग ऑफिसर से बात करेंगे एव ईवीएम को आपस मे बी यू, सी यू, विविपैट इत्यादि से जोड़ने तथा अन्य मॉकपोल एव मतदान समाप्ति के पश्चात क्या क्या करना होता है ये सभी प्रक्रियाओं को पूछेंगे, कोई डाउट रहने से उनकी डाउट को तुरंत फोन कॉल्स पर ही समाधान करवाएंगे। कंट्रोल रूम में हंटिंग लाइन रखा जाएगा, एक साथ ज्यादा से ज्यादा प्रजाईडिंग ऑफिसर से बात हो सके।डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को कहा कि सेक्टर वार मास्टर ट्रेनरों की टैगिंग अगले 48 घंटे के अंदर करना सुनिश्चित करे डीएम ने कहा कि ईवीएम डिस्पैच सेन्टर पर ट्रेनिंग मेटेरियल की पूरी उपलब्धता रखे। उसी वक्त एक घंटे का सेशन चलाकर प्रजाईडिंग ऑफिसर को जो भी डाउट है, उसका समाधान भी करवा दिया जाय। प्रजाईडिंग ऑफिसर को पूरी तरह गाइड करना होगा।डीएम ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी के साथ 5-5 मास्टर ट्रेनर को सेपरेट रखना होगा, ताकि कोई भी दिक्कत होने से तुरंत संबंधित सेक्टर द्वारा समाधान करवाया जा सके। इसके उपरांत जिला स्कूल में मतदान कर्मियों का हो रहे वोटिंग का निरीक्षण किया है। डीएम ने कहा कि वीडियोग्राफी पूरी तरह करवाये।पोस्टल वैलेट से किये जा रहे मतदान में लगे पदाधिकारी एव अन्य पदाधिकारी को खाना पानी नास्ता पूरी तरह समय पर मिले, इसे सुनिश्चित करवाने का निर्देश अपर समाहर्ता आपदा को दिया है।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा समारोह जलभरी के साथ प्रारंभ

करपी,संवाददाता : विशाल सिंह



करपी, अरवल। प्रखंड क्षेत्र के कुदरासी गाँव में श्री सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमदभागवत कथा का आरंभ बिते दिन जलभरी के साथ प्रारंभ हुआ ! 9 अप्रैल से शुरू होकर यह श्रीमद् भागवत कथा 15 अप्रैल तक चलेगा ! कथा के प्रथम दिन ग्राम से सैकड़ो की संख्या में स्त्री एवं पुरुष पंक्तिबद्ध होकर सोन नदी में जलभरी के लिए लोग प्रस्थान किये ! इस अवसर पर श्री श्री 1008 स्वामी पुरुषोत्तम आचार्य जी महाराज के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ जलभरी यात्रा को प्रारंभ किया गया।

इस जलहरण यात्रा में सबसे आगे अश्व उसके बाद पंक्तिबद्ध होकर लोग गाजा बाजा के साथ प्रस्थान किया !इस सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के मुख्य यजमान अमित कुमार अजय कुमार गुड्डू शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से स्वामी जी महाराज के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा सुनाया जाएगा !रात्रि 9:00 बजे प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम को विराम दिया जाएगा !सात दिन तक चलने वाले इस समारोह के लिए एक मंडप बनाया गया है जहां श्रद्धालु आकर उनकी परिक्रमा करेंगे ! साथ ही सुसज्जित पंडाल एवं आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था बहुत बेहतरीन ढंग से की गई है !मुख्य यजमान ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के स्वयंसेवी भी काफी तत्पर रहेंगे !इस दौरान स्थानीय पूर्व मुखिया संजय सिंह ने बताया कि श्रद्धालु भक्तों के लिए किसी प्रकार के दिक्कत परेशानी ना हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम कई तरह के व्यवस्थाएं किए गए हैं इसका भी ख्याल रखा जाएगा।

## दीक्षांत समारोह से निकलेगी बच्चों की प्रतिभा: राजू कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



करपी,अरवल। प्रखंड क्षेत्र के अंधराचक मे +2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे दीक्षांत सह मतदाता जागरूकता समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्रधान अध्यापक राजू कुमार ने किया एवं संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋतुराज गौतम ने की। बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। +2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधराचक में इस मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया।प्रतिभागी बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कई छोटे-छोटे छात्र ने दहेज प्रथा शराब मत पीना पापा एवं ड्रामा के पाठ कर संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुत किया। पूरे विद्यालय परिसर तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित छात्र-छात्राओं के संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक राजू कुमार ने कहा कि पढ़ाई में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पुरस्कृत करने से इन बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा जागेगी। कहा कि विद्या एक ऐसा चीज है कि जो विद्या एक ऐसा चीज है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। इन्होंने कहा कि छोटे बच्चे देश के भविष्य होते है। इस मौके पर शिक्षक विमल कुमार शिक्षक राहुल कुमार शिक्षक मुकेश कुमार शिक्षक मिथिलेश कुमार एवं शिक्षिका प्रभा कुमारी शिक्षाका गीता कुमारी समेत पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग एवं अभिभावक उपस्थित हुए।

## बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कॉलेज परिसर में कई स्थानों पर दाना और पानी के सकोरे लटकाए गए



गया।गया कॉलेज, गया के स्वयंसेवको द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कॉलेज परिसर में कई स्थानों पर दाना और पानी के सकोरे लटकाए गए हैं।

गया कॉलेज ,गया के प्रधानाचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र के निर्देश पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने स्वयंसेवको के साथ मिलकर महाविद्यालय के उपवन परिसर सहित आसपास के स्थानों पर पहुंचकर पक्षियों की भूख, प्यास मिटाने के लिए सकोरे बनाकर पेड़ों पर लटकाए। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवको को संकल्प दिलाया कि प्रतिदिन इन सकोरों में दाना-पानी आवश्यक रूप से भरना है, जिससे इन पंछियों की रक्षा का संकल्प पूरा हो सके। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट एक के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र के साथ डॉ रवि कुमार भी उपस्थित थे।जन संपर्क पधाधिकारी डा धनंजय धीरज ने बताया की परिसर मे चिड़ियों के लिए ये व्यवस्था साराहनीये है। स्वयंसेवको में आरभ, कुंदन कुमार, एमडी इस्तियाक, सौरव कुमार, आर्यन कुमार,हर्ष कुमार, रोशनी कुमारी, शुभम कुमार, अमित कुमार, तनु कुमारी , रेवी कुमारी, राहुल राज, दिव्या कुमारी ,सानू कुमारी,रितिका, मधु कुमारी, राजनीश, रिया कुमारी, रानी , सत्यम मेहता, आर एस सत्यम भोला,आरती ,तनीषा, अभिजीत सिंह,आलोक कुमार, स्मृति कुमारी,विकास,विक्रम, चंदन, आशीष कुमार, शुभम कुमार,अंशु कुमारी ने कार्यक्रम में भागीदारी की है।

## आओ मिलकर मनाये भारतीय नववर्ष : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

गया।भारतीय नववर्ष आयोजन समिति द्वारा आजाद पार्क गयाजी में बिक्रम संवत 2081 के पूर्व संध्या पर भव्य नूतन वर्ष अभिनंदन समारोह सह सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साधवी जया श्री जी ,पतालपूरी युपी अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा, विशिष्ट अतिथि विकास कुमार साह, महामंत्री राणा रंजीत सिंह, प्रदीप कुमार, संरक्षक सुभाष कुमार वर्मा, गोरेलाल वर्मा, भोला पटेल, बाला सिंह, गोपाल पटवा, सारिका वर्मा ने दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हमारा नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है न की एक जनवरी से। इसलिए हम सब को पश्चिम सभय्ता का अनुसरण नहीं करके अपने भारतीय संस्कृति एवं सभय्ता का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर दिल्ली, युपी, बंगाल के कलाकारों द्वारा एक से एक झांकी प्रस्तुत किया जिसमें राम सिया, शिव पार्वती, माखन चोर कृष्ण भगवान आदि रूपों में आकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

## नगर आयुक्त ने पानी के रिसाव को प्लास्टर कराकर बंद कराने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।आगमी लोक आस्था पर्व को ध्यान रखते हुए नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया द्वारा पिता महेश्वर, देव घाट, सूर्यकुण्ड एवं रुक्मिणी सरोवर छठ घाट का स्थल निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के समय नोडल पदाधिकारी सफाई, सुबोध सिंह कनीय अभियंता, दिनकर प्रसाद कनीय अभियंता, चंद्रमोहन, मुख्य सफाई निरीक्षक, सिंधु शेखर मिश्र, सफाई जोनल प्रभारी एवं अन्य कर्मी मौजूद थे। पिता महेश्वर में कुंड निर्माण का कार्य चल रहा था। पार पथ के पास एक दो जगहों पर कुंड खोदने पर पानी नहीं निकला तो कार्तिक छठ के अवसर पर जो कुंड बनाया गया था उसी को और गहरा एवं और लंबाई में काटकर कुंड निर्माण का निर्देश दिया गया है। सुबोध सिंह कनीय अभियंता को पार पथ का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया । प्रभारी मुख्य सफाई निरीक्षक को घाट की अच्छी से सफाई कराने, पितामहेश्वर तालाब में फिटकिरी डलवाकर पानी की सफाई कराने एवं एरेटर को चालू करवाने का निर्देश दिया गया है। प्री फैब के शौचालय को संवेदक से समन्वय स्थापित कर साफ करवाने का निर्देश दिया गया है। सुबोध सिंह कनीय अभियंता को पितामहेशवर के सीढ़ी केनीचे पानी के रिसाव को प्लास्टर कराकर बंद कराने का निर्देश दिया गया है। देवघाटके निरीक्षण के क्रम में और मजदूर देकर और अच्छे से सफाई कराने का निर्देश नोडल पदाधिकारी सफाई को दिया गया है। सभी शौचालय , चेंजिंग रूम को सफाई कराने का निर्देश दिया गया हू। जाल से पानी की सफाई कराने का भी निर्देश दिया गया है। आवारा घूमने वाले गायों से तीर्थयात्रियों को परेशानी होती हैं इसलिए देव घाट के प्रवेश द्वार के पास पोल लगाया गया परंतु बार बार पोल हटा दिया जाता है अतः वहां पर दो सीसीटीवी लगवाने का निर्देश दिया गया ताकि प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकेगी।पी एच ई डी के द्वारा बनाए गए स्नानागार को ठीक कराने के लिए पी एच ई डी के कार्यपालक अभियंता से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है। सूर्यकुण्ड : सूर्यकुण्ड के पानी की सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। दिनकर प्रसाद कनीय अभियंता को सूर्यकुण्ड में आने वाले नगर निगम के मोटर से पानी के पाइप लाइन की अविलंब मरमती कराने तथा राम मंदिर के पास नाली मरमति करवाकर ढकवाने का निर्देश दिया गया है।रुक्मिणी सरोवर: रुक्मिणी सरोवर के निरीक्षण के क्रम में तालाब की पानी की सफाई कराने, आस पास अच्छी तरह से सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। कार्यपालक अभियंता जल पर्षद को प्याऊ को कार्यरत कराकर उसमे टैप लगवाने का निर्देश दिया गया है। अक्षयवट के भी नलों को ठीक करवाने का निर्देश दिया गया है। नोडल पदाधिकारी को अक्षयवट में और अच्छी सफाई हेतु द्वितीय पाली में मजदूर देकर सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। सभी घाट, तालाब पर समुचित प्रकाश व्यवस्था कराने का भी निर्देश दिया गया है। गर्मी ज्यादा होने के कारण हर घाट पर पानी टैंकर लगाने का निर्देश दिया गया है।

## मुस्लिम समुदाय ने रामनवमी पर्व पर को ले की सफाई

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद : रामनवमी पर्व पर पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के द्वारा मंगलवार अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, मो. इम्तेयाज, मो. रुस्तम हाजी, मो. लतीफ, मो. इबरार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों के मंदिर में ब्लीचिंग पाउडर चारों ओर पूरे तरीके से झाड़ू मार कर मंदिर की सफाई किया और आपसी भाईचारा का संदेश देने रामनवमी पर्व आपसी भाईचारा देने का संदेश दे रहे हैं। शहर के पठान टोली निवासी मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के जिलाध्यक्ष सह व मुस्लिम शख्स से जो हर साल रामनवमी पर मंदिरों की सफाई करते हैं। पंचवटी मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया। भगवान जानकी की प्रतिमा देकर मंदिर के पुजारी विवेक पांडे सहित सदस्यों को सम्मानित किया। पंचवटी मंदिर में सफाई किया गया। मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष सल्लू खान ने कहा कि औरंगाबाद शहर हमेशा हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक रहा है और यहां रहने वाले सभी लोग मिलजुल कर मनाते रहते हैं, इससे समाज में आपकी सद्भाव कायम रहता है जिसको लेकर मुस्लिम समुदाय आपसी भाईचारा के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। दीपावली के दिन भी मुस्लिम समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के लिए सड़कों पर सफाई करेंगे और एक दूसरे को सहयोग करेंगे। हिंदू भाई भी मुस्लिम के पर्व में बढ़ चढ़कर का लेते हैं यह सौभाग्य की बात है कि हम लोग मिलजुल कर सभी पर अच्छे से मनाते हैं। हमरा गंगा जमुना तहजीब है और हिंदुओं के इस पर्व में भाईचारा के साथ मनाने का काम करते रहेंगे। मंदिर के सदस्यों ने मुस्लिम समुदाय के साथ सल्लू खान को बधाई देते हुए कहा कि वे हमेशा से जिले में हिंदू मुस्लिम एकता का परिचय देते आ रहे हैं। यहां सभी लोगों को मिल-जुलकर चलते हैं। इंसानियत का पैगाम देने का काम करते हैं। सल्लू खान को मंदिर समिति दिल से आभार व्यक्त करती है कि ऐसे लोगों से लोगों को सिखने की आवश्यकता है। हम सभी धर्म के लोग एक धर्म के नाम पर भेदभाव नहीं होना चाहिए।

## देश निर्माण में वैश्य समुदाय का अहम योगदान : दिलीप जयसवाल

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।बिहार सरकार के राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल का गया आगमन हुआ है। शहर के होटल सम्राट में जयसवाल जी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत जयसवाल जी ने उपस्थित तमाम वैश्य वर्ग के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बोले की आज देश में एक वैश्य प्रधानमंत्री है और गृह मंत्री भी वैश्य परिवार का है।

मुझे गर्व है कि मैं भी वैश्य समाज से आता हूं। एकमात्र भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां सभी समाज का सम्मान होता है, सभी वर्गो को न्याय पूर्वक संगठन से लेकर सरकार में हिस्सेदारी मिलती है। देश और किसी भी राज्य का निर्माण और विकाश में वैश्य वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है।

वैश्य वर्ग जितना मजबूत होगा, देश भी उतना मजबूत होगा। स्वगतकर्ता प्रेम सागर ने भी खुशी जाहिर करते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित किया और बोले की जायसवाल जैसे मंत्री का बिहार सरकार में होना बिहार वासियों के लिए एक वरदान के बराबर है। विभाग में उनके होने से अब किसी भी गरीब का हक मारा नहीं जाएगा और हर गरीब को नियमानुसार तीन डिसमिल भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। चुनाव के बाद निसंदेह बिहार में विकास का कार्य उच्चतम गति से चलेगा और नया बिहार बनेगा। आज के कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिटु लोकसभा प्रभारी सि डी शर्मा, सुरेंद्र यादव देवानंद पासवान रौनक सेठ इत्यादि प्रमुख रहे।

## दिघवारा में अट्ठारह वर्षीय बालक अगवा,आरोप गाँव की एक महिला पर

दिघवारा नगर ।थाना क्षेत्र के मानूपुर पंचायत के ईशुपुर गांव में एक महिला द्वारा एक व्यक्ति के 18 माह के बेटे को गायब कर देने के आरोप को लेकर गांव में तनाव व्याप्त है। इस संबंध में उक्त बालक के पिता व ईशुपुर निवासी रामायण राम के पुत्र अमरजीत कुमार रवि के आवेदन पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है ।दर्ज प्राथमिकी में अमरजीत ने बताया कि बीते 8 अप्रैल को दोपहर दो बजे उनके पिता उनके छोटे बेटे समर कुमार को लेकर दरवाजा पर थे और इसी दौरान वह बच्चे को चबूतरा पर रखकर ग्राहक को सामान देने दुकान में चले गए इसी क्रम में गांव की एक महिला पिंकी कुमारी द्वारा उक्त बच्चा को घूमाने के नाम पर ले जाया गया ।इसके बाद से उक्त बालक का कोई पता नहीं लग रहा है ।उसके बाद से नामजद महिला भी गायब है ।हालांकि परिजनों का कहना है कि मोबाइल पर बात होने पर उक्त महिला द्वारा बच्चा को पहुंचा देने की बात कही गई थी।

## अधिवक्ताओं ने नववर्ष का किया स्वागत



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।अधिवक्ताओं ने भारतीय नव वर्ष हर्ष उल्लास के साथ मनाई। जिला विधिक संघ भवन में अधिवक्ताओं ने जिला विधिक संघ के उपाध्यक्ष राजकुमार दिवाकर की अध्यक्षता में भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 युगबद 51 26 के शुभ आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे को तिलक लगाया एवं खुशी का इजहार किया । इस अवसर पर अधिवक्ता प्रहलाद प्रसाद चौरसिया ने कहा की नव वर्ष पर हमें समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय सस्ता और सुलभ पहुंचने का संकल्प लेना चाहिए ।शंभू नाथ सिंह अधिवक्ता ने कहा कि यह नववर्ष सृष्टि का नव वर्ष है ।इसी तिथि भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी ।इसी तिथि भगवान श्री राम एवं महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था।

यह सृष्टि का आदि पर्व है ।अधिवक्ता शिव प्रताप मिश्र ने कहा कि भारतीय नव वर्ष पूरे विश्व में धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर राज किशोर ठाकुर, शिवकुमार सिंह, बद्रीनाथ ,अनीस चंद्र गांधी, उत्तम कुमार माथुर, प्रदीप कुमार ,देव कुमार मिश्रा ,बसंत कुमार, अमरदीप फूलन ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

## 10 अप्रैल को होगी सत्यचंडी महोत्सव

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के सदर प्रखंड अवस्थित रायपुरा ग्राम में दो दिवसीय सत्यचंडी महोत्सव 10 एवं 11 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि यह तीसरा महोत्सव है ।इसकी निरंतरता को बरकरार रखते हुए भी इस वर्ष आयोजन किया जा रहे हैं 10 अप्रैल को भक्तिमय माहौल में सत्यचंडी माता का षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया जाएगा ।तत्पश्चात सत्यचंडी धाम से रमेश चौक होते हुए बाईपास एवं वापस सत्यचंडी धाम तक शोभायात्रा निकाली जाएगी ।अपराह्न में मुख्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया जाएगा एवं संध्या में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। उसी दिन संध्या में ही जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में महाकवि नागेंद्र प्रसाद केसरी रचित सत्यचंडी चालीसा का विमोचन भी किया जाएगा ।दूसरे दिन 11 अप्रैल को माता सत्यचंडी के महिमा पर आधारित गीत संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा अपराह्न में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रि में विशेष आगंतुक कलाकारों की विशेष प्रस्तुति भी की जाएगी। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सत्यचंडी धाम की महिमा पुराणों में भी वर्णित है ।सती वियोग में भगवान शंकर जब सती का शव लेकर तांडव कर रहे थे तो भगवान विष्णु द्वारा सुदर्शन चक्र से सती के शव को खंडित किया गया था उसी में से एक अंग रक्तिम हस्त गिरने का प्रमाण मिलता है।

## माँझी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

माँझी। रामनवमी एवम ईद पर्व के अवसर पर शांति ब्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से मंगलवार को माँझी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हो गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शामिल लोगों ने अलग अलग गाँवों तथा हाट बाजार पर चल रही गतिविधियों की जानकारी दी तथा अमन चैन बहाल रखने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि माँझी के सभी ईदगाह अथवा नमाज स्थलों पर दस अप्रैल की रात से ही पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ समुचित पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि रामनवमी जुलूस के आगे तथा पीछे पुलिस पदाधिकारियों के अलावा समुचित पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रामनवमी जुलूस के आयोजक पुलिस से समन्वय बनाकर जुलूस का संचालन करेंगे। थानाध्यक्ष ने लोगों से अफवाह से सावधान रहने तथा डीजे से परहेज रखने की अपील की। बैठक में उमाशंकर ओझा,अख्तर अली,विनय यादव,साधु दुबे,मंजूर अली खान,कृष्णा सिंह पहलवान,मुन्ना साह ।मुखिया। हसनुद्दीन खान एवम एएसआई नसीम खान आदि बड़ी संख्या में गणमान्य शामिल थे।

## उच्च माध्यमिक विद्यालय जम्होर में दीक्षांत समारोह धूमधाम से संपन्न

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के विद्यालय के प्रांगण में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या उपमा कुमारी ने किया जबकि संचालन सहायक शिक्षक विश्वजीत कुमार एवं अजय विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्रधानाध्यापक, माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता रामभजन सिंह,अवकाश प्राप्त शिक्षक अवधेश मेहता,कृष्णानंद चौबे,समाजसेवी नरसिंह सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी की गरिमामई उपस्थिति रही। अभिभावक के रूप उपसरपंच सतीश कुमार वर्मा, प्रेमचंद प्रजापति,महेंद्र गुप्ता,सुभाष गुप्ता राम ध्यान प्रसाद ,सुरेंद्र मेहता ने शिरकत किया ।संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलता है ।पढ़ाई के प्रति उनकी अभिरुचि बढ़ जाती है। 2024 में नौवीं,दसवीं एवं 12वीं में विद्यालय टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। 12 वीं के विद्यालय टॉपर श्रीजल कुमारी को मोमेंटो एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस तरह के कार्यक्रम पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में खुशी देखी गई उन्होंने कहा कि यह पहली बार आयोजन किया गया है। दीक्षांत समारोह के मौके पर मोहम्मद अमीरुद्दीन, सतीश चंद्र मिश्रा, शशांक कुमार,सफीना बानो, प्रीति कुमारी ,कल्पना कुमारी, बबिता कुमारी, श्वेता कुमारी ,प्रियंका पांडेय इसमत परवीण,काजल कुमारी, अमित कुमार, अरविंद कुमार, । गुलरुख जमीन डॉ संजय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## मतदान कार्यों में प्रति नियुक्त पदाधिकारी तथा कर्मियों प्रशिक्षित

औरंगाबाद। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन एवं आयोजन हेतु मतदान कार्यों में प्रति नियुक्त पदाधिकारी तथा कर्मियों को जिला प्रशासन औरंगाबाद के द्वारा प्रत्येक दिन प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज अनुग्रह नारायण नगर भवन औरंगाबाद में लोकसभा चुनाव के सफल संपन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश एवं अनुदेश के आलोक में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है इसी क्रम में माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षित किया जा रहा है माइक्रो आब्जर्वर का इस चुनाव के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार एक माइक्रो ऑब्जर्वर को दो मतदान केदो की जिम्मेदारी दी गई है जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर को निर्देश दिया गया कि दोनों मतदान केंद्रों की शांति व्यवस्था भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्राप्त अनुदेश के आलोक में मतदान का आयोजन तथा अन्य संबंधित प्रावधानों के आलोक में किए गए गतिविधियों संबंधी प्रतिवेदन को जिला प्रशासन सूक्ष्म दृष्टि से अवलोकन कर अग्रतार कार्रवाई करता है इसलिए माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

संग्रामपुर (मुंगेर) ।नगर पंचायत संग्रामपुर अवस्थित नर्वदा टिवडेवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर संग्रामपुर के प्रांगण में विद्यालय के बच्चों ( घोष दल )द्वारा विक्रम संवत 2081 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष शुरू होने के उपलक्ष पर विशाल शोभा यात्रा सह रैली निकाली गई नव वर्ष मंगलमय हो का नारा लगाते हुए शोभा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई' शोभा यात्रा के दौरान संग्रामपुर बाजार के कुछ लोगों द्वारा अत्यधिक गर्मी को देखते हुए बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु शरबत , बिस्किट तथा जलेबी का वितरण किया गया ' विद्यालय के प्रधानाचार्य मनमोहन ठाकुर के द्वारा भैया बहनों को वर्ष प्रतिपदा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ' इस मुख्य अवसर पर विद्यालय के मीडिया प्रभारी संजीव कुमार तिवारी सहित सभी गणन्यमान आचार्या बंधु उपस्थित थे '

### चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

टेटिया बम्बर (मुंगेर)। टेटिया बम्बर में राष्ट्रीय जनता दल का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन राजद के प्रदेश सचिव गौतम बिंद, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अविनाश कुमार वीआईपी के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बिंद राजद के युवा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक आनंद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके राजद के प्रखंड अध्यक्ष अजय दास वीआईपी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार के युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार, विश्वनाथ महतो माननीय मुखिया संजय कुमार सजन (पूर्व उप प्रमुख), बासुकी प्रसाद सिंह , निरंजन यादव, विनय यादव पंचायती राज प्रखंड अध्यक्ष , ओंकारनाथ यादव, संदीप कुमार यादव, दामोदर कुमार दास अरुण यादव पूर्व मुखिया टेटिया पंचायत ,मृत्युंजय दास कार्यकारणी अध्यक्ष, मिलन कुमार यादव, राहुल कुमार दास, विक्की कुमार मनोज यादव, पुरषोत्तम कुमार सैकड़ों संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बरियारपुर पुलिस ने सुमन कुमार उर्फ छोटू सिंह का शव किया बरामद

बरियारपुर(मुंगेर)। बरियारपुर थाना क्षेत्र के रहिया गांव निवासी सुमन कुमार उर्फ छोटु सिंह को प्रेमिका के भाइयों ने अपने अपराधियों सहयोगियों के साथ मिलकर पीट पीट हत्या कर दिया था और शव को छुपाने के उद्देश्य से गंगा नदी के किनारे बने ढाव में छुपाकर रख दिया था। जिसे बरियारपुर पुलिस ने स्वान दस्त के साथ खोज कर मृतक का शब को बरामद कर लिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने मृतक के परिजनों को बुलाकर पहचान कराने के बाद लाश को अत्यन्त परीक्षण के लिये सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद प्रियजनों ने सुमन कुमार सिंह कड़ा संस्कार कर दिया है।

### थाना परिसर में रामनवमी चैती नवरात्रा एवं चैती छठ सहित ईद उल फिदर को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

तारापुर (मुंगेर 9 अप्रैल)। मंगलवार के शाम तारापुर थाना भवन के प्रांगण में रामनवमी चैती दुर्गा एवं चैती छठ को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई ।गौरतलव है कि बैठक में मुख्य रूप से 16 17 एवं 18 अप्रैल दशमी पूजा के दिन चैती दुर्गा का दर्शन एवं पुजा करने अर्चना को लेकर क्षेत्र के लौना सतेहरा , नवटोलिया, रणगांव, एवं धौनी मैं आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ एवं विधि व्यवस्था को लेकर सभी पूजा कमेटी के मेढ़ पति से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई ।19 अप्रैल की देर शाम या फिर 20 अप्रैल के दिन मूर्ति विसर्जन करने कराने को लेकर सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया ।तो वहीं रामनवमी के दिन बजरंग दल द्वारा निकले जाने वाले जुलूस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया गया कि जुलूस के दौरान धार्मिक संगीत ही बजेंगे ।प्रोसेशन के दौरान लोगों के हाथों में तलवार नहीं रखना है का निर्णय लिया गया ।प्रोसेशन के दौरान यह भी ध्यान रखना है कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता का उल्लंघन किन्हीं भी सदस्यों के द्वारा नहीं करना है ।

# एंबुलेंस में लगी आग धू-धू कर जलती वाहनों को देख मरीजों के बीच मची भगदड़

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिला जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल के परिसर में खड़ी व खराब पड़े 5 ऐम्बुलेंस वाहनों में से एक एम्बुलेंस वाहन में अचानक आग लग गयी। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटों ने पूरी एम्बुलेंस को अपने चपेट में ले लिया था। इस दौरान एक एम्बुलेंस में लगी आग ने दूसरे एम्बुलेंस को भी अपने चपेट में ले लिया था। वही इस घटना में खड़ी एक एम्बुलेंस पूरी तरह जल कर खाक हो गई। वही अगलगी की सूचना पर अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुँची जिसके बाद करीब 1 घण्टे तक अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा पानी डालने के बाद कड़ी मस्कत के साथ आग पर काबू पाया जा सका। वही घटना को लेकर आसपास सड़क से गुजर रहे यातायात डीएसपी आशीष कुमार ने भी खुद मोर्चा संभाला और अपनी पुलिस टीम के साथ आग बुझाने की कवायद में लग गए थे। आग लगने का क्या कारण स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। बता दें अस्पताल परिसर में कई वर्षों से खराब एम्बुलेंस वाहन कवाड़ की स्थिति में पड़े हुए हैं कुछ ऐम्बुलेंस ऐसे है जो ठीक हो सकता है जिसे विभाग द्वारा रोगी कल्याण सेवा के तहत उपयोग में लाया जा सकता है। लेकिन विभागीय स्तर पर लापरवाह रवैया अपनाने के कारण करीब आधे दर्जन से ज्यादा वाहन कबाड़ की भेंट चढ़ बरसात के पानी में सड़ निष्क्रिय हो चुका है। अब देखने वाली बात है कि इस तरह की लापरवाही बरतने के मामले को लेकर उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा क्या रुख अपनाया जाता हैं ये सवाल खड़े होकर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बनता दिख रहा है।

# हत्या कांड के कुख्यात अपराधी अजीत पश्चिम बंगाल से हुआ गिरफ्तार: एसपी

प्रात : किरण संवाददाता



नावगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के आदर्श थाना क्षेत्र अन्तर्गत मकंदपुर चौक के समीप एनएच 31 पर कुसेर्ला मुख्य सड़क मार्ग पर कुछ अपराध कर्मियों के द्वारा विगत दिनों प्लॉटर मिथुन कुमार यादव को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त घटना की जांच व अपराधियों की निशादेही व गिरफ्तार किए जाने को लेकर एक स्पेशल गठित टीम द्वारा तकनीकी आधार पर इस कांड के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त राहुल यादव को असम से विगत दिनों गिरफ्तार कर लाया गया और न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इसी क्रम में पुलिस की गठित टीम द्वारा तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर यह पता लगाया गया कि इस कांड के अन्य नामजद अभियुक्त अजीत यादव पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में छिप कर रह रहा है। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई किये जाने की दिशा में पानागढ़ पश्चिम बंगाल के कनकसा पुलिस थाना के सहयोग से छापेमारी की और प्राथमिकी नामजद अभियुक्त अजीत यादव को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त अजीत यादव जो चर्चित बिनोद यादव हत्या कांड व गोपालपुर के पीएचईडी के कर्मचारी से रंगदारी वसूल किये जाने के मामले में वांछित है। उक्त आशय की जानकारी नवगछिया एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी पूरन झा ने साझा कर दी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि गठित पुलिस टीम के सदस्यों को इस बेहतर कार्य को लेकर पुरुष्कृत किये जाने की बात कही है।

# छापेमारी के दौरान शराब तस्करों ने किया पुलिस पर हमला

- थानेदार सहित तीन पुलिस कर्मियों को उग्र भीड़ ने बनाया बंधक
- पांच थानों की पुलिस ने बंधक बनाए पुलिस कर्मियों को कराया मुक्त
- पुलिस कार्रवाई के क्रम में महिला और बच्चों को जमकर की पीटाई

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले भर में शराब तस्करों व उनकी गतिविधियों की लगातार निगरानी करने व अपराधी के धर पकड़ को लेकर एक मुहिम शुरू की गई है। इसी कड़ी में बरारी थाना पुलिस की टीम पर एक बार फिर से हमला किये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक बरारी के मुसहरी टोला इलाके में दबिश कार्रवाई के क्रम में पुलिस पर उग्र भीड़ ने पत्थर से हमला शुरू कर दिया। जिसमें बरारी थाना के थानेदार अभय शंकर समेत एक एसआई व एक जवान को स्थानीय लोगों ने करीब 1 घंटे तक बंधक बनाकर रखा रहा, वही इस हमले में थानेदार समेत तीन जवान व तीन गृह रक्षक पुलिस कर्मी गम्भीर रूप से चोटिल होने के साथ जख्मी हो गए थे। वही घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के पांच थानों की पुलिस अपनी टीम के साथ साथ, सीआईटी, दंगा नियंत्रण टीम और एसबीआई के कुल 150 महिला व पुरुष जवान मौके पर पहुंच काफी मसक्कत के बाद थानेदार व जवानों को उग्र लोगों के चंगुल से मुक्त कराने में सफल रही थी। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने सभी घायल पुलिस बलों को त्वरित इलाज के लिए स्थानीय मायागंज अस्पताल ले जाया गया था, जहां फिलहाल सभी पुलिस कर्मियों का इलाज चल रहा है, वही चिकिसक के मुताबिक खतरे से बाहर है। वही घटना को लेकर सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक हमले के दौरान अपराधियों के द्वारा फायरिंग भी किये जाने की बात बताई जा रही है....गोली भीड़ ने चलाई या पुलिस ने यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। वही घटना को लेकर सीटी एसपी मि. राज ने फायरिंग से इनकार किया है। वही दूसरी तरफ पुलिस के जवानों ने करीब 2:30 बजे के करीब मुसहरी इलाके को चारों ओर से घेराव कर उपद्रवियों की गिरफ्तारी को लेकर तलाशी शुरू कर दी है।

वही घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दौरान महिला व बच्चे को पुलिस ने बेरहमी से पीटाई भी की है, साथ ही मामले को लेकर पुलिस टीम ने तीन आरोपी को मौके से हिरासत में भी ले लिया है। जिसमें रंजन मांझी भिखारी व मनीष शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों के घर स्थल से पुलिस ने 110 लीटर देसी शराब भी जप्त किया हैं, साथ ही काफी मात्रा में अर्ध निर्मित देसी शराब को भी मौके पर पुलिस ने नष्ट किया है। वही मामले को लेकर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया के तहत सुगम धाराओं में मामला दर्ज करने के साथ मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# आग से बचाओं को लेकर कई गांव इलाके में किया मॉकड्रिल

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिला भर में अगलगि कई लगातार घटना घटित होने का मामला सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में अग्निशमन विभाग की टीम संबंधित पदाधिकारी के नेतृत्व में कई गांव के मुख्य बाजार व ग्रामीण स्थानों में मॉकड्रिल के माध्यम से आमलोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर मिली जानकारी के तहत अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने जिला अंतर्गत सातपुर वार्ड 9, पंचायत खुलनी, किसनपुर वार्ड 13, पंचायत गौराचौकी, कैया पिठना पंचायत पिठाना वार्ड 10, थाना गोराडीह के खिरीबांध पंचायत के वार्ड 8, ग्राम+पंचायत गोराडिह वार्ड 1, गोराडीह थाना अंतर्गत पैरडोमिनिया मॉल के मिल्की ग्राम के वार्ड 2, सबौर राजपुर वार्ड नंबर 13, पंचायत चंधेरी मिजार्पुर वार्ड नंबर 7, पंचायत चांधेरी के चंदेरी वार्ड नंबर 1, पंचायत चधेरी के दीन दयालपुर वार्ड नंबर 1, थाना सुल्तानगंज वीरखुर्द वार्ड नंबर 4, कुमारपुर आरजी, थाना सुल्तानगंज, छोटी गोपालपुर वार्ड नंबर 8, थाना जीरो माइल, कोतवाली थाना धोरा वार्ड नंबर 10, सैनडिस गेट, पटेल नगर वार्ड नंबर 1, थाना सबौर, जवारीपुर वार्ड नंबर 31, थाना तिलकमांझी समाज, फुलवरिया पंचायत, बैजानी वार्ड नंबर 7, थाना बाईपास प्रखंड जगदीशपुर के बिपया टोला, बैजानी वार्ड नंबर 5, थाना जगदीशपुर ग्राम खीरी बांध वोसी रोड पंचायत के वार्ड नंबर 4, बिपया टोला बैजानी वार्ड नंबर 3, थाना जगदीशपुर, कोतवाली थाना द्वारा वार्ड नंबर 10, हरिओम पेट्रोल पंप, कोतवाली थाना द्वारा वार्ड नंबर 38, घंटाघर चौक ग्राम पंचायत भटोरिया वार्ड नंबर 11, थाना मधुसुदनपुर खैरा के वार्ड नंबर 4, बाधारी पंचायत सोनूडीह, सातजोड़ी वार्ड नंबर 12, थाना गोराडीह के खीरी बांध के वार्ड नंबर 10, हरिहरपुर पंचायत बेलखुड़िया के वार्ड नंबर 12, कहलगांव अंतर्गत विक्रमशिला वार्ड नंबर 8, पंचायत आतीचक, टंडवा दुलदुलीया वार्ड नंबर 3, पंचायत ओलापुर, ग्राम बटेश्वर रोड स्थित वार्ड नंबर 2, पंचायत आरियप कॉल गांव अंतर्गत सनोखर वार्ड नंबर 9, पंचायत सनोखर, गोपालीका वार्ड नंबर 6, पंचायत श्रीमतपुर, बटेश्वर स्थान वार्ड नंबर 4, कहलगांव मे चुल्हे की चिंगारी व राख, बिजली के तार आदि से होने वाले शार्ट-सर्किट एवं धुम्रपान से होने वाले आग से बचाव के बारे विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कर्मियों ने मॉकड्रिल के माध्यम से अन्य बचाव कार्य को लेकर जानकारी दी है।

# निगम प्रांगण में लगी भीषण आग, साजिश के तहत हुई घटना चल रही लोगों में चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। नगर निगम प्रांगण में अचानक आग लगने की सूचना सामने आई हैं। निगम प्रांगण में लगी आग के विकराल रूप को देखते ही देखते आग की लपटे इतनी तेज हो गई की इस दौरान निगम की आधे दर्जन भर खड़ी गाड़ियां एक-एक कर धू धू कर जलने लगी थी, वही जब तक लोग आग पर काबू पाना चाह रहे थे तब तक कई गाड़ियों में आग लग चुकी थी। वही इस विकराल रूप में निकलने वाली आग पर काबू पाने के लिए काफी मस्कट के बाद अग्निशमन विभाग की दमकल कर्मियों टीम ने काफी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाया। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के तहत घटना स्थल पर एसडीएम धनंजय कुमार के अलावा कई आला अधिकारी एवं नगर निगम के पदाधिकारी व कर्मी मौके पर पहुंचे थे। वही जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों की गाड़ियां क्षति हो चुकी थी। वही आग कैसे लगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं प्रथम दृष्टि से घटना को देख लग रही थी कि यह शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी लेकिन सवाल यह होता दिख रहा है कि जब निगम प्रांगण की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा को लेकर कई सुरक्षा कर्मी तैनात रहते हैं। इतनी बड़ी चूक से किस तरह जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेती हैं और विभागीय कार्रवाई को लेकर क्या रूख अख्तियार किया जाता है। वही इस बात की चर्चा का विषय बना हुआ दिख रहा है।

# 17वें दिन भी जारी रहा छात्राओं का प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। टीएमबीयू प्रांगण में हर रोज एक नया राजनीतिक मुद्दा बनता दिख रहा है। मामले को लेकर कभी छात्रों का प्रदर्शन तो कभी शिक्षकों का प्रदर्शन किये जाने का मामला सामने आता रहा है, लेकिन इस वर्तमान समय में चल रही प्रदर्शन की बात ही अलग दिख रही है, यहां करोड़ों रुपए की लागत से बनी बिल्डिंग में ना तो बिजली की व्यवस्था है ना ही पानी की कोई व्यवस्था हैं, उक्त मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर नाराज छात्राओं ने अपनी मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर काफी आक्रोशित दिख रहे हैं। उक्त मांग को लेकर टीएमबीयू प्रांगण में आज फिर छात्राओं का जोरदार प्रदर्शन हुआ है।छात्राओं के प्रदर्शन आंदोलन के 17 वें दिन भी बिजली नहीं आई तो सभी छात्र उग्र रूप में एबीवीपी के बैनर तले राजनीतिक दल के कार्यकर्ता के नेतृत्व में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित छात्राओं ने विश्वविद्यालय कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वही दूसरी तरफ बिजली विभाग के द्वारा विश्वविद्यालय के लंबित अवधि तक के बिजली बकाया बिल भुगतान करने को लेकर बकाया बिल थमाया दिया गया है और विश्विद्यालय की बिजली आपूर्ति कट कर बाधित कर दी है। वही बिजली विभाग ने बकाया बिल भुगतान को ससमय पर जमा नहीं करने पर बिजली विभाग के कर्मियों व अधिकारियों ने विश्विद्यालय समेत कई विभागों व टीएनबी कॉलेज की विधुत आपूर्ति काट बाधित कर दी है। वही बिजली कट हो जाने से छात्रावास व कॉलेज प्रांगण में पठन पाठन सहित कॉलेज शिक्षकोत्तर कर्मियों व छात्राओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# कन्या मध्य विद्यालय में दीक्षांत समारोह सह प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

टेटिया बम्बर (मुंगेर)। कन्या मध्य विद्यालय टेटिया में दीक्षांत समारोह सह प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम एवं अभिभावक संगोष्ठी एक साथ आयोजित की गई इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भोगेंद्र कमती ने बताया कि सरकार की योजना है कि बच्चों को पुरस्कृत करके समाज में एक नई अलख जगेगी एवं शिक्षा के प्रति अभिभावक जागरूक होंगे सरकार की योजना के अनुसार दबे कुचले एवं वंचित लोगों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समस्त प्रयास किया जा रहे हैं। प्रधानाध्यापक समित मानकर ने कहा कि एक शिक्षक की समस्त पूंजी बच्चों का उज्जवल भविष्य ही है बच्चों के भविष्य के प्रति शिक्षक हमेशा जागरूक रहते हैं लेकिन अभिभावकों को इसमें शिक्षकों की मदद करने की आवश्यकता है अगर अभिभावक शिक्षक के साथ कम से कदम मिलाकर चल तो शिक्षा को सत्य प्रतिशत प्राप्त किया जा सकता है इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भोगेंद्र कामती प्रधानाध्यापक समित मानकर शिक्षक उमाशंकर सिंह अवनीश कुमार सिंह सुनील कुमार शाहनवाज खान योगेंद्र नारायण विमल कुमार मिथिलेश कुमार शिक्षिका अंजली पांडे मनीषा कुमारी सुप्रिया के अतिरिक्त बहुत सारे ग्रामीण अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# मंत्रोच्चार के साथ चैत्र नवरात्रि का हुआ शुभारंभ

- स्वार्थ सिद्धि और अमृत योग में पूजा अर्चना को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। हिंदू धर्म के मान्यता के अनुसार चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है, एक वर्ष में कुल चार नवरात्रि आती है, पहले चैत्र नवरात्रि दूसरा शारदीय नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि....हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि आरंभ हो जाती है, चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ होने के साथ ही नया हिंदू वर्ष का भी आरंभ हो जाता है। चैत्र नवरात्रि को 2 लगातार 9 दिनों तक मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा अर्चना मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत रूप से किया जाता है, ।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि पर देवी दुर्गा पृथ्वी लोक आती है, और अपने सभी भक्तों की हर एक मनोकामना को पूर्ण करती है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के इस पावन पर्व की शुरूआत मंगलवार को विधि रूप से आरंभ हो गई हैं और वही पूजा समापन आगामी 17 अप्रैल को कन्या पूजन व भोग प्रसाद वितरण के साथ विधिवत रूप से सम्पन्न किये जाने बाद राम नवमी का समापन होगा। चैत्र नवरात्र को लेकर शहर के कई दुर्गा मंदिर प्रांगण में तैयारी जोड़ सोर से चल रही है। वही दूसरी तरफ विधि विधान से पूजा अर्चना सम्पन्न कराने व मेला आयोजन को लेकर स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाने के साथ साथ मेला स्थल व मंदिर परिसर के लोगों के साथ साथ शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक शुरू कर दी है। वही मेला शुभारंभ के साथ आसपास के क्षेत्र इलाके के मंदिरों में भी पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। प्रतिमा निर्माण कार्य को लेकर मूर्तिकार मूर्ति बनाकर अंतिम रूप देने में लगे हुए दिख रहे हैं। वहीं विधि विधान से पूजन आरंभ किये जाने के साथ स्थानीय पूजा समिति के लोग समान जुटाने में व मेला आयोजित किये जाने की तैयारियों में लगे हुए दिख रहे हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के मुताबिक 8 अप्रैल की रात्रि में करीब 11:50 से शुरू हो गई, जो अगले दिन यानी 9 अप्रैल 2024 को रात को 8:30 पर खत्म होगी, ऐसे में तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरूआत हो गई हैं। वर्तमान चैत्र माह में नवरात्रि के पहले दिन अमृत योग बनता दिख रहा है, जबकि वैदिक ज्योतिष के अनुसार इन योग में पूजा बहुत ही शुभयोग के साथ फलदाई देने वाली तिथि मानी गई है।

### चैती दुर्गा के पहले दिन निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

संग्रामपुर (मुंगेर)। चैती दुर्गा पूजा के पहले दिन निकली भव्य कलश शोभा यात्रा कलश शोभा यात्रा ग्यारहमुखी हनुमान मंदिर कुमरसार में कलश शोभा यात्रा का शुभारंभ स्थानीय समाजसेवी रोहित कुमार चौधरी ने कलश और नारियल उठाकर कलश यात्रा में शामिल कन्याओं एवं माताओं को दी गयी।ई.श्री चौधरी ने कहा की कुमरसार में श्री श्री 1008 विश्व कल्याण महारुद्र यज्ञ सह अखण्ड रामधुन यज्ञ का शुभारंभ हुआ जिसमें ग्यारह सौ कन्याकुमारी और माताओं ने कलश यात्रा में भाग लिया उन्होने समाज में भाई चारा बनाये रखने की अपील की साथ ही यज्ञ समिति ने बताया कि यह यज्ञ 9 अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल तक रहेगा। वहीं नवरात्र के पहले दिन लक्ष्मीपुर चन्दनिया से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी जो पुरे नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंची।चैत्र नवरात्र के पहले दिन भव्य कलश शोभा यात्रा प्रखंड के विभिन्न स्तरों पर निकाली गई। मौके पर लोगों में भारी उत्साह रहा। देवी के नौ स्वरूपों के पहले दिन की पूजा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# सोलर लाइट पॉलिटेक्निक कॉलेज में लगे लेकिन कॉलेज परिसर में रोशनी नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पॉलिटेक्निक कॉलेज रमणकाबाद हवेली खड़गपुर मुंगेर में सोलर लाइट लगा तो दिया गया है ,लेकिन लगाए गए सोलर प्लेट से कॉलेज परिसर जगमग नहीं कर रहा है कॉलेज सूत्रों ने बताया कि सोलर लाइट लगाने के बाद भी बिजली और जनरेटर के धुएं कॉलेज परिसर में गूंज रहे हैं। जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। भारत सरकार और बिहार सरकार का उद्देश्य था कि सोलर लाइट लगाकर कार्बन उत्सर्जन कम करना और विश्व के पटल पर भारत की छवि पर्यावरण के मामले में ऊंचा रखना था लेकिन लूट खसोट का शिकार सोलर लाइट योजना रह गया। सूत्रों ने बताया कि एक वैशाली पॉलिटेक्निक कॉलेज का सेवानिवृत्ति प्रधान लिपिक के निर्देश पर प्राचार्य खुशबू रानी ने कई ऐसे कार्य कराए गए हैं जो सरकारी नियम के विरुद्ध हैं सूत्रों ने बताया कि बिजली की आपूर्ति लगभग 22 से 23 घंटे प्रतिदिन वर्ष 2022 से होता रहा है फिर भी सिंह पेट्रोल पंप कर्मी से मिलकर फर्जी डीजल आपूर्ति का विपत्र लेकर जनरेटर में डीजल जलाने के नाम पर विपत्र हर माह पॉलिटेक्निक विभाग बिहार पटना को भेजकर राशि की निकासी की जा रही है। इतना ही नहीं बिजली विपत्रों की प्रतिमाह अगर जांच की जाए तो पॉलिटेक्निक कॉलेज पर लाखों बकाया आज भी है जिसे कॉलेज भुगतान नहीं कर पा रही है। इतना ही नहीं अपने निजी कार्य के लिए गार्ड के नाम पर मुकेश कुमार नाम का गार्ड को रखा है जो पेशे से गाड़ी का चालक है और भुगतान गार्ड के तौर पर सरकारी राशि से किया जा रहा है और उससे अपनी कार चलवाई जाती है इसके अलावा सोलर प्लेट का सप्लायर कॉलेज के प्राचार्य के निजी संबंधी हैं। जिसके कारण प्राचार्य द्वारा उक्त सप्लायर के ऊपर कारवाई नहीं किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि उक्त सेवानिवृत्ति प्रधान लिपिक ने प्राचार्य को इस सप्लायर के चंगुल में इस तरह फंसा दिया है कि बिहार सरकार अगर इसकी जांच कराएगी तो प्राचार्य को आपने पद से हाथ धोना पड़ सकता है। सूत्रों ने बताया कि बिहार पॉलिटेक्निक विभाग पटना में कई जांच संचिकाएं विभाग के सचिव और बिहार के एक मंत्री के हाथ प्राचार्या के सिर पर रहने के कारण जांच संचिकाएं विभाग में धूल चाट रहा हैं और प्राचार्य के खिलाफ जांच नहीं किया जा रहा है। ज्ञात हो कि सोलर लाइट प्लेट सहित कई आपूर्ति किए गए सामानों में घटिया सामानों की आपूर्ति प्राचार्य के निजी संबंधी द्वारा किए गए हैं जिसे राज्य सरकार इसकी जांच अगर करावेगी तो एक बड़े घोटाले का पदार्फाश हो सकता है और सरकार बदनामी से भी बच सकती है

# सभी अभ्यर्थी के साथ निर्वाचन को लेकर हुई बैठक : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर 26 भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अमित तलवार, व्यय प्रेक्षक अमित डी मल्लिनाथपुरा, नंद दुलाल दास, पुलिस प्रेक्षक सुनील कुमार सिंह के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, पुलिस अधीक्षक नवगछिया पूरण कुमार झा की उपस्थिति में सभी अभ्यर्थियों के साथ निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने को लेकर स्थानीय समीक्षा भवन के प्रांगण में बैठक की। इस बैठक के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण दिशा निदेर्शों से अवगत कराया गया है। वही उन्होंने बताया कि भागलपुर में जो ईवीएम है वह अत्याधुनिक 3 मॉडल का है। साथ ही उन्होंने ईवीएम के सभी पार्ट के संबंध में भी राजनीतिक दलों को अवगत कराया एवं इसके फंक्शन व कार्य करने की प्रक्रिया व मतदान समय अवधि को भी साझा कर बताया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर पीठासीन पदाधिकारी को धारा 144 लगाने का भी अधिकार है। उन्होंने स्त्र1, स्त्र2 ढ3 के कार्यो से भी सभी को अवगत कराया और कहा है कि निर्वाचन के दौरान सभी व्यक्ति भारत निर्वाचन आयोग के अधीन है और आदर्श आचार संहिता लागू के तहत इसका सतत प्रतिशत पालन करना अनिवार्य है। निर्वाचन के क्रम में जाति, धर्म एवं नस्ल का कोई भेदभाव नहीं होता है। किसी भी धार्मिक स्थल पर चुनावी प्रचार नही किया जाएगा। चुनाव के 48 घंटे पहले से कोई चुनावी प्रचार प्रसार नहीं होगा। किसी भी चुनावी एक्टिविटी में शराब शामिल नहीं होगा। ऐसा करते हुए यदि कोई पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। किसी व्यक्ति के निजी जीवन पर टिप्पणी करना एमसीसी के दायरे में आएगा। किसी भी सरकारी बिल्डिंग पर पार्टी का बैनर नहीं लगेगा। निजी बिल्डिंग पर भी संपत्ति के स्वामी की सहमति के बिना झंडा या बैनर नहीं लगाया जा सकता है। रोड शो या बाइक शो करना हो तो उसके लिए भी अनुमति लेनी होगी। रोड शो में एक साथ 10 गाड़ी का काफिला चलेगा, उसके बाद 100 मीटर की दूरी के बाद ही 5-5 के ग्रुप में वाहनों का काफिला चल सकता है। कोई भी वहां निर्वाचन के दौरान बिना अनुमति के नहीं चलेगा, कहीं भी कोई लाउड स्पीकर का प्रयोग बिना अनुमति के नहीं किया जा सकता है। वहीं अभ्यर्थी को संबोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव स्वस्थ माहौल में होना चाहिए। आदर्श आचार संहिता का अनुपालन और निर्वाचन व्यय का लेखा संधारण दोनों महत्वपूर्ण है। व्यय प्रेक्षक अमित डी मल्लिनाथपुरा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिकतम व्यय 95 लाख रुपए निर्धारित है। सभी अभ्यर्थी को अपने चुनावी कार्यक्रम एवं चुनाव से संबंधित सभी व्यय का लेखा तीन पंजी में दर्ज करनी है। प्रत्येक सामग्री के लिए दर की सूची निर्धारित है उसी दर पर व्यय की गणना की जाएगी। 10, 18 एवं 23 अप्रैल को लेखा पंजी की जांच होगी। उस दिन अचूक रूप से अपनी पंजी की जांच करवा लेंगे।

# गांधी की कर्मभूमि आज उपेक्षित है : डॉ. उमेश

प्रात : किरण संवाददाता




भागलपुर। स्नातकोत्तर गाँधी विचार विभाग, तिलकामाँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर में बिहार की पीड़ा और प्रयास विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन सहित ऑफलाइन मोड में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करने के बाद विभाग के स्वराज कक्षा में अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार ने की। कार्यक्रम के संचालन के क्रम में डॉ. उमेश प्रसाद नीरज ने कहा बुद्ध, महावीर अशोक की कर्मभूमि को आधुनिक विश्व संपूर्ण समस्याओं के लिए आशा भरी निगाह से देख रहा है भारत के मनीषी महात्मा गांधी की कर्म भूमि भी बिहार ही है लेकिन आज बिहार उपेक्षित है यहां के लोग पीड़ित हैं। बिहार गरीबी और भुखमरी के इंडेक्स में सबसे ऊपर है। बिहार को अशिक्षा, बेरोजगारी दीमक की तरह खाये जा रहा है। आज ऐसी स्थिति में बिहार की पीड़ा और प्रयास पर गांधी विचार विभाग द्वारा एक सार्थक प्रयास किया गया है। गांधीजी द्वारा बताए गए सत्याग्रह और सत्य का रास्ता प्रासंगिक है। आज पुनः 1974 आंदोलन की तरह युवाओं को आगे आने की भी आवश्यकता है । प्रो.मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा की गौरवशाली इतिहास पर इठलाने के बजाय चिंतन, बदलाव की आवश्यकता है, विकास का वर्तमान मापदंड, संसाधन की प्रचुरता हैं, परंतु वास्तव में बिहार कृषि एवं रोजगार से ही आगे बढ़ सकेगा। मछली, मखाना, पशुधन, सब्जी आदि से संबंधित उद्योग लगा सकते हैं। मुख वक्ता सी ए प्रियदर्शी ने कहा 35% आरक्षण तमिलनाडु के बाद सिर्फ बिहार में है। आज भ्रष्टाचार गपशप का विषय हो गया है। जबकि इसे गंभीर बनाना चाहिए। विकास समावेशी और रोजगार पैदा करने वाला हो अन्यथा महंगाई बढ़ेगी। प्रो. मनोज कुमार दास ने कहा कि जाति व्यवस्था की पीड़ा पर बिहार जिस दिन जाति, वर्ग, धर्म से ऊपर उठकर अपने मुद्दों के आधार पर मतदान करेगा उस दिन बिहार की राजनीति में एक नया मोड़ आएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्षिक मूल्यांकन परिणाम उत्सव समारोह का हुआ आयोजन

मोतिहारी। राजकीय मध्य विद्यालय छतौनी कॉलोनी नगर में वार्षिक मूल्यांकन 2024 परिणाम उत्सव समारोह एवं अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया' वर्ग 1, 2, 3, 4, 6 एवं 7 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये बच्चों को विभिन्न उपयोगी किताब देकर सम्मानित किया गया' मंच का संचालन शिक्षक अमरेश कुमार के द्वारा किया गया ।अमरेश कुमार ने कहा कि हमारे छात्र एवं छात्राएँ अपनी कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और हम अपने सभी छात्र एवं छात्राओं, खास कर हमारे स्कूल टॉपर और सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति वाले छात्र के साथ-साथ प्रत्येक कक्षा से सर्वोत्तम अंक लाने वाले छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हैं ।इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार शिक्षक भोलेनाथ सिंह, निकहत प्रवीण, एवं इस्मा उपस्थित थे।

### बलथर में मनरेगा योजना से बना मुक्तिधाम, ग्रामीणों को होगी सहूलियत

बेतिया(घनश्याम)।पश्चिमी चंपारण जिले के सिकटा प्रखंड के बलथर पंचायत में मनरेगा योजना से मुक्तिधाम का निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।मुक्तिधाम में लोगों के बैठने के साथ ही, लकड़ी रखने के आदि सहित कई व्यवस्थाएं रहेगी ।मुक्तिधाम बनने से लोगों को सहूलियत होगी और वह अपने गांव में ही शवदाह कर सकेंगे ।मनरेगा पीओ डॉ भागीरथ ने बताया कि मुक्तिधाम बनाने का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को खुले में अंतिम संस्कार न करना पड़े और मुख्य रूप से बारिश के मौसम में अंतिम संस्कार में कोई समस्या न आएं। वही पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुनिल सिंह का कहना है कि इस मुक्तिधाम के बनने से ग्राम पंचायत के लोगों के साथ ही आस-पास के गांव के लोग भी शवदाह कर सकते हैं। बरसात के दिनों में शवदाह करने के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ता था। शवदाह तैयार होने से अब उन्हे दूसरे स्थानों पर शवदाह के लिए नही जाना होगा ।मनरेगा के पंचायत रोजगार सेवक वीरेंद्र कुमार ने बताया की मनरेगा योजना से मुक्तिधाम का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है।

### नेपाल सुरक्षाकर्मियों की सीमावर्ती क्षेत्रों में जॉइंट पेट्रोलिंग

बेतिया(प.च) ।मंगलवार को एसएसबी और नेपाल एपीएफ की संयुक्त पेट्रोलिंग सीमावर्ती गंडक बैराज पर किया गया। जिसमे आने जाने वाले सभी गाड़ी और राहगीरों का गहन जांच किया गया ।पेट्रोलिंग टीम में एसएसबी की तरफ से पार्टी कमांडर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मंडल साथ में एएसआई अंग्रेज सिंह और स्वान दस्ता के साथ 10 अन्य जवान शामिल थे ।वही नेपाल एपीएफ के टीम का पार्टी कमांडर एएसआई पुरन बहादुर थापा और अन्य 10 अन्य जवान शामिल थे। बतादें एसएसबी और नेपाल एपीएफ की संयुक्त पेट्रोलिंग समय समय पर होती रहती है। इससे दोनो देशों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है साथ ही मानव तस्करी, वनसंपदा तस्करी व देश विरोधी गतिविधियों की सूचना एक दुसरे से आदान प्रदान होती रहती है।

### अवैध हथियार को पुलिस ने किया जब्त, 2 अपराधी गिरफ्तार

अमनौर। थाना क्षेत्र के परशुरामपुर दियारा से पुलिस एवं एसटीएफ की टीम ने छापेमारी एवं वाहन जांच के क्रम में दो अपराधियों को 35 लीटर अवैध स्प्रिट के साथ तीन मोबाइल को जब्त किया गया। गिरफ्तार अपराधी अमनौर थाना क्षेत्र के परशुरामपुर निवासी स्वर्गीय कृष्ण सिंह के पुत्र पंकज सिंह और उमाशंकर साह के पुत्र अर्जुन साह शामिल है। पूछताछ के क्रम में इनके निशानदेही पर वर्ष 2022 में हुई जहरीली शराब कांड में बचे हुए 50 लीटर जहरीली शराब एवं इनके अलावे 70 लीटर अन्य शराब 2 चोरी की मोटरसाइकिल एवं हथियार के अन्य पुर्जे को बरामद किया गया। अमनौर थाना अध्यक्ष पिंटू कुमार ने बताया की प्राथमिकी दर्ज कर दोनों अपराधियों को जेल भेज दिया गया। इसके पूर्व पंकज सिंह के खिलाफ अमनौर थाने में 9 मकेर थाने में 2 मुजफ्फरपुर सरैया 2 इसुआपुर थाने में 2 प्राथमिक की दर्ज है। वही इसके पूर्व अर्जुन साह के खिलाफ अमनौर थाने में एक प्राथमिक की दर्ज है।

# रामगढ़वा के रखवरिया में फिल्मी अंदाज में एम्बुलेंस से आए संदिग्ध शव को देखकर मची सनसनी

## परिजनों का आरोप कि दुबौलिया का ट्रक ड्राइवर कैसर उसको ले गया था बाहर और हत्या कर भेज दिया शव

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल ।मंगलवार को उसे समय भारी अफरा तफरी का माहौल बन गया जब रामगढ़वा थाना क्षेत्र के रखवरिया गांव का निवासी टुन्नू कुमार का शव फि ल्मी अंदाज में एंबुलेंस से आया। टूनु कुमार रामगढ़वा के रखवरिया निवासी शंभू यादव का पुत्र था ।मृतक के बड़े भाई कामेश्वर कुमार यादव नें बताया कि मैट्रिक की परीक्षा देने के बाद उसको पड़ोसी गांव दुबौलिया निवासी कैसर नाम के एक ट्रक ड्राइवर उसको अपने साथ ले गया था ।और इसकी हत्या कर शव एम्बुलेंस से भिजवा दिया है।

बता दें कि टुनु का शव एक एंबुलेंस पर था जो कि रामगढ़वा के सेमल चौक के समीप एन एच के बगल में इसके वारिस के लिए घंटों खड़ा रहा ।हालाकि इसके मरने की सूचना इसके परिजनों को मिल चुकी थी। कुछ देर के बाद शव के साथ सड़क पर खडे एम्बुलेंस होने की जानकारी पर रखवरिया गांव से भारी संख्या में ग्रामीण सेमल चौक के समीप आए और इसकी सूचना रामगढ़वा पुलिस को भी दी। सूचना पर रामगढ़वा पुलिस पहुंचकर एंबुलेंस चालक से पूछताछ कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है। एंबुलेंस चालक अभिषेक कुमार जो कि आरा का रहने वाला है। इसने पूछने पर बताया कि इसको किसी के द्वारा मोबाइल पर फोन कर बताया गया कि कोईलवर के चांदी बीरी चौक से एक डेड बॉडी को उसके घर पहुंचना है ।वह वहां गया और इसको भाड़े का पूरा भुगतान उस व्यक्ति के द्वारा कर दिया गया। इसके बाद एक व्यक्ति को इसके एंबुलेंस पर बैठा कर भेज दिया ।उस ब्यक्ति के साथ डेड बॉडी को लेकर वह आ रहा था। और इसी बीच एम्बुलेंस पर बैठा ब्यक्ति भैंसड़ा चौक के समीप खाने पीने का बहाना बनाकर उतर गया।

जब वह उसको उतरने से मना किया तो उसने इसकी बात किसी से मोबाइल पर कराई और उस व्यक्ति ने इसको बताया कि सेमल चौक के पास आओ मैं वहां रिसीव कर लूंगा ।लेकिन यहां आने पर कोई व्यक्ति इसको नहीं मिला ।इसके बाद वह इसका कॉल रिसीव नहीं कर रहा है। बता दें कि टुनु के शव का पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ है ।टुन्नू कुमार ने इसी साल वार्षिक माध्यमिक परीक्षा दी थी और अच्छे 365 अंकों से उत्तीर्ण हुआ है ।

## विद्यालय में दीक्षांत समारोह का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी ब्यूरो : बनकटवा प्रखण्ड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बनकटवा (बालक) में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रधान जयनाथ सिंह ने की। आयोजित दीक्षांत समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सफल व अपने वर्ग में सफल छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता संतोष मणि तिवारी ने कहा कि प्रतिभा जिस विद्यार्थी में हो, वह हर मुकाम हासिल कर सकता है ।मौके पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी कल्पना कुमारी, एमडीएम प्रभारी भारत भूषण गुप्ता,बीआरपी मनोज कुमार, नन्द किशोर सिंह,विद्यालय अध्यक्ष व सचिव प्रमोद राम, सुनील यादव,शिक्षक संजीव कुमार, परशुराम प्रसाद, विजय कुमार दास, अरविंद कुमार अमरेश कुमार, नितेश कुमार, अनिल मंडल शिक्षिका रंजू रानी, नीलिमा कुमारी, अंजू कुमारी, स्वेता कुमारी, पूजा कुमारी शिक्षा सेवक किशोर बैठा, विनोद बैठा, आधार कार्ड डाटा एंट्री ऑपरेटर अमोद कुमार यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चैत्र नवरात्र पर रक्सौल के काली मंदिर में 551 कलश की स्थापना की गई

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल ।चैत्र नवरात्र की शुरूआत आज हो चुकी है। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रक्सौल के काली मंदिर में 551 कलश की स्थापना की गई है। काली मंदिर में प्रत्येक नवरात्र को 551 कलश की स्थापना कर तांत्रिक विधि से मां दुर्गा की उपासना की जाती है। काली मंदिर के पीठाधीश्वर सेवक संजय नाथ ने बताया कि यहां देश विदेश के भक्त कलश स्थापना करते है व सच्चे मन से पूजा करते है। वही उन्होंने बताया कि कलश स्थापना की शुभ मुहूर्त दोपहर 11 बज कर 33 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक था। इस दौरान कलश स्थापना करने वाले भक्तों के द्वारा कलश की स्थापना की गई। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि महासप्तमी के दिन मां दसमुखी काली का महास्नान सम्पन्न होगा एव महाआरती होगी। अष्ठमी को काल भैरव की पूजा संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि दशहरा के नौ दिन सुबह-शाम में भष्म आरती होती है।

## नेशनल मेडिकल कॉलेज में छापेमारी कर पुलिस नें एमडी सहित दो को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल ।सीमावर्ती नेपाली शहर वीरगंज में संचालित नेशनल मेडिकल कॉलेज पर सोमवार की दोपहर वीरगंज महानगरपालिका के बाजार अनुगमन समिति, नेपाल पुलिस की टीम व अन्य संस्थाओं के सहयोग से छापेमारी की गई ।इस दौरान नेशनल मेडिकल कॉलेज में संचालित लैब व फॉमेर्सी से लगभग 40 प्रकार की ऐसी दवा और केमिकल को बरामद किया गया है जो एक्सपायर हो चूके थे।

अधिकांश दवाओं की एक्सपायरी तिथि फरवरी 2021 की ही थी। इसके बाद भी इसका यहां प्रयोग किया जा रहा था ।इस छापेमारी के बाद नेपाल पुलिस ने नेशनल मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ जैनुदिन अंसारी के पुत्र मैनेजिंग डॉयरेक्टर शहनवाज हुसैन व कॉलेज के लैब प्रमुख संजय साह को गिरफ्तार कर लिया है और आवश्यक पूछताछ की जा रही है। बीरगंज महानगरपालिका की बाजार अनुगमन समिति की टीम के साथ छापेमारी में पर्सा जिला के एसपी कुमोध ढुंगेल शामिल थे ।उन्होंने कॉलेज के एमडी शहनवाज हुसैन व लैब प्रमुख संजय साह के गिरफ्तारी की पुष्टि की है ।वीरगंज महानगरपालिका के बाजार अनुगमन समिति के सदस्य कन्हैया ठाकुर ने बताया कि यहां से जो दवा मिली है, उसकी एक्सपायरी हो गयी थी। ऐसे में उसका प्रयोग गलत हो रहा था।

बता दे कि यह मेडिकल कालेज होने के साथ ही प्रमुख इलाज का केंद्र भी है और यहां नेपाल के साथ भारत से भी मरीज इलाज हेतु जाते हैं। आज के इस छापेमारी की सूचना आसपास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और अब लोग तरह तरह की बातें भी करने लगे हैं। हालाकि इस मामले की अभी जांच चल रही है और जांच के बाद सबकुछ स्पष्ट हो सकेगा।

## स्कूली टॉपर्स को समारोह के बीच किया गया सम्मानित एवं पुरस्कृत

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। प्रखंड क्षेत्र के सिसवा पंचायत अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय सिसवा सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिसवा बालक के प्रांगण में मंगलवार को गत वार्षिक परीक्षा में बेहतर ग्रेड हासिल करनेवाले स्कूली बच्चों को मेडल, पुरस्कार व प्रगति पत्रक देकर समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया गया। बता दें कि समारोह की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राकेश कुमार आर्य ने किया। कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को प्रगति पत्रक एवं मूल्यांकित कॉपिया दी गयी। वही मैट्रिक में स्कूल टॉपर कनक बिहारी को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित करने के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए रौशन कुमार, शिखा कुमारी, मुकेश कुमार एवं अंकित मिश्रा को मेडल पहनाकर प्रधानाध्यापक श्री आर्य ने उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही वर्ग एक से लेकर वर्ग 12 तक के बच्चों को सम्मानित करने का कार्य किया गया। उनके बीच पाठय व लेखन सामग्री आदि प्रदान की गयी। उक्त बाबत बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक श्री आर्य ने कहा परीक्षा से हमारी कौशल ज्ञान, समझ एवं बुद्धिमता प्राप्त होता है। इस दौरान कई अभिभावकगण भी मौजूद रहे। मौके पर शिक्षिका बेबी कोमल, रैसूल आजम, बेबी कुमारी, कलीम अख्तर, प्रमोद कुमार, धर्मवीर कुमार, अलका कुमारी, एकता, ममता कुमारी, रीता देवी, राकेश प्रसाद, नंदकिशोर राय, प्रियंका कुमारी, सीमा वर्मा एवं निलेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## जीविका दीदी को चमकी बुखार से बचाव को लेकर जन जागरूकता फैलाने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। रचना सीएलएफ बनकटवा के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामनरेश कुमार की अध्यक्षता बीपीएम दिलीप कुमार की उपस्थिति में जेई व एईएस (चमकी बुखार) की रोकथाम को ले जीविका (सीएम) दीदी को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान डॉ समसेर आलम व यूनिसेफ के बीएमसी मुनेंद्र कुमार ने संयुक्त तौर पर बताया की गर्मी के दिनों में मस्तिक ज्वर या चमकी बुखार का प्रकोप बढ़ जाता है ।यह रोग नवजात शिशु से 15 वर्ष आयु के किशोर एवं किशोरियों को अपना शिकार बनाता है ।सभी जीविका (सीएम) दीदी को चमकी बुखार के बचाव को लेकर खास कर महादलित क्षेत्र समेत प्रत्येक वार्ड स्तर पर जन जागरूकता फैलाने तथा संध्या चौपाल में भाग लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया ।इस दौरान सभी जीविका कार्यकताओं को इस बीमारी के लक्षण जिसमे बच्चों को तेज बुखार आना,गर्दन में अकड़न,शरीर का सुस्त पड़ना यदि बच्चों में उक्त लक्षण पाए जाने पर अविलंब आशा कार्यकर्ता से संपर्क स्थापित कर अस्पताल में सरकारी अथवा निजी वाहन से भी भर्ती करावे, निजी वाहन का राशि अस्पताल द्वारा तुरंत भुगतान कर दिया जाएगा ।वही बचाव के बारे में बताया गया कि बच्चों को तेज धूप में नही निकलने दे,कच्चा आम,लीची नही खिलाएं।

बच्चों को रात में सोने से पहले खाना जरूर खिलाएं ।खाली पेट नही रहने दे ।देर रात तथा सुबह उठते ही बच्चों को जगाए और देखें कि बच्चा बेहोश या चमकी तो नही है ।इस दौरान चमकी की धमकी, खिलाओ,जगाओ,अस्पताल ले जाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।मौके पर जीविका सीएम में रानी कुमारी, नीलम कुमारी, माला कुमारी,यास्मीन आरा,पुनिता देवी,सबीता देवी,अंतिमा कुमारी, किरण देवी,प्रियंका कुमारी, रीता देवी समेत दर्जनों जीविका दीदी उपस्थित रहीं।

## गणेश महावीर उ मा विद्यालय में हुआ दीक्षांत सह पुरस्कार वितरण समारोह

रक्सौल। अनुमंडल के गणेश महावीर उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़वा में वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों के लिए दीक्षांत सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर सेवानिवृत्त क्षेत्रिय उपनिदेशक ब्रजेश ओझा एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बृजेश्वरम देव के द्वारा किया गया' उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रजेश ओझा, समाज सेवी ब्रजेश गुप्ता, सेवानिवृत प्राचार्य उदयभान तिवारी एवं प्रेमचंद सिंह, अनिल मिश्रा एवं पूर्व सरपंच रविकांत रोशन को बुलाया गया था ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बृजेश्वरम देव तथा मंच संचालन नव नियुक्त शिक्षिका सभ्य एवं नेहा कुमारी के द्वारा किया गया' मंच पर छात्र-छात्राओं के द्वारा भाषण, नृत्य एवं गाना इत्यादि कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।मौके पर शिक्षक आनंद प्रकाश, सीमा कुमारी, मोहम्मद इकबाल, सुकेश कुमार, मणि भूषण कुमार, उदय कुमार अशहाब आलम, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार इत्यादि विद्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदू नववर्ष 2081

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। हिंदू नव वर्ष 2081 के आगमन और चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में बड़े ही हर्ष से ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम शांति आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नव वर्ष और नवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारी ओम शांति आश्रम, वार्ड नं 22 , नागा रोड रक्सौल के प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास से कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय संचालिका ज्ञानू बहन के द्वारा किया गया, जिसमें सभी को भारत के महान पर्व और अष्ट भुजाधारी दुर्गा की शक्तियों की सीधी के महत्व को समझाते हुए ज्ञानू बहन के साथ माताओं एवं भाईयो ने शुभ संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी ने शुभ वचन सब के सामने प्रस्तुत किए, जिसमे

ज्ञानू बहन ने कहा कि नव वर्ष में भारत राष्ट्र एक नया भारत बने, जिसमे सभी के हृदय में सदभाव, नैनो में सत्यता, मुख में एक दूसरे के प्रति मिठास, कर्म में दिव्य गुण, चेहरे पर मुस्कान समाया हुआ हो, नव वर्ष सिर्फ नव वर्ष नही ,एक नया युग के आगमन का प्रतीक हैं। फिर ब्रजराज भाई जी ने कहा कि आज चैत्र नवरात्रि है और सभी बड़े ही हर्ष से शक्तियों का आह्वाहन कर रहे है और नौ दिनों तक उपवास भी रखते है, पर हमे कुविचार, किसी के अवगुण देखना, बुरा वचन कहना इन सब का भी उपवास रखना चाहिए, तभी हमारे अंदर शक्तियों का संचार होगा और हम सब देवी दुर्गा का रूप बन दुगुर्णों का नास कर सकेंगे। उसके पश्चात सभी में एक दृढ़ संकल्प लिया कि भारत को नया भारत बनाएंगे और अपने अंदर दिव्य गुण भरेंगे। इसी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित अरुण भाई साहब, चंपा माता, रेणु बहन, पूजा, मीरा माता ने भी सब को सुवचनो से लाभांवित किया।

## बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें द्वितीय मतदान पदाधिकारी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

### मतदान पदाधिकारियों को सुगमतापूर्वक मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्शों से भी कराया अवगत

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 को सम्पन्न कराने के उदेश्य से निर्वाचन में संलग्न सभी मतदान पदाधिकारियों एवं कार्मिकों को वरीय अधिकारियों की देखरेख में दक्ष प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने मंगलवार को विपिन हाईस्कूल में चल रहे प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। प्रशिक्षण स्थल पर सभी कमरों का बारी-बारी से निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को सुगमतापूर्वक मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्शों से भी अवगत कराया ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे द्वितीय मतदान पदाधिकारियों से कहा कि अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि अपने दायित्वों का निर्वहन भलीभांति करते हुए सुचारू रूप से मतदान करा सकें। उन्होंने कहा कि दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसके बावजूद भी अगर किसी के मन में किसी प्रकार की संशय की स्थिति हो तो, प्रशिक्षकों से बेहिचक प्रश्न पूछे और संशय को दूर करें। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षकों एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारियों से फीडबैक भी लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराना है। मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर वोटरों की पहचान करने तथा मतदाता सूची से मिलान करने, वोटरों की अंगुली पर अमिट स्याही लगाने आदि कार्य पूरी तरह सजग एवं सतर्क होकर करना है। किसी भी प्रकार की छोटी सी चूक नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर कुमार रविन्द्र नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग सहित विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर सुजीत कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवसंवत्सर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रक्सौल का हुआ पथ संचलन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। नवसंवत्सर के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रक्सौल के स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन किया ! आज नवसंवत्सर के अवसर पर स्वयंसेवक पूर्ण गणवेष धारण कर नगर के आर्य समाज मंदिर में एकत्रित हुए। यहां से आद्य सर संघसंचालक को प्रणाम तथा भगवाध्वज के साथ कतारबद्ध होकर पथ संचलन पर दो सौ से अधिक स्वयंसेवक नगर भ्रमण कर पुनः आर्य समाज मंदिर पहुंचे ।इसके पूर्व इस मौके पर उत्तर बिहार प्रांत संघसंचालक प्रो. राजकिशोर सिंह ने कहा कि डॉ. हेडगेवार जी ने सन् 1925 ई.राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्थापना कर हिन्दू समाज का संगठन खड़ा किया जो आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को अक्षुण्ण रख परम वैभव के शिखर पर ले जाना ही संघ का उद्देश्य है। श्री सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि चैत्र प्रतिपदा जिसे पुरी दुनिया में हिन्दू नववर्ष के रुप में मनाया जाता है, इसके साथ ही सभी तीज त्योहार भी शुरू हो जाते हैं। गौरतलब है आज की इस तिथि का विशेष महत्व है कि इसी दिन ब्रह्मा जी दो अरब वर्ष पूर्व सृष्टि की रचना की थी। धर्मराज युधिष्ठिर एवं भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक तथा विक्रम संवत, शक संवत समेत कई संवत्सरों का शुभारंभ इसी तिथि को हुआ था। इस दौरान जिला कार्यवाह दुर्गेश कुमार, जिला प्रचारक मनु शेखर, जिला व्यवस्था प्रमुख प्रकाश कुमार, नगर कार्यवाह अमरेन्द्र पाण्डेय , शारीरिक प्रमुख भरत कुमार, रजनीश प्रियदर्शी, प्रो.रामाशंकर प्रसाद, मनोज कुमार चैतन्य कुमार, रणजीत सिंह, राजकुमार गुप्ता, विकास कुमार, हेमंत वर्णवाल, रमेश कुमार पाण्डेय, ज्योतिराज गुप्ता, सरोज गिरि, अमृता शर्मा, संध्या सर्राफ, रेणु गुप्ता, प्रिया गुप्ता, संगीता मिश्रा समेत काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## इंडो नेपाल सीमा पर मानव ट्रैफिकिंग की आशंका में एसएसबी ने तीन लड़कों को हिरासत में ले पुलिस के हवाले किया

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(प.च) ।इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर एसएसबी ने मानव ट्रैफिकिंग की आशंका के तहत तीन लड़को को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है की उक्त तीनों आरोपी एक 12 वर्षीय लड़की को जबरन नेपाल ले जाने की फिराक में थे तभी गंडक बराज पर तैनात एसएसबी की नजर पड़ गई जिसके बाद तीनों को हिरासत में लेकर पूछ ताछ के बाद वाल्मीकिनगर थाना को सौंप दिया गया। बतादें, घटना दोपहर की है जब पीड़ित परिवार ने इस घटना की सूचना ईटीवी भारत के पत्रकार को दी। जिसके बाद उक्त पत्रकार ने एसएसबी 21 वीं बटालियन के कमांडेंट को इस घटना से अवगत कराया और लड़की समेत लड़कों का फोटो भेजा। इसी दौरान शाम को एसएसबी ने नेपाल सीमा में प्रवेश करते वक्त नाबालिग लड़की समेत आरोपी लडको को हिरासत में ले लिया। एसएसबी ने मानव तस्करी की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज की और अग्रेतर कार्रवाई के लिए वाल्मीकिनगर थाना के हवाले कर दिया । नाबालिग लड़की द्वारा दिए गए बयान के मुताबिक सोमवार को उसका जन्मदिन था। जिसको लेकर उसकी क्लासमेट ने सरप्राइज बर्थडे पार्टी आयोजित करने की बात कह उसे बगहा बुलाया। जहां से लड़की को वाल्मीकिनगर पर्यटन स्थली घुमाने का झांसा देकर तीनों लड़के उसे जबरन वाल्मीकिनगर लेकर आए और यहां से नेपाल सीमा में प्रवेश कर रहे थे तभी एसएसबी ने पकड़ लिया। एसएसबी 21 वीं बटालियन के कमांडेंट श्रीप्रकाश ने बताया की ईटीवी भारत के पत्रकार की सूचना पर एसएसबी के जवानों ने तत्काल एक्शन लिया और पहचान के आधार पर तीन लड़कों क्रमशः 16 वर्षीय पियूष गुप्ता और रिफत के साथ साथ 22 वर्षीय सफीउल्ला को नाबालिग लड़की के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके बाद ह्यूमन ट्रैफिकिंग रोकथाम के लिए कार्य करने वाली जनि शक्ति फाउंडेशन की लक्ष्मी खत्री के समक्ष लड़की का बयान लिया गया जिसमे लड़की ने जबरन नेपाल ले जाने की बात स्वीकार की। जिससे प्रतीत होता है की उक्त आरोपियों की नियत साफ नहीं थी और नेपाल ले जाकर लड़की के साथ किसी भी तरह की घटना को अंजाम दे सकते थे या उसकी खरीद फरोख्त कर सकते थे। नतीजतन मानव तस्करी की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कर लड़की और आरोपियों को वाल्मीकिनगर थाने को सुपुर्द कर दिया गया।

वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष विजय राय ने बताया की एसएसबी के जवानों ने देर रात तीन लड़कों समेत एक लड़की को थाना के सुपुर्द किया। जिसके बाद एसएसबी के आवेदन के आधार पर दो नाबालिगों को बाल सुधार गृह और एक आरोपी को बगहा जेल भेजा गया है। लड़की का 164 का बयान दर्ज कराने के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## सरकारी विद्यालय में दीक्षान्त समारोह आयोजित कर वार्षिक परीक्षा का परिणाम की गई घोषित

अमनौर। प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी बिद्यालयो में दीक्षांत समारोह सह अभिभावक गोष्ठी आयोजित किया गया। प्राथमिक बिद्यालय चैनपुर तरवर हाई स्कूल अमनौर हरनारायण मिडिल स्कूल नरसिंह भान पुर प्राथमिक बिद्यालय हुस्सेपुर बसौता माध्यमिक बिद्यालय रसूलपुर समेत दर्जनों बिद्यालय में कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाई गई ।इस दौरान प्राथमिक से माध्यमिक बिद्यालय के छात्र छात्राओं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम उनके परिजनों के समक्ष घोषित किया गया ।जिससे छात्र उनके अभिभावकों में काफी खुशी देखी गई ।गोष्ठी में पोषक क्षेत्र के शिक्षाविदों ने सरकारी बिद्यालय के बदलते परिवेश की चर्चा किया ।समाजसेवी व शिक्षको के हाथों टॉप टेन में आने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र मेडल देकर पुरस्कृत की गई। इधर प्रखण्ड के 80 प्रतिशत बिद्यालयो में दीक्षान्त समारोह कागजी खानापूर्ति की मार चढ़ गई। बिद्यालय में नही टेंट दिखी नही कोई कार्यक्रम सूत्रों द्वारा पता चला कि हेडमास्टर बच्चों के बीच केवल बिना मार्क्स भरे प्रगति पत्र बच्चों के हाथों थमा कर फोटो शूट कराया गया है ।मालूम हो कि शिक्षा विभाग द्वारा इस कार्यक्रम के लिए प्राथमिक बिद्यालय के लिए दस हजार,मध्य बिद्यालय के लिए 20 हजार माध्यमिक बिद्यालय के लिए 25 हजार रुपया आवंटन की गई थी ।जिससे बिद्यालय में शिक्षक समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर सके शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय समाजसेवी पंकज यादव ने इस तरह के विधालयो को चिह्नित कर अधिकारियों से करवाई की मांग किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अतीक के परिवार पर बड़ी चोट की तैयारी, ईद के बाद करोड़ों के आलीशान घर पर चलेगा बुलडोजर

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में वक्फ बोर्ड की 70 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने में माफिया अशरफ ने अपने ससुरालवालों की मदद से सारा खेल किया था। उसकी मौत के बाद पत्नी जैनब और साले जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वक्फ बोर्ड के पूर्व मुतवल्ली की मदद से करोड़ों की इमारत खड़ी करने वालों पर अब पुलिस कार्रवाई करेगी। इमारत को गिराने के लिए पुलिस ने पीडीए के साथ तैयारी कर ली है। पीडीए सल्लाहपुर स्थित वक्फ बोर्ड की जमीन हड़प कर बने मकान और दुकानों को जल्द ही जमींदोज करने वाली है। सल्लाहपुर में स्थित सुन्नी वक्फ बोर्ड की 50 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने के मामले में केयर टेकर माबूद ने पूर्व मुतवल्ली मो. असियम, उसकी पत्नी जिन्नत, अशरफ की पत्नी जैनब, उसका साला सद्दाम व जैद, सिवली प्रधान और तारिक के खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। सद्दाम जेल में बंद और बाकी आरोपी फरार हैं। इस केस की जांच में पता चला कि इसी गैंग ने शाहगंज से लेकर कौशाम्बी बॉर्डर तक वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी हड़पी है। कई जगहों पर बोर्ड की प्रॉपर्टी को लीज पर रेलवे के ठेकेदारों को दे दिया और सालाना किराया वसूल रहे हैं। इस केस की पैरवी करने पर नए मुतवल्ली को धमकी मिली। पूरामुफ्ती के अलावा शाहगंज में दो मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने जांच कर यह भी बताया कि वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी पर कब्जा करके ही अशरफ ने आलीशान मकान बनवाया था। इसी मकान में अशरफ और जैनब रहते थे। इसी के साथ वहां बने अन्य अवैध निर्माण पर भी बुलडोजर चलाने की तैयारी है।

### भाजपा में घमासान, मेयर पर भड़के संतोष गंगवार समर्थक

**बरेली, एजेंसी।** भाजपा ने बरेली से आठ बार के सांसद रहे संतोष गंगवार का टिकट इस बार काट दिया। उनकी जगह छत्रपाल गंगवार को मैदान में उतारा गया है। इस पर संतोष गंगवार समर्थक पहले से नाखुश थे। अब टिकट की कलह खुलकर सामने आ गई। सोमवार को संतोष गंगवार के समर्थकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के समाने हंगामा खड़ा कर दिया। उन्होंने भारत सेवा ट्रस्ट पर पहुंचे भूपेंद्र चौधरी की गाड़ी रोक ली। समर्थकों ने मेयर उमेश गौतम पर संतोष गंगवार के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। हालांकि भाजपा के बड़े नेताओं की दखल के बाद किसी तरह कार्यकर्ता शांत हुए। इसके बाद भूपेंद्र चौधरी अपनी गाड़ी से पीलीभीत के लिए रवाना हो सके। उनके जाने के बाद भी हंगामा चलता रहा। सांसद समर्थक भारत सेवा ट्रस्ट पर देर रात तक धरने पर बैठे रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी संतोष गंगवार के आवास भारत सेवा ट्रस्ट पर चुनाव को लेकर मीटिंग करने गए थे। उस समय भाजपा संगठन के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इसी बीच बड़ी संख्या में संतोष गंगवार के समर्थक भारत सेवा ट्रस्ट पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने भारत सेवा ट्रस्ट पर मेयर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि एक दिन पहले अर्थात रविवार को ब्राह्मण सभा की मीटिंग में मेयर उमेश गौतम ने संतोष गंगवार पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। इसकी जानकारी मिलते ही सोमवार सुबह से संतोष के समर्थकों का विरोध शुरू हो गया था। भोजीपुरा की मीटिंग में भी डीसीबी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने मंच से पूरा घटनाक्रम कार्यकर्ताओं को बताया था। मेयर पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद सुबह से शाम होते-होते विरोध खुलकर सामने आ गया। शाम को भूपेंद्र चौधरी गिले-शिकवे दूर कराने के लिए संतोष गंगवार के आवास पहुंचे थे। उसी दौरान संतोष के समर्थकों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मेयर के इस्तीफे की मांग करने लगे। आनन-फानन में भारत सेवा ट्रस्ट का गेट बंद करके कार्यकर्ताओं को बाहर रोक दिया गया। ऐसे में कार्यकर्ता गेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए। संतोष के घर के अंदर और बाहर हंगामा होता रहा। कुछ कार्यकर्ता भूपेंद्र चौधरी की गाड़ी के आगे बैठ गए। भाजपा नेताओं ने किसी तरह भूपेंद्र चौधरी को गाड़ी में बैठाकर रवाना किया। संतोष समर्थकों ने भूपेंद्र चौधरी के सामने शक्ति प्रदर्शन भी किया। संतोष गंगवार जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

# एकजुट होगा चौटाला परिवार, भाजपा से गठबंधन टूटने के बाद बदले सुर

### अजय चौटाला बोले- पापाजी कहेंगे तो...

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में भाजपा के साथ साढ़े चार साल पुराना गठबंधन टूटने के बाद जननायक जनता पार्टी (जजपा) संकट में घिर गई है। अब उसके लिए अपना वजूद बचाना बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे में जजपा नेताओं के सुर बदलने लगे हैं। लिहाजा, हरियाणा के चौटाला परिवार के एक होने की बातें शुरू हो गई हैं। जजपा सुप्रीमो अजय चौटाला ने एक बयान में कहा है कि अगर ओम प्रकाश चौटाला (पिताजी) कहेंगे तो हम एक हो सकते हैं लेकिन पहल ओम प्रकाश चौटाला को ही करनी होगी, अगर वह कल ही बुला लें तो हम कल ही तैयार हैं। हालांकि इनैलो के राष्ट्रीय महासचिव और अजय सिंह चौटाला के भाई अभय सिंह चौटाला ने कई बार यह टीस जाहिर की है कि अगर हम एक होते और बिखराव नहीं होता तो प्रदेश में हमारी सत्ता होती।

इनेलो ने कुरूक्षेत्र और हिसार को छोड़कर अभी अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। वहीं, जजपा ने एक भी सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच जंग छिड़ी नजर आती है। अब सवाल उठता है कि क्या यह परिवार एक हो सकता है। राजनीति में कुछ भी संभव है। किसी समय परिवार को एक करने के लिए बादल परिवार की तरफ से भी प्रयास हुए लेकिन बात नहीं बनी थी। इनेलो और जजपा पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल की नीतियों को लेकर ही आगे बढ़ने का दावा करती आई है, जिस तरह दुष्यंत और दि?ग्विजय की अपने चाचा अभय चौटाला के साथ जुबानी जंग चलती आ रही है, तो क्या ऐसे हालात में यह परिवार एक हो सकता है। वैसे जिस तरह जजपा को जगह-जगह विरोध का सामना करना पड़ रहा है, उस हालात में अजय सिंह चौटाला समझ गए हैं कि अकेले चलने की राह अब आसान नहीं रहेगी। इंडियन नेशनल लोकदल से बिखराब के बाद बनी जननायक जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। जजपा ने अभी लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा तक नहीं कीलेकिन जजपा प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने पार्टी को अलविदा कह दिया। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो अजय सिंह चौटाला को फोन करके मौखिक रूप से अपना इस्तीफा दे दिया। निशान सिंह के कांग्रेस में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

दिसंबर 2018 में जजपा बनने के साथ ही उन्हें प्रदेशाध्यक्ष की कमान सौंपी गई थी। 2021 और 2023 में जजपा के पूरे संगठन में फेरबदल हुआ, लेकिन निशान सिंह को हर बार प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। जजपा के भी करीब पांच वर्षों तक प्रदेशाध्यक्ष बने रहे। पार्टी से अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए उन्होंने बताया कि भविष्य को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हलके के लोगों और पुराने साथियों के साथ विचार-विमर्श करके जल्द ही राजनीतिक फैसला लिया जाएगा। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। निशान सिंह ने कहा, प्यार, दोस्ती और राजनीतिक पार्टियों में कई बार रिश्तों में दरारें आ जाती हैं। मैंने पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ पार्टी के साथ काम किया। कभी कोई शिकायत का मौका नहीं दिया। कई बार हालात ऐसे होते हैं और हालात की वजह से ही ऐसे कदम भी उठाने पड़ते हैं। मैं इसके लिए किसी को दोष नहीं दूंगा। इस मामले में विस्तृत बातचीत अपना राजनीतिक फैसला करने के बाद ही करूंगा।

# सीमा के चेहरे पर जख्म के निशान, 11 महीने में ही खत्म हुआ सचिन का प्यार

**नईदिल्ली , एजेंसी।** पाकिस्तान से चार बच्चों को लेकर नेपाल के रास्ते भारत आने के बाद सुर्खियों में आई सीमा हैदर एक बार फिर से चर्चाओं में है। अब सीमा का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह चोटिल दिखाई दे रही है। वीडियो को देखने के बाद दावा किया जा रहा है कि सचिन ने सीमा के साथ मारपीट की है। वीडियो में हैदर अपने चेहरे और हाथ में चोट के निशान दिखा रही है। वीडियो को सचिन और सीमा के बीच मारपीट के नाम से वायरल किया जा रहा है। हालांकि, पुलिस ने वायरल वीडियो को फेक (फर्जी) बताया है।

सोमवार को सीमा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सीमा का मुंह सूजा हुआ है। आंख के नीचे और चेहरे के कई हिस्सों में चोट के निशान भी दिख रहे हैं। सीमा के वकील एपी सिंह का कहना है कि यह वीडियो पाकिस्तान के एक यूट्यूबर ने एडिट करके फर्जी बनाया है। अधिवक्ता एपी सिंह ने पाकिस्तानी यूट्यूबर पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीमा का

फेक वीडियो बना कर वायरल किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान में एआई के जरिये सीमा हैदर का वीडियो बना कर वायरल किया गया है।

सीमा के वकील और उनके मुंह बोले भाई ने कहा कि सीमा हैदर और सचिन आराम से रह रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद पुलिस हरकत में आ गई और सीमा हैदर के घर पहुंची। जहां सीमा ने बताया कि उसकी कोई चोट नहीं लगी है। पुलिस का दावा है कि सीमा से बातचीत में स्पष्ट हुआ है कि उसके साथ कोई मारपीट नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो फेक है। दरअसल, 13 मई 2023 को सीमा हैदर नेपाल बॉर्डर के रास्ते से रबूपुरा पहुंची थी। करीब डेढ़ महीने वहां सचिन मीणा के साथ रहने के बाद 1 जुलाई 2023 की सुबह सीमा और सचिन रबूपुरा से भागकर मथुरा पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हालांकि, बाद में उनको जमानत पर छोड़ दिया गया था। तभी से वह सचिन के साथ उसके घर रबूपुरा कस्बे में रह रही है। सीमा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।

# रात के अंधेरे में दिल्ली मेट्रो ट्रेनों पर रहस्यमय चित्रकारी, 2 एफआईआर हुईं दर्ज; दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल करेगी जांच

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो के यमुना बैंक और शाहदरा मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी ट्रेन के डिब्बों पर कथित रहस्यमय चित्रकारी करने के संबंध में दिल्ली पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। दोनों घटनाएं रात समय की हैं, जहां आरोपी चोरी छुपे स्टेशन में दाखिल हुए थे। अधिकारियों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी। जॉइंट पुलिस कमिश्नर (ट्रांसपोर्ट) विजय सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस घटनाओं की जांच कर रही है। दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा की देखभाल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और दिल्ली पुलिस द्वारा की जाती है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले केरल और गुजरात से भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं। वहां विदेशी नागरिकों सहित भित्तिचित्र कलाकारों का एक ग्रुप मौज-मस्ती के लिए इस तरह की हरकतें करने में शामिल पाया गया था। पहला मामला यमुना बैंक मेट्रो यार्ड में सामने आया था, जहां देर रात कोई दीवार फांदकर अंदर घुस गया। इसके बाद उस व्यक्ति ने यार्ड में खड़े कोचों में से एक के एक हिस्से को पेंट कर दिया। कर्मचारियों को 31 मार्च को इसके बारे में पता चला। एक पुलिस

अधिकारी ने कहा, ''एक डिब्बे को कई रंगों के स्प्रे से रंगा गया था और कोच पर 'डेमो' और 'एएए' जैसे शब्द लिखे पाए गए। मामले की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई और मामला दर्ज किया गया।'' दूसरी घटना शाहदरा मेट्रो स्टेशन के पास 4 अप्रैल की रात की है। अधिकारी ने कहा कि अपराधी स्टेशन के पास खड़ी ट्रेन तक पहुंचने के लिए एक पेड़ पर चढ़कर अंदर दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि बोगी पर 'नो प्रॉब्लम' लिखा मिला। पुलिस ने कहा कि घटनाओं के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 451 और डीएमआरसी की धारा 78 और संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस मेट्रो ट्रेन के डिब्बों पर लिखे संदेश को समझने की कोशिश कर रही है और अपराधियों की पहचान करने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को स्कैन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल को भी घटनाओं के बारे में सूचित कर दिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यह कोई अकेली घटना नहीं है, इससे पहले गुजरात और केरल में भी इस तरह के मामले सामने आए थे। मई 2022 में कुछ अज्ञात व्यक्ति कोच्चि में मेट्रो यार्ड में कांटेदार बाड़ तोड़कर घुस गए।

## चीन और अमेरिका में फिर तनातनी, ड्रैगन ने चीनी छात्रों को जबरन बाहर निकालने का लगाया आरोप

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने अमेरिका पर उसके छात्रों को जबरन देश से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। बीजिंग की ओर से सोमवार को कहा गया कि यूएस बिना किसी वैध सबूत के चीनी छात्रों को जबरन निर्वासित कर रहा है। इसके साथ ही चीन ने अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए अहम कदम उठाने की चेतावनी दी। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने राजधानी बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। साथ ही बिना वैध सबूत के मनमाने ढंग से चीनी छात्रों के वीजा रद्द कर दिए। अमेरिका में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया और जबरन निर्वासित कर दिया। माओ जिंग से पूछा गया कि खबरें सामने आई थीं कि वाशिंगटन डलेस हवाई अड्डे और डलास एयरपोर्ट पर अमेरिकी सीमा में प्रवेश करने पर चीन के छात्रों से पूछताछ की गई और उन्हें जबरन निर्वासित कर दिया था। इस पर माओ ने कहा कि अमेरिका के इस कदम से दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी मेल-जोल को भारी नुकसान पहुंचा है। माओ ने कहा, 'हाल के मामलों से पता चलता है कि अमेरिक के कानून प्रवर्तन के कर्मचारी चीनी नागरिकों को निर्वासित करने के लिए बेवजह के तर्क दे रहे हैं। साफ तौर पर यह भेदभावपूर्ण और राजनीति से प्रेरित कदम है।' चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि चीन अपने नागरिकों के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए अहम कदम उठाएगा। अमेरिका को तुरंत इस तरह का उत्पीड़न बंद करना चाहिए। वहीं, अमेरिका में चीन के राजदूत शी फेंग का भी इस मामले पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों से स ाने वाले चीनियों को अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे छात्रों के पास वैध वीजा था।

# इजरायल की जीत का रास्ता राफा से निकलेगा, नेतन्याहू ने तय कर दी हमले की तारीख

**येरूशलम, एजेंसी।** दक्षिण गाजा शहर से अपनी सेना को वापस बुलाने और ईद पर कुछ दिन के अमन-चैन की खबरों के बीच इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया को फिर चौंका दिया है। नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा कि इजरायल की जीत के लिए गाजा ही नहीं राफा पर भी हमला जरूरी है। गाजा शहर को मरघट बना चुके नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ अगले चरण की जंग का ऐलान करते हुए हमले की तारीख की घोषणा कर दी है। नेतन्याहू की घोषणा के बाद अमेरिका भी चौंक गया है। उसने साफ इनकार किया कि इजरायल ने उससे इस संबंध में कोई सलाह मशवरा लिया है। अमेरिका ने राफा पर हमलो को लेकर किसी भी तरह की जानकारी से इनकार किया है।

एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि राफा शहर पर हमले की तारीख तय कर दी गई है। इजरायल का कहना है कि यह गाजा में हमास के आखिरी गढ़ों में से एक है। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि आक्रमण कब होगा? वीडियो संदेश में दोहराया कि हमास पर जीत के लिए राफा में भी आतंकवादी बटालियनों का सफाया आवश्यक है। यह होगा

और इसकी तारीख तय कर दी गई है।

प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास बटालियनों को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए राफा में आईडीएफ ऑपरेशन की तारीख तय की है। हालांकि दूसरी तरफ संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस तरह के कदम पर अपना विरोध दोहराया है। उसने आशंका जताई कि इससे मानवीय आपदा पैदा होगी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने संवाददाताओं से कहा कि हमने लगातार स्पष्ट किया है कि हम राफा में किसी बड़े जमीनी ऑपरेशन का समर्थन नहीं करते हैं। किर्बी ने कहा, मैं यह भी जोड़ना चाहूंगा कि हमें ऐसा कोई संकेत नहीं दिखा कि इजरायल इतने बड़े जमीनी ऑपरेशन की प्लानिंग कर रहा था।

किर्बी ने कहा, इजरायलियों ने हमें आश्वासन दिया है कि राफा में और उसके आसपास तब तक कोई ऑपरेशन नहीं होगा जब तक हमें लोगों के लिए वैकल्पिक स्थान नहीं मिल जाता या फिर हम उन्हें वहां से विस्थापित नहीं कर देते। संयुक्त राज्य अमेरिका को चिंता है कि राफ़ा ऑपरेशन इजरायल के लिए ठीक नहीं है।

क्योंकि 1.3 मिलियन से अधिक फ़िलिस्तीनी गाजा शहर से भागकर राफा में शरण लिए हुए है।

## अमेरिकी अदालत से पूर्व राष्ट्रपति को बड़ा झटका, मुकदमे की सुनवाई की जगह बदलने की अपील खारिज

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल आम चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को ट्रंप को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अदालत ने ट्रंप की एक याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि गुप्त धन मामले की सुनवाई की जगह बदली जाए। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के वकीलों ने सोमवार (अमेरिकी समयानुसार) को अदालत से मुकदमे को स्थगित करने का आग्रह किया था, लेकिन जस्टिस लिजबेथ गोंजालेज ने उनकी अपील खारिज कर दी। ट्रंप के वकीलों का कहना था कि वह इस बात पर विचार करना चाहते हैं कि मुकदमे की सुनवाई दूसरी जगह कराई जाए या नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि ट्रंप को न्यूयॉर्क में निष्पक्ष जूरी नहीं मिल सकती है। एसोसिएट जस्टिस लिजबेथ गोंजालेज ने सोमवार को ट्रंप की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मुकदमे की सुनवाई रोकने का कोई कारण नहीं है। जस्टिस लिजबेथ ने अपील खारिज कर कहा कि सुनवाई की जगह को बदलने के प्रस्ताव और तर्क में दम नहीं है।

# हमास के हमले में बचे इस्राइली शख्स ने जताया भारत का आभार

### कहा- दोनों देश सच्चे दोस्त

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से युद्ध जारी है। इसे रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच, सात अक्तूबर के हमले में जिंदा बचे मोरान नाम के शख्स ने भारत और उसके लोगों की तारीफ की है। दरअसल, उसने चुनौतीपूर्ण समय में भारत द्वारा समर्थन दिए जाने के लिए सराहना की है।

भारत इस्राइल का सच्चा दोस्त

मोरन ने कहा, सात अक्तूबर से पहले और उसके बाद भी मैं भारतीय समर्थन को लगातार देख रहा हूं। इस समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरे

मीडिया को धन्यवाद। हम जानते हैं कि भारत इस्राइल का सच्चा दोस्त है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह सिर्फ भारत सरकार नहीं है। भारत के लोगों का भी धन्यवाद, जो हमेशा से हमारे अच्छे दोस्त रहे हैं और बने रहेंगे।

हमारी आवाज हर जगह नहीं हो सकती

इस्राइल का वैश्विक स्तर पर पक्ष रखने में भारत की मुख्य भूमिका को स्वीकारते हुए मोरान ने कहा कि हमारी आवाज हर जगह नहीं हो सकती। हम जानते हैं कि भारतीय लोग हमारी जरूरत की हर चीज का ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने भारत के अटूट समर्थन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकार के साथ लोगों का भी बहुत-बहुत धन्यवाद।

### आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रहा भारत

भारत में इस्राइल के राजदूत नाओर गिलोन का कहना है कि भारत काफी पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रहा है। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर को हमास द्वारा हमला किए जाने के बाद से इस्राइल भारत सरकार के समर्थन की सराहना करता रहा है। इससे कुछ महीने पहले भी गिलोन ने कहा था कि हमास से संघर्ष के बीच इस्राइल को भारतीय लोगों से अविश्वसनीय समर्थन मिला है।

### सात अक्तूबर को हमास ने किया था हमला

बता दें, इस्राइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इस्राइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है। इस्राइल ने गाजा में जमीन, हवाई, समुद्र समेत

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129